

■ अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह - 12




■ एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां - 12



■ भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर - 13



■ भारतीय महिला टीम ने टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया - 14


आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.44
सूर्यास्त 06.02

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 05:34 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

सोमवार, 16 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 177, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये




पाकिस्तानी खिलाड़ी को आउट करने के बाद जश्न मनाते हार्दिक पंड्या और ईशान किशन। • एजेंसी

# लंका में बजा भारत का डंका

## टी-20 विश्वकप के लीग मैच में पाकिस्तान को 61 रनों से रौंदा, सुपर 8 में भारत

- ईशान की आतिशबाजी पारी, पाकिस्तान पर पड़ी भारी
- विश्व कप में पड़ोसी देश पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

कोलंबो, एजेंसी

| भारत | पाकिस्तान |
|---|---|
| 176/7 | 114/10 |

भारत ने टी-20 विश्वकप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इशान किशन (77), सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप 27वें मुकाबले में 12 गेंदें शेष रहते पाकिस्तान 61 रनों से रौंद कर सुपर आठ में जगह बना ली।

भारत ने इस जीत के साथ विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को भारत की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की पेस जोड़ी ने झकझोर दिया। हार्दिक ने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सैम अयूब (छह) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान आगा सलमान (चार) का शिकार कर लिया। पांचवें ओवर में अक्षर पटेल ने बाबर आजम (पांच) को चलता कर दिया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पार हार्दिक पंड्या ने उस्मान (शून्य) को बोल्ड कर 114 के स्कोर पर पाकिस्तान को समेट दिया।




### पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

**कोलंबो :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने यहां टी20 विश्व कप मैच के टॉस के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और और पिछले साल दुबई में एशिया कप के बाद से चली आ रही नीति पर कायम रहे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया हाथ नहीं मिलाने की नीति जारी रहेगी। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच भी हाथ नहीं मिलाया जाएगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### डोडा में हिमस्खलन भद्रवाह-पठानकोट सड़क अवरुद्ध

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को हिमस्खलन के कारण भद्रवाह-पठानकोट अंतरराज्यीय सड़क अवरुद्ध हो गई, जिसके कारण कई वाहन फंस गये। भद्रवाह के पुलिस अधीक्षक विनोद शर्मा ने बताया कि हिमस्खलन भद्रवाह कस्बे से लगभग 18 किलोमीटर दूर थंथेरा और गुलदांडा के बीच शाम लगभग पांच बजे हुआ। गुलदांडा जम्मू क्षेत्र का एक प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल है और हिमस्खलन होने के समय पर्यटकों को ले जा रहे 250 से अधिक वाहन उस क्षेत्र से गुजर रहे थे।

### सरसंघचालक मोहन भागवत का लखनऊ दौरा 17-18 को

**लखनऊ।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 और 18 फरवरी को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संगठन के विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे और कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद करेंगे। प्रवास के दौरान डॉ. मोहन भागवत कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें संघ परिवार से जुड़े स्वयंसेवकों एवं उनके परिवारों के साथ संवाद करेंगे। इसके अतिरिक्त वे सामाजिक सद्भाव बैठक में भी शामिल होंगे, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ समरसता और सामाजिक एकता पर चर्चा होगी।

# रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला : मोदी

## विशेष साक्षात्कार में प्रधानमंत्री बोले- मौजूदा हालात के हिसाब से रक्षा क्षेत्र को बनाएंगे आधुनिक

- रक्षा बलों को मजबूत करने के लिए सरकार को जो भी करना होगा, करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि रक्षा सुधारों के एक दशक के लाभ 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष साक्षात्कार में कही। साथ ही कहा कि विश्व में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे देश के रूप में, भारत का यह कर्तव्य है कि वह वर्तमान वास्तविकताओं के अनुरूप अपने रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करे।

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित 7.85 लाख करोड़ रुपये का हवाला देते हुए कहा कि यह आवंटन पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है और किसी भी मंत्रालय या विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सरकार का रुख स्पष्ट रहा है कि वह देश के रक्षा बलों का समर्थन करने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को भारतीय नवाचार और उद्योग के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों से लैस होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी दुनिया को नया आकार दे रही है और राजग सरकार पिछले 11 वर्षों से इस क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर काम कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए साहस पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। उन्होंने लिखित साक्षात्कार में कहा, ऑपरेशन के दौरान, पिछले दशक में हमने जो सुधार किए हैं, उनके लाभ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। इसलिए, रक्षा बजट, आधुनिकीकरण आदि, ये सभी हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से हैं और इन्हें किसी विशेष मुद्दे से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री से पूछा गया कि क्या रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक बजटीय आवंटन 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिली सीख का हिस्सा है, और क्या यह भारत के पड़ोसियों, जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है, पर निरंतर अविश्वास का संकेत भी देता है।



### मोदी बोले- बजट अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कहा कि इस साल का बजट मजबूरी के कारण पैदा हुआ अभी नहीं तो कभी नहीं वाला पल नहीं था, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा हम तैयार हैं वाला क्षण था। यह बजट एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की प्रबल इच्छा को रेखांकित करता है। उनकी सरकार का कोई भी बजट सामान्य बही खाता दस्तावेज तैयार करने की मानसिकता से नहीं बनाया गया, क्योंकि यह हमारा दृष्टिकोण नहीं है। हमारे पास एक युवा और कुशल आबादी है, और हम कम मुद्रास्फीति और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ मजबूत विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे युवा अंतरिक्ष, खेल और स्टार्टअप जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। यह बजट 2014 से अब तक हासिल की गई उपलब्धियों को मजबूती प्रदान करता है और उनकी बुनियाद पर अगले 25 वर्षों के लिए गति मुहैया कराता है। जैसे ह 1920 के दशक में लिए गए फैसलों और पहलों ने 1947 में आजादी की नींव रखी, उसी प्रकार अब हम जो निर्णय ले रहे हैं, वे 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल हो।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी और सरकार द्वारा उठाए गए कदम उन्हें सशक्त बनाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में यह गर्व का विषय रहा है कि भारतीय महिलाएं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा, चाहे अंतरिक्ष हो या स्टार्टअप, वे बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का कल्याण उनकी सरकार के हर फैसले का मार्गदर्शन करता है और प्रत्येक जिले में बालिकाओं के लिए 'स्टेम' (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) छात्रावास स्थापित करने की नयी पहल से महिलाओं में शिक्षा और नवाचार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

# महाशिवरात्रि पर संगम स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु



गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक करते सीएम योगी।

- माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व पर 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी
- मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर और शासन ने लखनऊ कंट्रोल रूम से रखी पल-पल की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व के साथ ही प्रयागराज में आयोजित माघ मेला-2026 का भव्य समापन हो गया। रविवार को 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। हर-हर, बम-बम के साथ गंगा-यमुना-सरस्वती के जयकारे सुबह से शाम तक गूंजते रहे।

इस दौरान शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित कंट्रोल रूम से पूरे आयोजन की निगरानी की, जबकि शासन स्तर पर लखनऊ कंट्रोल रूम से अधिकारियों द्वारा लगातार अपडेट लिया जाता रहा। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन में किसी भी स्तर पर चूक न हो। 44 दिनों तक चले माघ मेले में प्रशासन ने 'दिव्य, भव्य, सुगम और सुरक्षित' आयोजन का जो संकल्प लिया था, वह अंतिम स्नान पर्व तक सफलतापूर्वक पूरा होता दिखा।

### माघ मेले में बना कीर्तिमान

माघ मेला-2026 ने आस्था और सनातन परंपरा का नया कीर्तिमान स्थापित किया। 44 दिनों तक चले इस महाआयोजन में 22 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। कल्पवासियों, संत-महात्माओं, नागा साधुओं और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने मेले को वैश्विक पहचान दिलाई।

### धार्मिक स्थलों पर उमड़े भक्त

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयागराज के साथ-साथ वाराणसी, अयोध्या, मथुरा सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजते रहे।

# कल शपथ लेंगे तारिक रहमान, ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के लिए तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पता चला है कि बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ढाका में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया था।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भारत सरकार की ओर से तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रहमान की अगुवाई में बीएनपी को बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत मिली है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस महत्वपूर्ण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी मित्रता को दर्शाता।



- बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजा आमंत्रण

# सफेदपोश आतंकियों ने बनाया था 'अंसार इंटेरिम' संगठन

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

**दिल्ली विस्फोट**

- गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे

जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा हाल ही में सफेदपोश आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश किए जाने के बाद संकेत मिला है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए चिकित्सक 2016 से ही कट्टरपंथी बन चुके थे और उन्होंने आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 'अंसार इंटेरिम' नामक एक नया आतंकवादी संगठन बनाया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच अब एनआईए कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि 10 नवंबर को लाल किले के बाहर धमाके में इस्तेमाल की गई विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाला डॉ. उमर-उन-नबी वर्ष 2016 और 2018 में आतंकी संगठनों में शामिल होने की कोशिश कर चुका था।

# भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के मामले में संभल की पूरी एसओजी टीम निलंबित

- एसपी ने एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व पांच सिपाही को किया निलंबित

**संभल।** भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की गंभीर शिकायतें सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने संभल की पूरी एसओजी टीम को निलंबित कर दिया है। जिन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है उनमें एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व पांच सिपाही शामिल हैं।

एसपी को एसओजी टीम से जुड़ी दो गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पहली शिकायत के अनुसार 2 फरवरी की रात एसओजी टीम ने ई-कचरा ले जा रहे मुरादाबाद के बिलारी कस्बा निवासी आस मोहम्मद को पकड़ा था। उसे चौधरी सराय पुलिस चौकी लाया गया, जहां कथित तौर पर उससे रुपये लेकर छोड़ दिया गया। उसके पास से बरामद ई-कचरा भी एसओजी टीम ने अपने पास रख लिया। दूसरी शिकायत में बताया गया कि एसओजी टीम को एक युवक और युवती का कथित अश्लील वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया था। इसके आधार पर टीम ने दो युवकों को हिरासत में लिया। कोई कार्रवाई किए बिना रिश्वत लेकर छोड़ दिया गया। दोनों मामलों की जांच पुलिस अधीक्षक स्तर से कराई गई, जिसमें आरोपों में प्रथम दृष्टया सत्यता पाई गई। इसके बाद एसपी ने एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल अरशद और कुलवंत सिंह तथा सिपाही अजनबी, विवेक कुमार, बृजेश तोमर, आयुष और हीरेश ठेनुआ को निलंबित कर दिया। एसओजी की नई टीम के गठन की प्रक्रिया को शुरु कर दिया गया है।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा




### 22 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदारनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट इस चारधाम यात्रा वर्ष में 22 अप्रैल को वृष लग्न में प्रात: 8 बजे दर्शनार्थ खोले जाएंगे। बता दें कि इस यात्रा वर्ष 23 अप्रैल को भगवान बदरीनाथ धाम के कपाट ब्रहममुहूर्त में सुबह 6:15 बजे खोले जाएंगे। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर खुलेंगे। रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर केदारनाथ रावल रावल भीमाशंकर लिंग, धर्माचार्यों, वेदपाठियों एवं पंचगाई हकहकूकधारियों की मौजूदगी में परंपरानुसार शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के पश्चात कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित हुई।

**प्रौद्योगिकी**

प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एआई समिट का उद्घाटन, एक्सपो में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के होंगे मंडप

# इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो आज से, जुटेंगे दिग्गज देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के साथ किया जाएगा। यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का एक राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी। समिट में दुनिया भर से दिग्गज जुटेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को शाम पांच बजे भारत मंडपम में एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में आयोजित होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के मंडप भी होंगे। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन होंगे जिन्हें तीन मुख्य विषयों - लोग, ग्रह और उन्नति - के आधार पर तैयार किया गया है। इसके अलावा एक्सपो में 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप शामिल होंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और जनसंख्या-स्तरीय समाधान कर रहे हैं।

ये स्टार्टअप ऐसे उपयुक्त समाधानों का प्रदर्शन करेंगे, जो पहले से ही वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 25 लाख से अधिक आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है।




### 500 से अधिक सत्रों में 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता होंगे शामिल

इसमें 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 3,250 से अधिक दूरदर्शी वक्ता और परिचर्चा सदस्य शामिल होंगे। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार करना और यह सुनिश्चित करने के लिए भविष्य की कार्रवाइयों पर विचार-विमर्श करना होगा कि एआई से प्रत्येक वैश्विक नागरिक को लाभ मिले।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### मोहन भागवत कल से लखनऊ प्रवास पर



अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के प्रवास के क्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 17 व 18 फरवरी को लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान वे कुटुम्ब मिलन, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के साथ संवाद और प्रमुख जन गोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

### एनएचएम को मिले 30 करोड़ रुपये

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में प्रावधानित 1672 करोड़ 69 लाख रुपये बजट में से मिले काईड एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर मेंटीनेंस के लिए 30 करोड़ 39 लाख 61 हजार रुपये जारी किए गए हैं। बजट से विभिन्न योजनाओं को लेकर अस्पतालों में निर्मित भवन एवं अन्य संसाधन एकत्र किए जाएंगे। इतना ही नहीं, कई योजनाओं में वेतन का इंतजार कर रहे संविदा कर्मियों को वेतन मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं।

### आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 प्रतिशत तैयार

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। फिरोजाबाद के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आगंतुकों को इतिहास का जीवंत अनुभव कराएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह म्यूजियम ब्रज क्षेत्र को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संग्रहालय में आर्य समाज की स्थापना, संस्थापक व स्थानीय नेताओं का योगदान, स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका, सिद्धांत, विचारधारा, योग की प्रासंगिकता और वर्तमान समय में उसकी आवश्यकता जैसे विषयों पर अलग-अलग जोन विकसित किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि संग्रहालय "वेदों की ओर लौटो" के संदेश को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करेगा और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### साथी पोर्टल के दूसरे चरण की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश सरकार ने बीज व्यवसाय में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। द्वितीय चरण में 'साथी (सीड ऑथेंटिकेशन, ट्रेसेबिलिटी एंड होलिस्टिक इन्वेंटरी) पोर्टल' के क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 एवं 14 फरवरी को संपन्न हुआ है। कृषि निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार के तकनीकी विशेषज्ञों तथा एनआईसी के अधिकारियों ने पोर्टल की तकनीकी बारीकियों और संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीज उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग प्रणाली, ऑनलाइन पंजीकरण, स्टॉक प्रबंधन और सत्यापन प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में पोर्टल के सफल क्रियान्वयन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि इससे बीज गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# जनता दर्शन के बाद महादेव के दरबार में लगाई हाजिरी

## महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी मुख्यमंत्री योगी ने जारी रखा जनसेवा अनुष्ठान, सुनी लोगों की शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- चिंता मत करें, हर समस्या का होगा समाधान सबकी होगी भरपूर मदद : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी उन्होंने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि 'चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। इस दौरान मंदिर परिसर में योगी ने बच्चों पर प्यार लुटाया, अन्नप्राशन भी कराया।

### प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख और समृद्धि

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचे। यहां मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंचामृत स्नान कराया। इसके बाद विधिवत रुद्राभिषेक किया गया।



महाशिवरात्रि पर्व पर गोरखपुर स्थित मानसरोवर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### एमआर टीकाकरण अभियान आज से

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के 45 जिलों में सोमवार 16 से 27 फरवरी तक विशेष खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त डोज दी जाएगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि अभियान के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। एसीएस अमित कुमार घोष ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को विद्यालय में उपस्थित कराकर एमआर वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि खसरा एवं रूबेला जैसे संक्रामक रोगों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. एच.डी.अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत लगभग 97 लाख बच्चों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# अमित यादव की गिरफ्तारी से गरमाएगा बजट सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा को मिला लगातार हमलावर सपा नेताओं पर पलटवार का मौका
- नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी में शामिल है पूर्व सपा नेता

**अमृत विचार:** करोड़ों रुपये के नशीले कफ सिरप फेंसेडिल के अवैध व्यापार और तस्करी के मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व सपा नेता अमित यादव की गिरफ्तारी से सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा को पलटवार करने का मौका मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले शीतकालीन सत्र में हंगामा कर रहे सपा विधायकों को चेतावनी देते हुए कहा था कि इस रैकेट में जब सपा के लोग पकड़े जाएंगे और बुल्डोजर चलेगा तो हायतौबा मत करना।

कोडीन कफ सिरप में वाराणसी एसडीएफ ने शनिवार को जिसकी गिरफ्तारी की है, वह अमित कुमार यादव समाजवादी पार्टी युवजन सभा का पूर्व प्रदेश सचिव और हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है। वाराणसी निवासी अमित की गिरफ्तारी वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंग रोड काशीधाम के पास से हुई है। एसटीएफ के अनुसार, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल का करीबी रहा है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने करोड़ों रुपये की लगभग एक लाख बोतल फेन्सेडिल कफ सिरप को फर्जी कागजातों के जरिए नशा करने वालों और तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचा था। नशीली दवाओं को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक तस्करी करने वाले गिरोह का बड़ा आरोपी अमित यादव के पास से 1 आईफोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड और नगदी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही वाराणसी और लखनऊ में हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड आलोक सिंह (आलोक सिपाही) बताया जा रहा है, जिसे बर्खास्त किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि शुभम जायसवाल, अमित यादव और मिलिंद यादव व्यापारिक साझेदार हैं और फर्जी फर्मों के जरिए नशे का कारोबार करते थे। दिलचस्प यह है कि बजट सत्र के पहले दिन ही सपा विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के भीतर और बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए इसी रैकेट को लेकर आरोप लगाए थे। वे मास्टरमाइंड आलोक सिंह और उसे संरक्षण देने वालों को बचाने का आरोप लगाते रहे। अब अमित यादव की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और सहयोगी दलों के मंत्री-विधायक पलटवार करने से पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऐसे में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुख क्या रहता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# सपा से विधायक बनने की तैयारी में था अमित

## फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी गिरोह का एक और सदस्य वाराणसी में दबोचा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनकर गनर के साथ घूमता था सपा सरकार में

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले में शनिवार को वाराणसी में बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को सपा नेता व कैंट विधानसभा की तैयारी कर रहे अमित यादव को गिरफ्तार कर लिया। अमित समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव था। वह सपा सरकार में सरकारी गनर लेकर घूमता था। वर्तमान में वह कैंट विधानसभा से सपा के टिकट का प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव और कफ सिरप तस्करी गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल का करीब डेढ़ दशक पुराना रिश्ता है। दोनों ही हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के छात्रनेता रहे।

एसटीएफ ने वाराणसी के मैदागिन बड़ा गणेश के नवापुरा निवासी अमित यादव की कुंडली खंगाली। तो सामने आया कि अमित यादव 2012 में हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज का छात्रसंघ अध्यक्ष चुना गया था। समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव बनाया गया था। इस दौरान 2016 में समाजवादी पार्टी ने अमित यादव को सपा सरकार ने उसे गनर भी मुहैया कराया था। वह सपा के टिकट पर 2027 में कैंट से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा है। एसटीएफ के अनुसार अमित यादव को कफ सिरप तस्करी गिरोह से शुभम जायसवाल ने जोड़ा था।

### सीएम ने लिया था सदन में अमित का नाम

कोडीन युक्त कफ सिरप के खुलासे के दौरान विपक्ष द्वारा घेरे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिसंबर में सपा नेता अमित यादव का सदन में नाम लिया था। अखिलेश यादव के साथ उसकी फोटो भी साझा की थी। इसके बाद से ही अमित की गिरफ्तारी तय मानी जा रही थी। दो माह से एसटीएफ लखनऊ इकाई की टीम अमित यादव के करीबियों को रडार पर ली थी। अमित सिंह टाटा और आलोक सिंह एसटीएफ, विभोर राणा, विशाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद से ही अमित यादव का नाम आया था। वाराणसी में अमित यादव अधिवक्ता भी है।

### तीन वर्ष में बना करोड़ों का मालिक



आरोपी अमित यादव

एसटीएफ की जांच में सामने आया कि पिछले तीन वर्ष में अमित यादव की आर्थिक स्थिति में काफी तेजी से उछाल आया। घर के पास ही हरिश्चंद्र प्राथमिक विद्यालय के पीछे बहुमंजिला होटल का निर्माण कराया। तीन लग्जरी गाड़ियों के काफिले से चलने लगा। पिछले तीन वर्ष की ट्रैवेल हिस्ट्री निकाली गई तो सामने आया कि वह अक्सर सोनभद्र और झारखंड में रहा है। सप्तसागर दवा मंडी के कुछ युवा दवा कारोबारियों के संपर्क में रहने वाले अमित यादव ने शहर के अंदर दो से तीन कीमती प्रॉपर्टी भी बनाई है। एसटीएफ के अलावा ईडी भी अमित यादव और उसके रिश्तेदारों, करीबियों के बैंक विवरण और संपत्तियों की जांच कर रही है। इसके अलावा अमित यादव ने हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के पास भी एक होटल साझेदारी में तय कर रखी है। जमीन और होटल व्यवसाय में अमित यादव ने अच्छा निवेश किया है।

### तस्करों को ऊंचे दामों पर बेच रहे थे सिरप

आरोपी अमित ने शुभम जायसवाल के कहने पर अपनी फर्म 'जीएल सर्जिकल' (सप्तसागर दवा मंडी, वाराणसी) के नाम पर लगभग एक लाख बोतल कफ सिरप खरीदी। इन बोतलों को कागजों पर अन्य फर्मों को फर्जी बिक्री दिखाया गया, जबकि असल में इन्हें तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये का लाभ कमाया गया। शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद की 'शैली ट्रेडर्स' नामक फर्म के जरिए अमित यादव रांची और वाराणसी में एबॉट कंपनी के कफ सिरप का बड़ा कारोबार संचालित करता था।

# नसीमुद्दीन के आने से पीडीए मजबूत : अखिलेश

## मिशन-27 की तैयारी में जुटी सपा की मुस्लिम चेहरे की तलाश हुई पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत कई मुस्लिम नेता सपा में शामिल

**अमृत विचार:** बसपा सरकार में मंत्री रहे कद्दावर नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य दलों के कई नेताओं ने रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बसपा से जुड़े रहे अनीस अहमद उर्फ फूल बाबू, डॉ. दानिश खान, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। इन नेताओं के आने से सपा ने मिशन-27 के तहत बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को सदस्यता कार्यक्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि ये सभी ज्वाइनिंग पीडीए को और सशक्त बनाएंगी। होली मिलन से पहले पीडीए का विशेष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सपा प्रमुख ने कहा कि जो भी पीड़ित और दुखी है, पीडीए उसके साथ खड़ा है।

**शामिल होने वाले नेता :** शामिल होने वाले अन्य नेताओं में दीना नाथ कुशवाहा पूर्व विधायक देवरिया, राजकुमार पाल पूर्व विधायक प्रतापगढ़ सदर, डॉ. दानिश खान एआईएमआईएम कन्नौज पूर्व प्रत्याशी, पूर्व सदस्य विधान परिषद हुस्ना सिद्दीकी, पूनम पाल एवं पहली ड्रोन पायलट इटावा की रंजना पाल प्रमुख रहीं। साथ ही नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ शिव शंकर भुर्जी, शंभू प्रजापति, मो. अयाज आब्दी, चमन लाल पूर्व वामसेफ प्रभारी, राधेलाल रावत, राम जियावन, मौलाना जमीर कासमी, अफजल सिद्दीकी, शाहिद शेख, महोबा के भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य आनंद द्विवेदी, तौकीर आदि तमाम नेता भी सपा में शामिल हो गए।

**2027 पर फोकस :** सपा की इस रणनीतिक ज्वाइनिंग को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सपा सामाजिक समीकरण साधने और संगठनात्मक मजबूती के जरिए भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति पर काम कर रही है।

### पार्टी मजबूत तो हम सब मजबूत : नसीमुद्दीन

सपा में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सपा सरकार में पहली बार दिए गए बेरोजगारी भत्ता, छात्र-छात्राओं को लैपटॉप समेत कई कार्यों की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विजन की खासी सराहना की। उन्होंने कहा कि आज 15 हजार 7 सौ 18 लोग विभिन्न दलों को छोड़कर सपा में शामिल हुए हैं। उनका उद्देश्य समाज को मजबूत करना, कानून-व्यवस्था सुधारना और प्रदेश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और छात्रों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। कहा कि पहले पार्टी का अनुशासन, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश और उसके बाद विचारधारा, इसी क्रम में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य 2027 में सपा सरकार बनाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाना है।



सपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी व अन्य नेता।

# ऊर्जा क्षेत्र के अधिकारियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 से 13 मार्च तक मसूरी में होगा पांच दिवसीय कार्यक्रम

**अमृत विचार:** ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीक और बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का शासनादेश जारी किया है। यह पांच दिवसीय इन-सर्विस प्रशिक्षण 9 से 13 मार्च 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 'ऊर्जा क्षेत्र: चुनौतियां और उनका समाधान' विषय पर आयोजित होगा।

शासनादेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के साथ केंद्रीय सचिवालय सेवा, केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा और संगठित ग्रुप-ए केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारी इसमें भाग लेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के ऊर्जा, विद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा शहरी विकास विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बिजली उत्पादन, पारेषण व वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण, नियामकीय सुधार, वित्तपोषण, परियोजना प्रबंधन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### आईएएस का अनिवार्य मिड करियर प्रशिक्षण

आईएएस अधिकारियों के मिड करियर प्रशिक्षण (फेज-5) का 17वां चरण 6 से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश कैडर के पात्र अधिकारियों की भागीदारी अनिवार्य रहेगी। इसका उद्देश्य नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना है।

कला-संस्कृति

अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा

# एवगेनी बनेंगे राम, दारिया निभाएंगी सीता का किरदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत, मॉस्को में 20 फरवरी को होगी भव्य रामलीला

**अमृत विचार:** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीपोत्सव से रूस के कलाकारों को मिली प्रेरणा का सांस्कृतिक प्रभाव रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला के रूप में दिखेगा। यह भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय की शुरुआत करेगा। एवगेनी-राम, दारिया-सीता, मुरात-लक्ष्मण और दिमित्री-हनुमान का किरदार निभाएंगे।

रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से होने वाली इस रामलीला में रूसी कलाकार भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अयोध्या का दीपोत्सव वैश्विक पहचान बन चुका है। लाखों दीपों से जगमगाती अयोध्या की छवियों ने दुनिया भर के कलाकारों और सांस्कृतिक संगठनों को आकर्षित किया। योगी सरकार पहले ही रूसी कलाकारों को अयोध्या दीपोत्सव में मंच उपलब्ध



करा चुकी है, जहां उनकी प्रस्तुति ने खास सराहना पाई। उसी अनुभव से प्रेरित होकर मॉस्को में रामलीला का निर्णय लिया गया।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के लिए भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 20 फरवरी को जब मंच पर श्रीराम की लीला सजीव होगी, तो मॉस्को और आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शक भारतीय संस्कृति की भक्ति, मर्यादा और आदर्शों से सराबोर नजर आएंगे। यह रामलीला न केवल नाट्य प्रस्तुति होगी, बल्कि भारत-रूस की सांस्कृतिक एकता और मित्रता की सशक्त मिसाल भी बनेगी।

### भारत-रूस के बीच भावनात्मक सेतु

भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों में रामलीला की परंपरा नई नहीं है। 1960 के दशक में सोवियत अभिनेता पद्मश्री गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव द्वारा मॉस्को में रामलीला मंचन ने दोनों देशों के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ा था। अब यह नया आयोजन उसी परंपरा को आधुनिक संदर्भ में आगे बढ़ा रहा है।

### रूसी दर्शकों में खास उत्सुकता : डॉ. रामेश्वर

रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम केवल धार्मिक मंचन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन के सार्वभौमिक संदेश का उत्सव है। संस्था के प्रमुख डॉ. रामेश्वर सिंह के अनुसार, रामलीला की कथा रूसी दर्शकों के बीच भी गहरी जिज्ञासा और भावनात्मक जुड़ाव पैदा कर रही है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


गदनपुर बड्डू मकरंदनगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के शिवालय में रुद्राभिषेक और दूल्हा बने शिव।


अमृत विचार

महाशिवरात्रि : सिद्ध पीठ समेत समस्त शिव मंदिरों में बहती रही आस्था की बयार, कई जगह रुद्राभिषेक

# जिले भर में बम भोले से गूंजते रहे शिवालय

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का महापर्व पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ जिले भर में मनाया गया। इस मौके पर सिद्ध पीठों समेत समस्त शिव मंदिर बम भोले और हर-हर महादेव के स्वरों से गुंजायमान रहे। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक कर भोले की आराधना की गई तो तमाम स्थानों पर पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। कई श्रद्धालुओं ने महादेवी घाट पहुंचकर पुण्य की डुबकी भी लगाई और पूजा अर्चना की।

महापर्व को लेकर रविवार को प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग का मंदिर कमेटी की ओर से विभिन्न प्रकार के करीब 10 क्विंटल फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इससे पहले भक्तों ने शिवलिंग पर हल्दी के लेप की परंपरा निभाई। कहते हैं इससे सौभाग्य, समृद्धि और सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है। त्योहार के चलते मंदिर में सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। भीड़ को संभालने के लिए महिला और पुरुषों की अलग-अलग कतारें लगवाई गईं। मुख्य पुजारी अनिरुद्ध दीक्षित ने बताया कि शिवरात्रि की पूजा से पहले शिवजी को हल्दी अर्पण करने वाले भक्तों को भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। बताया जाता है कि बाबा गौरीशंकर मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू है और यह जमीन में काफी गहराई तक है।

इसके अलावा मकरंदनगर के गदनपुर बड्डू मोहल्ला स्थि करीब 125 साल पुराने श्री राधा कृष्ण मंदिर के शिवालय में मंदिर कमेटी की ओर से भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। दो घंटे से अधिक के अनुष्ठान के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह से चौधरियापुर के प्राचीन टीले पर बाबा विश्वनाथ मंदिर में भी तड़के से पहुंचे भक्तों ने पूजा अर्चना की। शहर व जिले के अन्य शिवालयों में भी भक्ति की गंगा बहती रही।


सिद्ध पीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर में निभाई गई बाबा भोले की हल्दी की रस्म। अमृत विचार

## दौलेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर दौलेश्वर मंदिर में उमड़े कांवड़ियों ने बम बम भोले के जयकारों के बीच शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस बार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पी ए सी सहित बाहरी फोर्स तैनात करनी पड़ी।

मध्यरात्रि से ही दौलेशवर धाम में कांवड़िया जुटने लगे थे। कांवड़ियों ने महादेवी घाट से लाए गंगा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक कर बम भोले के गगन भेदी जयकारे लगाए। ज्यादा भीड़ के चलते प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस को तैनात किया था। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने भी मंदिर परिसर में जाकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, सी ओ कुलवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल लगातार मौजूद रह कर निगरानी करते रहे।


तिर्वा के दौलेश्वर मंदिर को जाते कांवड़िये अमृत विचार


शिव पूजन करते भक्त। अमृत विचार


खांडेश्वर मंदिर में दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

### खांडेश्वर मंदिर पर कांवड़ियों ने चढ़ाया जल

**खड़नी, कन्नौज।** शिवरात्रि पर शिव भक्तों ने खड़नी में पांडवों द्वारा स्थापित खांडेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया। शनिवार रात्रि 12 बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक दूसरे दिन रविवार को पूरे दिन चलता रहा। मेला प्रांगण में भीड़ का आना अनवरत जारी रहा। महिलाओं ने पूजा अर्चना के बाद जमकर खरीददारी की वहीं बच्चों ने झूला एवं निशानेबाजी का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर गोपाल सिंह बैस, गिरजेश सिंह बैस, लाल जी बैस, बंटू शाक्य, सुरेंद्र शाक्य, अनुज सिंह बैस, आलोक भदौरिया, राजवीर सिंह, रज्जन सिंह, राजेश दुबे, आलोक बैस, रत्नेश शर्मा, गुड्डन सिंह, सुबीन मिश्रा, चंद्रमोहन सिंह, सुमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### उपवास से शरीर में होने वाले लाभ बताए

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (सुभाष चंद्र बोस) इकाई के विशेष शिविर में पंचम दिन लक्ष्य गीत के साथ योग व प्राणायाम से हुआ। नसरापुर में चल रहे शिविर में महाशिवरात्रि के कारण कुछ स्वयंसेवकों ने उपवास रखा। विशेषज्ञों ने उपवास से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। साथ ही उपवास के सही तरीके की जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला भी हुई। स्वयंसेवकों ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए उनसे संवाद किया। उन्हें विभिन्न लघु उद्योगों के बारे में बताया गया। प्रेरणादायक कहानी सुनाई गई। नुक्कड़ नाटक भी पेश किए गए।

### महिला को मारपीट कर सड़क किनारे फेंका

**गुरसहायगंज।** शादी के बाद अतिरिक्त दहेज में रुपये व जमीन न मिलने पर ससुरालियों ने महिला से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर कार में डाल कर सड़क किनारे फेंक दिया। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बदलेपुर्वा निवासी गौरी पुत्री राकेश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि फर्रुखाबाद के मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली कसईया टोला निवासी विशनु के साथ 05 जुलाई 2018 को उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति विशनु, ससुर रामपाल, सास मीना देवी, देवर विवेक, देवरानी कंचन, ननद कुन्ती व जूली ने अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये और दो बीघा जमीन की मांगकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर 11 फरवरी 2026 की रात लगभग 10 बजे पति सहित ससुरालियों ने गालीगलौज और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद कार में डाल कर वनपुरा मतौली के निकट स्थित हाइवे किनारे फेंक कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### विवाद में दो भाइयों में जमकर चले लाठी डंडे

**सौरिख।** जमीन को लेकर दो भाइयों में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में महिला व बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। सौरिख थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गाँव किसई जगदीशपुर गाँव में दो भाइयों के बीच जमीन को लेकर हुए विवाद ने बड़ा रूप धारण कर लिया। गाँव निवासी सत्य वीर सिंह पुत्र साहब सिंह का अपने भाई रामशंकर से जमीन को लेकर विवाद है। रविवार को दोपहर दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर गालीगलौज शुरू हो गया। रामशंकर ने घर के लोगों के साथ मिलकर सत्यवीर पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे। घटना में सत्यवीर सिंह, पत्नी सुनीता, भाई राघवेंद्र और सत्यवीर का 12 वर्षीय बेटा भानु प्रताप सिंह घायल हो गया। मारपीट के दौरान किसी ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।


छिबरामऊ में शिवालय में जलाभिषेक कर पूजन करतीं श्रद्धालु महिलाएं।

## श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में रही भीड़

संवाददाता,छिबरामऊ

• सुबह से ही गंगेश्वरनाथ मंदिर व अति प्राचीन मंशेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ लग गई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर शहर के सभी शिवालयों में घण्टा घड़ियालों के साथ हर हर महादेव और बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में लगे मेला में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की और बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया।

रविवार को सुबह से ही ऐतिहासिक गंगेश्वरनाथ मंदिर व अति प्राचीन मंशेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ लग गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर का गेट भी बार-बार बंद करना पड़ा। मंशेश्वरनाथ मंदिर को फूल मालाओं और विद्युत लाइटों की झालरों के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया। देर रात तक शहर के पीपल चौराहा स्थित विजयनाथ मंदिर, सौरिख रोड स्थित रूपेश्वरनाथ मंदिर, मोहल्ला सराफान स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, मोहल्ला बजरिया के आनंदीनाथ मंदिर, पूर्वी बाईपास स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर व मोहल्ला कोलियान के भोलेनाथ मंदिर सहित सभी शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का आना-जाना बना रहा।

गमा देवी मंदिर में पंडित बनारसीदास शास्त्री ने अखंड रामायण पाठ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू कराया। यहां कई भक्तों ने मानस पाठ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने सिद्ध पीठ कालका देवी के पास श्री रूपेश्वर नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक किया।

## गुरसहायगंज में भी शिवभक्तों ने किया भोलेनाथ को जलाभिषेक

संवाददाता गुरसहायगंज


**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। नगर के प्राचीन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर महादेव की आराधना कर आरती वंदना की। जबकि तमाम भक्तों ने गंगा स्नान कर कावड़ में जल भर शिवालयों में महादेव पर चढ़ाया और पूजा अर्चना की। रविवार को सुबह से ही जलेसर व चियासर स्थित गंगा तट पर जल भरने के लिए कावड़ियों की भीड़ लग गई। श्रद्धालुओ ने स्नान कर जल भरा और देवालयों में पहुंच कर भोलनाथ का जलाभिषेक किया। ब्रह्ममुहूर्त से ही शहर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। महाशिवरात्रि का त्योहार हिंदू धर्म के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव के विवाह की वर्षगांठ भी मनाई जाती है। मंदिर कमेटियों द्वारा कई प्रबंध किए गए तथा मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइट से सजाया गया।


जीटी रोड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण। अमृत विचार


शिवालय में हवन करते भक्त। अमृत विचार

### सौरिख में भी पूजे गए भोले बाबा, हुआ अभिषेक

**सौरिख।** कस्बे में महाशिवरात्रि पर्व पर कई मंदिरों मे सुबह से ही भक्तों द्वारा हवन पूजन एवं रुद्राभिषेक के साथ भगवान भोले नाथकी पूजा की गई। काली देवी मंदिर में ऋषि भूमि इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्ति अध्यापक जवाहरलाल त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी आशा त्रिपाठी द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। पहाड़ी बाबा मंदिर पर मोहल्ला संजय नगर की महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ के भजन ढोलक बजा कर गायन एवं नृत्य किया। कुंवर मंडी में स्थित शिवालय में भक्तगणों ने हवन पूजन के साथ पूजा की। मोहल्ला गांधीनगर में स्थित किसान सेवा समिति में स्थित भोलेनाथ के मंदिर पर आचार्य मुकेश आनंद शास्त्री ने हवन पूजन कराया। इस दौरान सभी मंदिरों में हरनाथ चतुर्वेदी, जितेंद्र नाथ चतुर्वेदी, गौरव त्रिपाठी, सुनील कुमार, हरबहादुर, शैलेंद्र सिंह, शिवम बेस, भोलू, रामानंद अग्निहोत्री, शिवेंद्र, गोलू, आनंद समेत कई भक्तगण मौजूद रहे।


पद यात्रा पर निकले गोपाल गुप्ता का स्वागत करते समाज के लोग। अमृत विचार

## वैश्य समाज को एकजुट करने निकले युवा नेता का स्वागत

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** वैश्य समाज की 365 उपजातियों को एकजुट कर उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए पदयात्रा पर निकले युवा नेता गोपाल गुप्ता का तिर्वा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान संजय गुप्ता, मुकेश पोरवाल अर्नव गुप्ता, आयुष गुप्ता, रामेन्द्र जैन, राजा गुप्ता, प्रखर गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, सतीश जयसवाल, अंशुल गुप्ता, भोला राठौर, अरविंद गुप्ता, विजय गुप्ता, राम जी ओमर मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुटता का संकल्प दोहराया।

## संदिग्ध हालात में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, छिबरामऊ

• कुंवरपुर बनवारी के पास स्थित ईंट भट्ठे के निकट खड़े पेड़ में युवक ने लगाई फांसी

**अमृत विचार।** ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास स्थित ईंट भट्ठे के निकट खड़े पेड़ में बने रस्सी के फंदे में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला कस्सावान निवासी 20 वर्षीय सौरभ वाल्मीकि का शव संदिग्ध हालात में पीपल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। रविवार सुबह कुंवरपुर बनवारी के पास ईंट भट्ठे के निकट राहगीरों ने शव देखा तो उनके होश उड़ गए। सौरभ, मिंटू वाल्मीकि का सबसे बड़ा पुत्र था। बताया जा रहा है शनिवार देर शाम घर में किसी बात से नाराज होकर वह घर से निकल गया था। परिजनों ने पूरी रात तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।


सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शिनाख्त के बाद शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद मां मनु देवी समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। चार भाइयों में सबसे बड़ा होने से घर में मातम छा गया है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान आत्महत्या का है, लेकिन सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

एसआईआर अभियान — जनपद में तार्किक विसंगति वाले कुल 1,61,316 वोटरों की सूची आयोग ने भेजी, अब फिर से नोटिस लेकर घर– घर पहुंचेंगे बीएलओ

# 22 वर्षों में परिवार में जुड़े छह से अधिक वोटर तो आएगा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए चल रहे एसआईआर अभियान में एक कड़ी और जुड़ गई है। गणना प्रपत्र भरने व मैपिंग होने के बाद आपका वोट पक्का हो गया है और परिजनों से 15, 40 व 50 साल उम्र में अंतर होने, नाम में गड़बड़ी होने पर भी नोटिस आएगा। साथ ही 2003 से 2025 तक अगर परिवार में छह या उससे अधिक वोटर जुड़े हैं तब भी बीएलओ आपके घर पर दस्तक देंगे। हालांकि मौके पर ही इसका समाधान किया जाएगा। जनपद में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज (तार्किक विसंगति) वाले कुल 1,61,316 वोटरों की सूची निर्वाचन आयोग ने भेजी है।



• परिजनों से 15, 40 व 50 साल की उम्र के अंतर व नाम गड़बड़ी में भी होगा सुधार

गणना प्रपत्र देने, उसको भराने व बाद में वापस लेने की दौड़ लगा चुके बीएलओ अब तार्किक विसंगति वाले वोटरों के घर फिर से नोटिस लेकर आएंगे। हालांकि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में तार्किक विसंगति वाले 01 लाख 61 हजार 316 ही मतदाता सामने आए हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि इस तरह के नोटिस निकल चुके हैं। बीएलओ के पास पहुंच भी रहे हैं। संबंधित मतदाताओं को वितरण भी शुरू हो गया है। बताया कि इस नोटिस से मतदाताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। न ही उनको किसी कार्यालय या बूथ पर दौड़ लगाने की जरूरत है।

चिह्नित मतदाताओं के घर पर बीएलओ स्वयं नोटिस लेकर आएंगे और उसे रिसीव कराएंगे। कमियां दूर करने के लिए संबंधित वोटर को आधार कार्ड देना होगा। ज्यादातर समस्या उसी से घर पर ही दूर हो जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने 05 तरह की कमियों वाले वोटर चिह्नित कर सूची जारी की है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में किसी मतदाता के यहां प्रोजेनी (संतान) बढ़कर 06 हो गईं हैं तो उनको नोटिस भेजे जा रहे हैं। पिता या माता का नाम 22 वर्ष पहले वोटरलिस्ट में कुछ और था और वर्तमान में नाम बदल गया है तो भी उसका साक्ष्य देना होगा। अगर बच्चे व माता- पिता की उम्र में 15 साल या 50 वर्ष का अंतर है तो भी नोटिस मिलेगा। वोटर व बाबा- दादी की उम्र में महज 40 साल का ही अंतर है तब भी उसे सही कराने के लिए बीएलओ घर- घर पहुंचेंगे।

**इस तरह चल रहा अभियान:** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 06 मार्च तक दावे व आपत्तियां दर्ज हो रहीं हैं। 27 मार्च तक नोटिस व सुनवाई और उसका सत्यापन चलेगा।

गणना प्रपत्रों पर निर्णय एवं दावे और आपत्तियों का ईआरओ की ओर से निस्तारण होगा। मतदाता सूची की शुद्धता के मापदंडों की जांच व अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति 03 अप्रैल तक ली जाएगी।

### विधानसभावार तार्किक विसंगति वाले वोटर

| विधानसभा क्षेत्र | मतदाता |
|---|---|
| छिबरामऊ | 54,263 |
| तिर्वा | 46,013 |
| कन्नौज | 61,040 |

### किस तरह की तार्किक विसंगति व उसके वोटर

| विसंगति | वोटर |
|---|---|
| प्रोजेनी ( संतान) 6 | 20,803 |
| पिता का नाम मिसमैच | 1,09,566 |
| वोटर से माता– पिता की उम्र में 15 साल का अंतर | 27,592 |
| वोटर से माता– पिता की उम्र में 50 वर्ष का अंतर | 14,860 |
| वोटर से बाबा– दादी की उम्र में 40 साल का अंतर | 8,033 |

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में लगे-बम बम भोले के जयकारे

## शहर के पांडवेश्वरनाथ मंदिर सहित शहर के कई मंदिरों में महादेव के दर्शन करने के लिए सुबह से ही भक्तों की लगी कतार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न करने की होड़ लगी रही। भोर से ही शिव मंदिरों में 'बम बम भोले' के जयकारे गूंजने लगे। शहर के पांचालघाट, कमालगंज ब्लाक के श्रृंगीरामपुर घाट, कंपिल स्थित गंगाघाट पर रविवार दिन भर जल भरने के लिए कांवड़ियों का तांता लगा रहा और जल भरकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस पावन पर्व पर पूरा जिला महादेवमय नजर आया।

रविवार भोर से ही थाली में बेलपत्र, धतूरा व अन्य पूजन सामग्री सजाए महिलाएं, युवतियां शिवालय की ओर जाते दिखाई दिये।

रेलवे रोड स्थित द्वापरकालीन श्री पांडेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। यहां गर्भ गृह में एक गेट से प्रवेश दिया जा रहा था, जबकि दूसरे गेट से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा रहा था। मंदिर के बाहर तक भक्तों की लंबी



शहर के पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी किए महादेव के दर्शन
- श्रृंगीरामपुर, पांचालघाट, कम्पिल घाट पर लगा कांवड़ियों का मेला

कतारें लगी हुईं थीं। रविवार सुबह कपाट खुलते ही जल चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाइन लगवाकर श्रद्धालुओं से जलाभिषेक करवाना शुरू किया। सुबह से ही मंदिर के बाहर सडक़ के दोनों ओर भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। इस दौरान कांवड़ियों ने भी पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में बने द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक पुलिस बल तैनात किया गया था।

इसके अतिरिक्त, घुमना कोतवाली के पीछे स्थित श्री कोतवालेश्वरनाथ मंदिर, आवास विकास स्थित श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर, पुराना कोठा पार्चा स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम, भैरवघाट स्थित श्री रामेश्वरनाथ मंदिर और पुठरी स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही।मंदिर तक आने में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न आए। इसके लिए मंदिर से बाहर सडक पर दोनों तरफ बैरिकेडिंग की गई है। वाहनों को बैरिकेडिंग के पास ही रोका गया।

डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी, एसपी आरती सिंह सुबह के समय पांडेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा की व्यवस्थाओं को देखा। इसके साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, शहर कोतवाली प्रभारी दर्शन सिंह मौजूद रहे। एसपी आरती सिंह ने बताया मंदिर में खूब भीड़ रही। बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया की से भी निगरानी की जा रही है, व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं।



महाशिवरात्रि के आयोजन के दौरान मौजूद ब्रह्माकुमारियां व अतिथि।

### ब्रह्माकुमारी केंद्र पर शिव जयंती मनाई

फर्रुखाबाद। बीबीगंज स्थित ब्रह्माकुमारी सर्व लाइट भवन में 90 वे त्रिमूर्ति शिव जयंती महाशिवरात्रि का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का कुशल संचालन वैष्णवी मेहरोत्रा ने किया एवं स्वागत शब्दों से बी के आशा बहन ने तथा स्वागत भाव एवं नृत्य के द्वारा कुमारी मिष्टी ने किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत तिलक बैच एवं पट्का एवं पुष्प माला द्वारा भी किया गया एवं शिव जयंती पर शिव ध्वजारोहण, केक कटिंग भी की गई। मुख्य वक्ता बी के गिरजा बहन ने कहा कि हर जगह लोग शिवरात्रि मानते हैं परंतु हम शिव जयंती मनाते हैं शिव बाबा का जन्मदिन मनाते हैं। ब्रह्मा विष्णु एवं शंकर का रचयिता होने के कारण परमात्मा शिव को त्रिमूर्ति कहा जाता है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### कायमगंज में मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब

**कायमगंज।** रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़ ने भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया।

नगर कायमगंज के स्वर्ण सरोवर शिव मंदिर,शिवाला धाम सहित ग्रामीण अंचल में भी जगह-जगह शिवालय में बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान है। धार्मिक मान्यता है कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस पर्व को महाशिवरात्रि के रूप में पूजा जाता है।महाशिवरात्रि पर चार पहर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जाती है ज्योतिषाचार्य गोपाल तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें शिवलिंग के रूप में प्राप्त हुए थे।

इसी दिन उन्होंने माता पार्वती को वचन दिया था कि वह उन्हें अपने पत्नी के रूप में स्वीकार करेंगे उन्होंने पहले माता पार्वती की तपस्या के माध्यम से परीक्षा ली और फिर उन्हें स्वीकार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडी सिंह विश्व. के आयुर्वेद संकाय को मिली पहचान

**फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संस्थान का चयन आयुष मंत्रालय प्रायोजित प्रतिष्ठित स्पार्क–4.0 (2025–26) में हुआ है। इससे इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की शैक्षणिक व शोध क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीश कुमार बाथम ने बताया कि आयुर्वेद संकाय ने पहली बार इस कार्यक्रम में स्थान बनाया है, जो विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस सफलता में क्रिया शारीर विभाग के डॉ. आराध्य देव मिश्रा और बैच 2024 की छात्रा साक्षी तिवारी की अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संकाय में मजबूत हो रहे शैक्षणिक व शोध वातावरण का परिणाम है। संस्थान भविष्य में भी शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### जांच करने गए चौकी इंचार्ज से मारपीट

**तिर्वा।** पति पत्नी के विवाद की जांच करने गए चौकी इंचार्ज के साथ मारपीट कर दी। ठठिया थाना क्षेत्र के नयापुर्वा गांव निवासी रवि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन साल पहले बहन पुष्पा की शादी थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के उदैयापुर गांव निवासी सुशील के साथ की थी। शादी के बाद जीजा बहन के साथ आए दिन मारपीट करते हैं। रविवार को मामले की जांच को लेकर हसरेन चौकी इंचार्ज राजेश कुमार आरोपी सुशील के घर पहुंचे। इसी दौरान सुशील के परिजन रवि के साथ मारपीट करने लगे। घटना की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष नीलम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। पता करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मकान निर्माण में झगड़ा, छह घायल

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के सिंगरी गांव में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। घटना में छह लोग घायल हो गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मामले में एक पक्ष की ओर से मारपीट के साथ फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। वहीं पुलिस ने फायरिंग की बात से इनकार करते हुए केवल मारपीट की बात कही है। घटनाक्रम के अनुसार रविवार शाम मकान निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से वानेश्वर, जशोदा देवी, राजपूत सिंह, रामानंद, राजेश्वर और किशनपाल सहित छह लोग घायल हो गए। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायल हुए एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पर मारपीट के साथ ही फायरिंग के आरोप लगाए।

### सम्मेलन में सामाजिक एकता पर जोर

**छिबरामऊ।** आरकेडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सिकन्दरपुर में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों और हिंदू समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में रमेश जी,अंकित व गौरव ने भी मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा। आयोजन गौरव द्विवेदी ने किया।

# आशाराम बापू के आश्रम में बच्चों ने माता पिता का किया पूजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** संत आशाराम आश्रम ग्राम झसी में माता-पिता पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बच्चों एवं युवाओं ने अपने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि माता-पिता की सेवा और सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है तथा परिवार को सुदृढ़ बनाने का आधार भी। इस अवसर पर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

- माता-पिता पूजन दिवस श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया
- युवाओं ने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया

संत आशाराम बापू का संदेश पढ़कर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा है कि देश का युवा संयमी, सदाचारी और सुदृढ़ बने इसके लिए आवश्यक है कि पश्चिमी संस्कृति का अंधानुकरण बंद हो तथा युवा वेलेंटाइन डे के स्थान पर माता-पिता का सम्मान कर भारतीय संस्कारों को अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पारिवारिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कवन सो काज कठिन जग माही...

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कस्बे में बालाजी परिवार द्वारा पृथ्वी दरवाजा में 44 वां मासिक सुंदरकांड का आयोजन बहुत ही भक्तिमय एवं संगीतमय तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें कवन सो काज कठिन जग माही की चौपाइयां गूंजीं।

सभी भक्तों ने श्री बालाजी महाराज एवं अन्य देवताओं की पूजा करने के उपरांत सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया। प्रियंका अग्रवाल ने बहुत ही मधुर तरीके से बाबा के भजनों को गाकर सुनाया। सभी भक्त बहुत ही आनंदित एवं उत्साहित नजर आए। बालाजी महाराज के दरबार को बहुत ही आकर्षक एवं अत्यंत सुंदर तरीके से सजाया गया जिसमें सभी भक्तों का मन प्रफुल्लित हो गया । श्री बालाजी महाराज की भक्ति में सभी भक्त आनंदित होते हुए नजर आए। सुंदरकांड पाठ के बाद सभी भक्तों ने हनुमान चालीसा पाठ को संगीतमय तरीके से किया। इसके बाद सभी भक्तों ने श्री गणेश जी, श्री रामचंद्र भगवान, श्री बालाजी महाराज, श्री खाटू श्याम बाबा की आरती की। बाद में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का समापन हुआ। श्री बालाजी महाराज के भक्त पियूष अग्रवाल ने 11वां श्री बालाजी महाराज वार्षिकोत्सव जो बालाजी धाम मेहंदीपुर में संपन्न हुआ था उसमें भक्तों के पहुंचने पर सभी का धन्यवाद किया। सुंदरकांड पाठ में मुख्य रूप से पियूष अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल,मान्या अग्रवाल, कामिनी अग्रवाल, शम्भू शरण अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, बिंदु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



सस्वर सुन्दरकांड पाठ में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

- बालाजी परिवार द्वारा 44वें सुंदरकांड का आयोजन

# संकिसा रोड पर पोल से टकराई कार, युवक की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में संकिसा रोड पर ग्राम बहादुर नगला के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मोहनलाल (30) पुत्र चन्द्र प्रकाश अपने गांव अछरौड़ा थाना मेरापुर के ही कमलेश राजपूत के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में एक दावत में शामिल होने गए थे। दावत से लौटते समय शनिवार-रविवार रात लगभग 3 बजे जब उनकी कार ग्राम बहादुर नगला के पास पहुंची, तभी वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई और झाड़ियों में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने कार का शीशा तोड़कर मोहनलाल को बाहर निकाला, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे में घायल कमलेश राजपूत को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है।

- हादसे में घायल कमलेश राजपूत को लोहिया अस्पताल भेजा
- कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया

अचानक हुई इस घटना से पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज गेट के सामने बाइकों की आमने सामने हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल है।

कस्बा के बौद्ध नगर निवासी सुरेश गिहार का पुत्र अनुज उर्फ छोटे (30) शनिवारी की रात मेडिकल कॉलेज में भर्ती रिश्तेदार को खाना देने गया था। खाना देने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के दक्षिण गेट सामने तेज गति से आ रही बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सड़क पर घायल पड़े दोनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डाक्टरों ने अनुज को सीपीआर देकर जान बचाने का अथक प्रयास किया।



अनुज की मृत्यु पर शोकाकुल परिजन। अमृत विचार

- मेडिकल कॉलेज गेट के सामने शनिवार को देर रात हुई दुर्घटना

कुछ सांसें आने के बाद हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया लेकिन वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। दूसरी बाइकसवार इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुखी निवासी अमित (20) को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर भेजा गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी पूनम की तहरीर बाइक सवार युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**छिबरामऊ।** करमुल्लापुर-प्रेमपुर के निकट कार की टक्कर से टेंपो सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए।

सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम परौर निवासी संतोषी पत्नी रमेश चंद्र शाक्य, प्रशांत पुत्र सरयू शाक्य, रामप्यारी पत्नी राजेश्वर दयाल और केशववती पत्नी शोभाराम मैनपुरी जनपद के नगला पैठ थाना बेवर क्षेत्र के किशोरी लाल शाक्य की बेटी की शादी में शामिल होने के बाद ऑटो से घर ग्राम परौर की ओर जा रहे थे। एनएच 34 हाईवे स्थित करमुल्लापुर-प्रेमपुर के निकट पीछे से ईको कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में परिवार के सभी सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सौ शैया अस्पताल पहुंचा गया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ईको कार चालक की तलाश कर रही है।

# डीएम ने किया तहसील का निरीक्षण

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शनिवार को तहसील तिर्वा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।

परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। तहसील भवन में बने शौचालयों की स्थिति बेहद खराब मिली, वहीं लंबे समय से रंगाई-पुताई न कराए जाने पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। इस मौकेल पर कई लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, राजस्व न्यायालय, राजस्व संग्रह, नजारत, रियल टाइम खतौनी और आईजीआरएस समेत विभिन्न शाखाओं की समीक्षा की। एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए कि परिसर में नियमित सफाई कराई जाए और जनसुविधाओं को दुरुस्त किया जाए।



तिर्वा तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ममना वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/मनरेगा/रा0वि0–प0वि0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 16/02/2026

**अति अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा/केन्द्रीय वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 21/02/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ममना वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 16/02/2026 से दिनांक 21/02/2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 21/02/2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 21/02/2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत ममना वि0ख0 सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 5th/15th | सियर माता मंदिर के पास सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 4,22,791.00 | 3 माह | ममना |
| 2 | 5th/15th | गंगाराम के मकान से लखनलाल तिवारी के मकान तक सी0सी0 रोड/मरम्मत/निर्माण | 3,61,761.00 | 3 माह | ममना |
| 3 | 5th/15th | मेन रोड से इन्द्रपाल यादव के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण/मरम्मत कार्य | 2,20,923.00 | 3 माह | ममना |
| 4 | 5th/15th | मातादीन के मकान से मूलचन्द्र के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण/मरम्मत कार्य | 1,48,206.00 | 3 माह | ममना |
| 5 | 5th/15th | उदयभान के मकान से इंसान के मकान तक नाला निर्माण। | 1,39,640.00 | 3 माह | ममना |

अन्य शर्तें: 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम पं0 अधिकारी
ग्राम पंचायत ममना
विकासखण्ड– सरीला (हमीरपुर)


जांच | पिछले दिनों तहसील समाधान दिवस पहुंचा था अचार में छिपकली निकलने का मामला

# 'मनपसंद अचार' की गाड़ी रुकवा पहुंचाई कोतवाली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** खराब अचार बेचे जाने के मामले में 'मनपसंद अचार' की गाड़ी को रोकने के बाद खाद्य निरीक्षक के निर्देश पर सदर कोतवाली में खड़ा करा लिया गया है। पिछले दिनों अचार में छिपकली पाए जाने तथा इसे खाने से एक महिला नेता के बीमार होने का मामला तहसील समाधान दिवस में पहुंचा था।

07 फरवरी को छिबरामऊ में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज की महिला पदाधिकरी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अचार में छिपकली निकलने की शिकायत की थी। बताया था कि दूषित अचार खाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। प्रकरण में खाद्य एवं रसद विभाग कन्नौज द्वारा जांच की जा रही है। इसी प्रकरण में फूड इंस्पेक्टर अरविंद कुमार साहू ने संगठन के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर से वार्ता कर कहा था कि जब भी कभी उनको गाड़ी दिखे तो 112 डायल कर रोक लें और उन्हें अवगत करा दें। निकटतम चौकी या कोतवाली पर खड़ी करवा दें। रविवार को जिलाध्यक्ष निजी कार्य से कन्नौज जा रहे थे तभी उन्हें ज़ेवा जसोदा टोल के आगे अचार से लदी हुई गाड़ी दिखी। उन्होंने उसका पीछा किया और आगे चलकर उसे रोका। गाड़ी में 'मनपसंद आचार' के भरे हुए डिब्बे मिले जिसकी सूचना उन्होंने फूड इंस्पेक्टर को दी और 112 पर फोन कर दिया। फूड इंस्पेक्टर के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष गाड़ी को जलालपुर पनवारा चौकी लेकर गए जहां से कोतवाली सदर कन्नौज भेजा गया।



पकड़ी गई अचार की गाड़ी में भरे अचार के डिब्बे दिखाता युवक। अमृत विचार

- पकड़े गए माल का नमूना लेकर जांच कराई जाएगी

इस संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए माल का नमूना लेकर जांच कराई जाएगी। अगर कोई मिलावट या कमी पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। अचार का निर्माता फर्रुखाबाद का है और वहां के संबंधित अधिकारी की ओर से पूर्व के प्रकरण की जांच की गई है। इसमें अस्वास्थ्यकर स्थितियों में अचार का निर्माण पाया गया था। उसे नोटिस जारी किया जा चुका है।

न्यूज ब्रीफ

## कार्यस्थल पर यौन शोषण पर सख्त सजा का प्रावधान : अश्वनी

**बकेवर** । महेवा ब्लॉक के ग्राम पहाड़पुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक अश्वनी त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करने या प्रयास करने पर पीओएसएच एक्ट के तहत कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि विद्यालय, अस्पताल, निजी व सरकारी संस्थान, मनरेगा स्थल या खेतों में काम करने वाली महिलाओं व बच्चियों के साथ छेड़छाड़, पीछा करने या अनैतिक कृत्य का प्रयास करने पर सख्त कार्रवाई होगी। महिलाओं को उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## रकुईया नहर में मिले शव की हुई पहचान

**सैंफई** । ग्राम महोटी के पास रकुईया नहर में शनिवार को मिले अज्ञात शव की पहचान गांव लटूपुर निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव लटूपुर थाना सैफई निवासी कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई संजीव कुमार 40 पिछले तीन माह से चंदन ठाकुर की कृष्णा डेरी पर काम कर रहा था। 14 फरवरी को पुलिस द्वारा ग्राम महोटी के पास रकुईया नहर से एक शव बरामद किया गया था, जिसकी जानकारी स्वजन को नहीं हो सकी थी। कमलेश कुमार के अनुसार सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो देखकर उन्होंने अपने भाई की पहचान की। मौके पर पहुंचकर पुष्टि की गई। उनका आरोप है कि संजीव कुमार के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं। इससे प्रतीत होता है कि किसी ने उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## चेकिंग में दो दर्जन वाहनों के चालान

**जसवंतनगर** । सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दो दर्जन बाइक व ऑटो के चालान किए गए। काली फिल्म चढ़ी एक थार वाहन को रोककर उसकी काली फिल्म उतरवाई गई। वहीं तेज आवाज में पटाखा छोड़ने वाली बुलेट मोटरसाइकिल को सीज किया गया।

## दरोगा के खिलाफ कार चोरी का मामला फर्जी

**बकेवर** । दरोगा के विरुद्ध महिला के दर्ज कराए गए कार चोरी के मामले को पुलिस एक्सपंज कर रही है। चोरी दिखायी गयी गाड़ी भी महिला के नाम नहीं निकली। कस्बा महेवा निवासी किसान संगठन से जुड़ी महिला सरिता यादव ने कन्नौज के ठठिया थाना में तैनात एसआई राकेश पटेल के विरुद्ध उनकी कार चुराने का मामला बकेवर थाना में दर्ज कराया था। एसआई राकेश कुमार पटेल वर्ष 2018 में बकेवर थाना की ही महेवा चौकी के इंचार्ज रहे थे। कार चोरी के मामले की विवेचना वराउख चौकी इंचार्ज दयाशंकर वर्मा कर रहे थे। रविवार को एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र व सीओ भरथना रामदवन मौर्य मामले के सम्बंध में जानकारी करने बकेवर थाना पर पहुँचे। मामले से सम्बंधित न तो कोई सीसीटीवी का वीडियो या फुटेज मिला है। पुलिस ख़ोजबीन के बाद उक्त मामले को स्पंज कर रही है। एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया कि मामले की जांच की गईतो चोरी बतायी गयी टाटा नेक्सा कार का रजिस्ट्रेशन किसी सुरेंद्र यादव के नाम से हैं नॉमिनी में भी सरिता का नाम नहीं है। यहीं नहीं महिला ने घटना से सम्बन्धित सीसीटीवी का जिक्र किया लेकिन कोई सीसीटीवी का वीडियो व फुटेज नहीं दिया। इसको एक्सपंज किया जा रहा है।

## दहेज़ की मांग पूरी न होने पर तोड़ी शादी

**भरथना** । गोद भराई व तिलक का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद अतिरिक्त दहेज़ की मांग पूरी ना होने पर ससुराली जनों ने शादी करने से इंकार कर दिया। थाना क्षेत्र के गाँव मेढ़ी दुधी की विनीता देवी ने थाना सैफई के गांव सहसारपुरा हाल निवास 806 एनआरआई रेजीडेंसी पारी चौक, ग्रेटर नॉएडा कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर के निवासी विपिन कुमार, हिमांशु, सर्वेंद्री तथा प्रियांशी पर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री मोहनी की शादी हिमांशु के साथ 20 नवम्बर 2025 होनी थी। 4 जून को गोद भराई व तिलक का कार्यक्रम हुआ जिसमे दस लाख नकद एक लाख रूरुपये खाते में, एक सोने की अंगूठी व डेढ़ लाख रूपये की नजरें नकद दी थी . गेस्ट हाउस व हलवाई मेरे द्वारा बुक कर दिए गये थे शादी से पहले नामजद एक क्रेटा कार की मांग करने लगे, असमर्थता जाहिर करने पर शादी से इनकार कर दिया ।

# शिवालयों में भोर से ही गूंजा हर-हर, बम-बम

## जिले भर में श्रद्धा के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि का महापर्व, देररात तक मंदिरों में लगी रहीं भक्तों की कतारें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को जिलेभर में श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। शिवालयों में भोर की बेला से श्रद्वालु महादेव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठे। भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। श्रद्वालुओ के एक हाथ में गंगाजल तो दूसरे में बेलपत्र, धतूरा, पूजा अर्चना के सामानों की थाली मन में भक्ति और श्रद्धा के साथ बम-बम भोले हर-हर महादेव के जयघोष के बीच जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। सभी ने भगवान का अभिषेक भी किया। महाशिवरात्रि पर श्री रामचरितमानस के अखण्ड पाठ व भजन कीर्तन की चारों ओर धूम रही।



केदारेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार



नीलकंठ महादेव मंदिर में कांवड़ चढ़ाते श्रद्धालु । अमृत विचार

शहर के लालपुरा स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पर सुबह 3:00 बजे आरती के बाद से ही जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की लाइनें लग गई थी। सुबह 10:00 बजे तक कांवड़ियों के द्वारा अभिषेक किया गया इसके बाद देर शाम तक अन्य भक्तों ने पूजा अर्चना की। देर रात से भोर की बेला तक भगवान का रुद्राभिषेक भी हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर समिति के पदाधिकारी राजेश वाजपेई राजीव मिश्रा, कृष्ण कांत दुवे प्रशांत दीक्षित कुलदीप अवस्थी रमेश यादव लाल दिग्दर्शन यादव और वालंटियर भी व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के द्वारा लायन सफारी के निकट बनवाए गए केदारेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं के बीच बड़ी आस्था का केंद्र बन गया है । महाशिवरात्रि पर यहां काफी संख्या में कावड़ियों ने पहुंचकर भगवान केदारेश्वर का जलाभिषेक किया। पूरे मंदिर परिसर को बिजली की रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया था वहीं तमिलनाडु से आए वाद्य यंत्र कलाकारों ने अपनी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। तमिलनाडु से आये आचार्यों के द्वारा शाम से रात तक विशेष पूजन अर्चन भी किया गया । जिले के अलावा बाहरी जिलों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर पर श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए इस बार बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की गई थी भगवान के दर्शन के लिए भक्तों को लाइन लगाकर ही पहुंचना पड़ा। जो श्रद्धालु उत्तराखंड के केदारनाथ धाम नहीं पहुंच पाते हैं वह यहीं पर केदारेश्वर महादेव का दर्शन कर रहे है ।

सरसई नावर स्थित हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर में बाबा हजारी के दर्शन के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार की रात 12:00 बजे से रविवार की दोपहर 2:00 बजे तक भगवान के जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की लंबी लाइनें लगी रही । श्रंगीरामपुर से गंगाजल लेकर पहुंचे हजारों कांवड़ियों ने बाबा का जलाभिषेक किया। भक्तों की भारी भीड़ को संभालने के लिए पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। यमुना व चंबल के संगम पर स्थित महाभारत कालीन भारेश्वर महादेव के मंदिर पर इस बार भी श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। महाशिवरात्रि पर भगवान का पूजन अर्चन के लिए पहुंचे थे। इसके अलावा बकेवर महेवा भरथना के शिवालयों में शिव रात्रि के पर्व पर भक्तों ने जाकर पूजा अर्चना की। जय भोले के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

## एनसीसी सी प्रमाण पत्र परीक्षा में 505 कैडेट्स हुए शामिल

**इटावा** । 4 यूपी बटालियन एनसीसी की सी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट, आलमपुर हौज में संपन्न हुआ। परीक्षा में इटावा, औरैया एवं मैनपुरी जनपदों के कुल 505 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। परीक्षा के पीठासीन अधिकारी 2 यूपी एनसीसी बटालियन, आगरा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेंद्र प्रसाद सेम्लिटी तथा 1 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन, आगरा की प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रीना गोस्वामी रहीं। परीक्षा के दौरान कैडेट्स की प्रैक्टिकल परीक्षाएँ आयोजित की गईं, जिनमें मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, कम्युनिकेशन, वेपन टेस्ट एवं ड्रिल टेस्ट शामिल रहे। प्रैक्टिकल के उपरांत लिखित परीक्षा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर एनसीसी मुख्यालय आगरा के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस.पी. यादव ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 21 लाख पार्थिव शिवलिंगों का हुआ निर्माण

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा पक्का तालाब पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए, महापुरुषों के नाम पर 20 वाहिनीं बनाई गई। कार्यक्रम में भक्तों को 551 (तसला) पात्रों में पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए मिट्टी, पूजन सामग्री, एवं रुद्राभिषेक हेतु दूध, पंचामृत इत्यादि उपलब्ध कराया गया।



सामूहिक रुद्राभिषेक में शामिल भक्तगण ।

विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में विधि पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक हुआ। विहप धर्माचार्य संपर्क प्रमुख आचार्य साकेत बिहारी ने विधि पूर्वक रुद्राभिषेक कराया। विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, कालीबाड़ी के महंत श्री श्री 1008 सुबोधानंद महाराज, ज्योर्तिमठ बद्रिकाश्रम हिमालय के दंडी स्वामी अच्च्युतानंद सरस्वती, कालेश्वर

- सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम में उमड़े हजारों श्रद्धालु

मंदिर पंचनद के महंत स्वामी विश्वात्मा वन के आशीर्वचन भक्तों को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि कलयुग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा एवं रुद्राभिषेक विशेष फलदायी है। कार्यक्रम में पंकज तिवारी, जितेंद सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष भक्तगण मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं विहिप जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित, विहिप के प्रांत सह मंत्री अवधेश भदौरिया, जिला मंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला संयोजक अभिनय चौधरी, जिला समरसता प्रमुख कुश त्रिपाठी और उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा। वहीं आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में विहिप के नेता चंपत राय को भी आना था लेकिन किसी कारणवश वे नहीं आ सके।

## कुत्तों के झगड़े में जम कर चले ईंट पत्थर

**भरथना** । थाना क्षेत्र के एक गांव में कुत्तों के झगड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चले। पथराव में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव महमूदपुर रमायन में जगतपाल के पालतू कुत्ते और गांव के आवारा कुत्तों के बीच लड़ाई हो रही थी। इसी दौरान कुत्तों को अलग करने को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के नामजद लोग मौके पर पहुंचे और कहासुनी के बाद झगड़ा बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर चलने लगे। पथराव में जगतपाल की पत्नी निर्मला देवी के सिर में पत्थर लगने से वह घायल हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के 10 मरीजों के हुए ऑपरेशन

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन विजय बौद्ध विद्या मंदिर ग्राम सुल्तानपुरा आईटीआई चौराहा पर नारायण धर्मार्थ नेत्रालय के चिकित्सकों की टीम के सहयोग से किया गया।

शिविर में लगभग 60 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षण के उपरांत मरीजों को चश्मा और दवा भी वितरित की गई और जिन मरीजों को परीक्षण के बाद मोतियाबिंद एवं ग्लूकोमा की परेशानी थी उनको ऑपरेशन की सलाह दी गई और उनका ऑपरेशन चिकित्सालय पर कराया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में डॉक्टर दीपा गौर एवं डॉक्टर राहुल सिंह एम्स नई दिल्ली द्वारा मोहम्मद इदरीश खान, सीताराम, ज्ञान सिंह, रमेश चंद्र,





शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर व मौजूद जायन्ट्स सहेलियां।

- जायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली ने लगाया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

सरोजनी देवी, मुन्नी देवी, निशा रानी, प्रमिला कुमारी, तारा देवी, एवं भैरव सिंह की आंखों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। शिविर के आयोजन में वित्त निदेशक रीना राठौर का विशेष सहयोग रहा।

फेडरेशन कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित एवं फेडरेशन ऑफिसर संगीता अग्रवाल, अध्यक्ष विमल शर्मा, प्रशासनिक निदेशक हेनू वर्मा, उर्वशी द्विवेदी, संध्या अग्रवाल, शारदा दीक्षित, निशा गुप्ता, ऊषा भदौरिया आदि सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

जायन्ट्स सहेली की अध्यक्ष विमल शर्मा ने कहा कि समय पर आगे भी इस तरीके के कैंप हमारे ग्रुप द्वारा आयोजित होते रहेंगे ताकि हम जरूर मंद लोगों की सेवा और मदद कर सके।

# हादसे में घायल वृद्ध व्यवसायी की इलाज के दौरान गई जान

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार** । क्षेत्र के ग्राम धनुआ के समीप हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग व्यवसायी की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उनका साथी अभी घायल अवस्था में है। घटना से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस भी जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर नगर के महलई टोला निवासी व्यवसायी राजकिशोर गुप्ता उर्फ किशोर कुमार (70) अपने परिचित जितेंद्र उर्फ छुल्ले निवासी नगला इंछा के साथ बाइक से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आए किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान रविवार को राजकिशोर गुप्ता ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी कुकी गुप्ता, गोद लिए पुत्र हर्ष 22 तथा चार विवाहित पुत्रियां आरती, पूजा, राधा और ज्योति को छोड़ गए हैं। बुजुर्ग व्यवसायी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र के लोग घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाते रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# अंश मिस्टर व श्वेता बनीं मिस फेयरवेल

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में इंटर के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉयन सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार पटेल ने विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट, ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत एवं प्रधानाचार्य सौरभ दुबे के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में कक्षा 11 के बच्चों द्वारा अपने सीनियर को विदाई देते हुए विभिन्न नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कक्षा 12 के बच्चों को अपने आगे के भविष्य के बारे में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए जो पूरी लगन के साथ आगे बढ़ता है, उसे उसकी मनचाही उपलब्धि जरूर हासिल होती है। उन्होंने अपने ज्ञान अनुभव से जुड़ीं विभिन्न प्रकार की तकनीक एवं



कार्यक्रम का शुभारंभ करते लॉयन सफारी के डायरेक्टर डॉ . अनिल कुमार पटेल।

- सेविन हिल्स इंटर कॉलेज में हुआ इंटर के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह

टाइम मैनेजमेंट के बारे में भी बच्चों को बताया। कार्यक्रम में कक्षा 12 के बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार के क्वेश्चन आंसर राउंड एवं गेम भी खेले गए। इसके उपरांत सेवन हिल्स इंटर कॉलेज के मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल का अनाउंसमेंट भी किया गया जिसमें अंश मिश्रा को मिस्टर फेयरवेल एवं श्वेता शुक्ला को मिस फेयरवेल का अवार्ड दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बच्चों को सम्मानित करने के साथ उन्हें अंतिम विदाई में विद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो देकर बोर्ड परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी।

# मनरेगा बचाओ के दूसरे चरण में होगा विधानसभा का घेराव

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । कांग्रेस के मनरेगा बचाओ अभियान का दूसरा चरण शुरु होने जा रहा है। इसमें कांग्रेस की ओर से 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कही।



आशुतोष दीक्षित।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि इस अभियान में जनता को बताया जाएगा कि किस तरह केन्द्र सरकार अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़कर राज्य सरकार पर बोझ डाल रही है। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि इस दौरान कांग्रेसी यह बताएंगे कि कैसे मनरेगा कानून में किये जा रहे बदलाव संघीय ढाचे को कमज़ोर करने का प्रयास है। इटावा सहित पूरे प्रदेश से 17 फरवरी को कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लखनऊ कूच करेंगे। कांग्रेस केन्द्र की सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से चेताने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पहले यूपीए की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था।

इसके साथ ही ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया था लेकिन भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर रही है। लेकिन कांग्रेस के रहते यह नहीं होने दिया जायेगा।

बढ़ी परेशानी

बांसुरीवादक प्रवीण गोडखिंडी ने जीसी पब्लिक स्कूल में पेश किये कार्यक्रम

# बांसुरी की धुन पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमॉन्गस्ट यूथ के इटावा चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जी सी जीनियस पब्लिक स्कूल में विख्यात बांसुरी वादक पंडित प्रवीण गोडखिंडी ने समां बांध दिया। इस अवसर उपस्थित जिलाधिकारी सुभ्रान्त कुमार शुक्ल भी संगीत रस में डूबे हुए दिखाई दिये।

पंडित प्रवीण गोडखिंडी ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन राग नट भैरव से किया। आलाप से राग की आत्मा उकेरती हुए रूपक व तीन ताल में सुंदर बंदिशें प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। जिलाधिकारी के विशेष अनुरोध पर उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तथा मीरा के भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो को बांसुरी पर बजाकर सभी का मन मोह लिया । तबले पर बनारस घराने के प्रसिद्ध कलाकार पंडित मिथलेश झा ने बेहद सुंदर संगत प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारम्भ पारंपरिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला, विश्वप्रसिद्ध बाँसुरी वादक पंडित प्रवीण गोडखिंडी, प्रसिद्ध तबला वादक पंडित मिथिलेश झा, स्पिक मैके के राष्ट्रीय चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ आर. एम. तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। भारतीय संस्कृति की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा शास्त्रीय संगीत केवल कला नहीं, बल्कि आत्मानुशासन और साधना का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने, अपनी प्रतिभा को पहचानने तथा जीवन में निरंतर अभ्यास और समर्पण को अपनाने का संदेश दिया। अनेक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के पश्चात कलाकारों से प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और प्रेरणादायी उत्तर दिया। इस संवाद ने विद्यार्थियों में संगीत के प्रति जिज्ञासा और सम्मान को और अधिक प्रगाढ़ किया। विद्यालय के चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. प्रत्यूष कुमार तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उदयवीर सिंह यादव तथा प्रधानाचार्य सुनील दत्त अवस्थी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रोफेसर डॉ आरएम. तिवारी एवं प्रोफेसर डॉ. आरएस. यादव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील अवस्थी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते पंडित प्रवीण गोडखिंडी साथ मे डीएम। अमृत विचार

# माता-पिता के आशीर्वाद से ही जीवन में मिलती है सफलता : कैलाश यादव

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में माता पिता पूजन दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपने माता-पिता का तिलक कर, पुष्प अर्पित कर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और संस्कारों का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जीवन में अनुशासन, सदाचार एवं आदर्श मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कई अभिभावक भावुक हो उठे और उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने कहा माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके आशीर्वाद से ही जीवन में सफलता और सदगुणों का विकास संभव है। हमारा प्रयास है कि बच्चे आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से भी जुड़े रहें। प्रधानाचार्य अरविन्द ने कहा विद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं है, बल्कि संस्कारों की पाठशाला भी है। माता पिता पूजन दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी अपने माता-पिता का सम्मान कर एक अनुशासित और संस्कारित जीवन जीने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे, माता पिता व स्कूल का स्टाफ। अमृत विचार

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में माता पिता पूजन दिवस मना

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## सुबह से ही दर्शन करने के मंदिरों में लग गई लाइन, हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे शिवालय, भक्तों में रहा उल्लास

औरैया टीम

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर कस्बा कुदरकोट के भयानकनाथ मंदिर पर भोलेनाथ की झलक पाने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ आने लगी थी। सुबह 4 बजे से ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए। हर-हर महादेव की गूंज सूरज की पौ फटने के साथ ही तेज हो गई। भीड़ का दबाव बढ़ा तो लाइन लगने लगी। महिला, पुरुष, बच्चे इस लाइन में घंटों लगे रहे। पुलिस ने यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए लाइन लगवाकर दर्शन करवाए गए। भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करके पुष्प, फूल और दूध चढ़ाने की होड़ भक्तों में नजर आई। यही हाल कस्बा कुदरकोट में स्थित प्राचीन झारखंडी मंदिर में दिखा। भक्तों का रेला हर-हर महादेव के नारे लगा रहा था। झारखंडी मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के लिए भीड़ का दबाव सुबह होते ही बढ़ने लगा। मंदिर प्रशासन ने सभी लोगों को दर्शन करवाने की पर्याप्त व्यवस्था की। मंदिर से जुड़े पुजारी रामकुमार चैरसिया ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होती है। यही वजह थी कि सारा शहर भोलेनाथ की आराधना करने के लिए मंदिर में पहुंचा। जगह-जगह भक्त खड़े थे और सभी भोलेनाथ को विशेष श्रृंगार के रूप में देखना चाहते थे। कोई दूध चढ़ा रहा था, कोई फूल, बेलपत्र, धतूरा आदि लेकर आया था। समी के पत्ते भी लोग चढ़ा रहे थे। महिला भक्तों में भोलेनाथ की पूजा करने का जबरदस्त उत्साह था। कस्बा में स्थित मां अलोपा देवी मंदिर पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। दर्शन करने के लिए भी लोग सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे। जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ जहां प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ मौजूद रही। कुदरकोट के भयानकनाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही कांवर चढ़ाने वाले भक्तों की भारी भीड़ रही। मंदिर प्रांगण के अंदर बम बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुजन पहुंचने लगे। शिव भगवान पर जलाभिषेक के लिए भक्त लंबी कतार के साथ खड़े हुए नजर आए। मान्यता है कि भोले के भक्त भोलेनाथ से सबकी झोली भरकर सदा खुश रहने की कामना करते हैं। फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि के दिन जो उनके ऊपर भूल से भी वेलपत्र चढ़ा देता है भगवान उसका कल्याण करके आवागमन से मुक्ति दिला देते हैं।

**फफूंद संवाददाता के अनुसार** रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर पाता चैराहा पर स्थित शिव मंदिर में कपाट खुलते ही सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्त दर्शन और पूजा के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। इस दौरान मंदिर परिसर में पंडित जी ने वैदिक मंत्रोच्चार से हवन संपन्न कराया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। पुरुष व महिलाएं भक्ति गानों पर थिरकते नजर आ रहे थे। श्रद्धालु भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंचे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। भक्तों ने बेलपत्र, दूध और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान शिव के भक्त व्रत रखते हैं, रुद्राभिषेक करते हैं और भोलेनाथ की विशेष आराधना करते हैं। इस मौके पर अखिलेश कटियार अध्यापक, शिवम कटियार, अहिवरन राजपूत, लज्जा राम नायक, बीरेंद्र कुशवाहा, गोपाल जी मिश्रा केनरा बैंक कैशियर, विमल पाण्डेय, कन्हैया लाल दिवाकर, अरविंद यादव अध्यापक, अनिल राजपूत, दिलीप राजपूत, भारत सिंह राजपूत, रिंकू दिवाकर, मानसिंह, मुकेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

**अछल्दा संवाददाता के अनुसार** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के ग्वारी स्थित मनकामेश्वर महाराज मंदिर, गुनौली गांव के झाड़ेश्वर मंदिर तथा कस्बे के सराय बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर में रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा।

दूर-दराज के गांवों से आए शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रृंगीरामपुर से कांवड़ में गंगाजल भरकर पहुंचे करीब 300 कांवड़ियों ने ग्वारी स्थित मनकामेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, दूध, धतूरा, बेलफल व बेर अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। ग्वारी मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। मंदिर के महंत शिव पाल सिंह की देखरेख में व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन की सतर्कता से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मंदिर परिसर के सामने स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने कुएं के संबंध में स्थानीय लोगों का मानना है कि उसका पानी पीने से सांस संबंधी रोगों में लाभ मिलता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की और परिवार की खुशहाली व मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की।





फफूंद में शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। शिवरात्रि पर्व पर अछल्दा में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार



भगवान के रुप में सजे बच्चे। अमृत विचार

### शिव के स्वरूप में विद्यालय पहुंचे बच्चे

- **फफूंद, औरैया।** कस्बा फफूंद स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान शंकर और माता पार्वती के मनमोहक वेश में स्कूल पहुंचे, जो आकर्षण का केंद्र रहे। शिवरात्रि के भक्ति गीतों पर बच्चों ने जमकर नृत्य और मस्ती की। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में धार्मिक भावना विकसित होती है और उन्हें अपनी संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। शिक्षकों ने बच्चों को महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज हर्षा, माही, श्रुति, निशू, कॉर्डिनेटर अंशिका, सहित सभी शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### कांवड़ियों की सुरक्षा को पुलिस चौकस

- महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को शिव मंदिरों और शिवालयों में फर्रुखाबाद के सिंघीरामपुर से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे शिव भक्त कांवड़िया जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ पथ कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क रहा। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह स्वयं दल बल के साथ में कांवड़ यात्रा मार्ग पर डटे रहे। कावड़ियों को राह निकलने में सहयोग किया। थाना क्षेत्र में जगह-जगह कांवड़ियों के लिये पानी, खाना तथा ठहरने की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा कराई गई।

### पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

- महाशिवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। एसपी अभिषेक भारती के निर्देश पर सीओ पी पुनीत मिश्रा व कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह और उपजिलाधिकारी गरिमा सौनकिया ने भयानकनाथ मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### कांवड़ पहले चढ़ाने को लेकर भिड़े कांवड़िया,

- **अयाना।** थाना क्षेत्र के बरबटपुर में रविवार सुबह शिवरात्रि पर शिवालय में पहले जलाभिषेक करने को लेकर दो कांवड़िये व उनके परिजन आपस में भिड़ गए। बरबटपुर निवासी श्याम सिंह व अजय सिंह शिवरात्रि को लेकर फरुर्खाबाद के श्रृंगीरामपुर से गंगाजल लेने गए थे। रविवार सुबह गांव के शिवालय पहुंचने पर दोनों कांवड़ियों व उनके परिजनों में विवाद हो गया। पूजा अर्चना करने के बाद दोनों पक्ष गांव में पहुंचकर दोबारा भिड़े और आपस में जमकर लाठी-डंडे चलाए।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रॉसिंग पर फाटक खुलते ही लगा लंबा जाम

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा कस्बे में रविवार शाम दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग स्थित 13-एस रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक खुलते ही दोनों ओर लंबा जाम लग गया। जाम इतना अधिक था कि वाहन चालकों को रेंग-रेंग कर निकलना पड़ा। यह जाम रेलवे फाटक से हरीगंज बाजार तक तथा दूसरी ओर नहर बाजार तक फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम 5:05 बजे फाटक खुलते ही वाहन चालकों में निकलने की होड़ मच गई। इसी बीच ट्रेन आने की सूचना के बाद भी जाम के कारण फाटक समय पर बंद नहीं हो सका। 5:13 बजे फाटक बंद करने का प्रयास किया गया, लेकिन लगातार वाहनों की आवाजाही के चलते गेट बंद नहीं हो पाया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ के मनीष तिवारी मौके पर पहुंचे और वाहनों को रुकवाया। इसके बाद शाम 5:20 बजे फाटक बंद कराया जा सका। जाम के चलते कामाख्या आनंद विहार एक्सप्रेस (इटावा से कानपुर की ओर जा रही) तथा कानपुर से इटावा की ओर जा रही एक मालगाड़ी को आउटर पर करीब 10 मिनट तक रोके रखा गया।

### बेटी ट्रेन में चढ़ी और मां स्टेशन पर रह गई

**अछल्दा।** कानपुर-टूंडला पैसेंजर) में रविवार शाम 12 वर्षीय बच्ची अपनी मां से बिछड़ गई। आरपीएफ की तत्परता से बच्ची को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।शाजिया पुत्री जाहिद उर्फ बबलू (उम्र 12 वर्ष) अपनी मां रूबी और छोटे भाई हर्ष के साथ अपने नाना शकील निवासी रावत पूर्वा, थाना सहार के यहां से फफूंद रेलवे स्टेशन पहुंची थी। परिवार को फिरोजाबाद जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन पकड़नी थी।, ट्रेन के फफूंद स्टेशन पर पहुंचते ही शाजिया एक बैग लेकर पहले ही डिब्बे में चढ़ गई, जबकि उसकी मां छोटे बेटे के साथ प्लेटफॉर्म पर ही रह गईं। ट्रेन अचानक फफूंद स्टेशन से रवाना हो गई, जिससे मां-बेटी अलग हो गईं। रूबी ने तत्काल आरपीएफ फफूंद को सूचना दी। आरपीएफ ने अछल्दा आरपीएफ को सूचित किया अछल्दा रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल मनीष तिवारी और कांस्टेबल हेत सिंह ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन के पहुंचते ही बताए गए डिब्बे में तलाश की। शाम 5 बजकर 04 मिनट पर ट्रेन अछल्दा स्टेशन पहुंची, जहां आरपीएफ ने बच्ची को सकुशल उतार लिया। इसके बाद बच्ची को अछल्दा स्टेशन पर बुलाए गए उसकी मां रूबी और मामा अकील के सुपुर्द कर दिया गया।

### शराब पीने से दो युवकों की गई जान

**कुदरकोट।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शनिवार देर रात शराब पीने के बाद दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नगला धौकल निवासी 45 वर्षीय बृजेंद्र सिंह ने शनिवार शाम को नगला देवी निवासी मुकेश नाथ के साथ शराब पी थी। शराब पीने के बाद बृजेंद्र सिंह अपने घर लौट आए। परिजनों ने बताया कि उन्होंने सामान्य रूप से भोजन किया और सो गए। देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनकी हालत गंभीर होती गई और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। उधर, नगला देवी निवासी मुकेश नाथ ने भी घर लौटकर भोजन किया और सो गए थे। देर रात उन्हें भी सीने में दर्द की शिकायत हुई। परिजन उन्हें तत्काल रुरुगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मुकेश नाथ को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक रूप से हृदय संबंधी समस्या की आशंका जताई है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों युवक लंबे समय से शराब और अन्य नशे के आदी थे। परिजनों ने भी उन्हें कई बार नशा छोड़ने के लिए समझाया था। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। अमृत विचार

# यंगस्टर उरई ने सागर इलेवन को दी मात

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कोंच रोड डीडी मेमोरियल स्कूल के पास कारसदेव प्रीमियर लीग (केपीएल) का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन मैच में यंगस्टर उरई की टीम ने सागर इलेवन जालौन को 54 रनों से हराया।

केपीएल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि सूर्या हनी यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल भी करियर के रूप में अपनाया जा सकता है। ऐसे टूर्नामेंट के आयोजन बेहतर मंच प्रदान करते हैं । टूर्नामेंट का पहला मैच यंगस्टर उरई और सागर इलेवन जालौन के बीच हुआ। जिसमें उरई की टीम के कप्तान अभिनय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। खेलने उतरी टीम के ओपनर बल्लेबाज अभिनय ने पांच रन बनाये। दूसरे नंबर पर आए बल्लेबाज सैफ ने 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रनों की पारी खेलकर टीम के लिए खास योगदान दिया। जबकि उनका साथ दे रहे बिट्टू ने भी अर्द्धशतीय पारी खेलते हुए 53 रन बनाए। इसके बाद माइकल 14 रन और आकाश ने 12 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर चार विकेट 174 रनों तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी सागर इलेवन टीम की ओर से अनुज ने सर्वाधिक 28 रनों का योगदान दिया। बेटू तोमर ने 18 रनों की पारी खेली और कुशल पाल ने 17 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। टीम निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी। मैच में यंगस्टर उरई को 54 रनों से विजेता घोषित किया गया।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर महंत रामजीवन दास की बगिया स्थित शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया। समापन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों सुबह से लेकर देररात तक बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।

अखण्ड रामायण पाठ शुरू होने के पूर्व मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। अखण्ड पाठ के विश्राम होते ही जय श्रीराम' व हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर क्षेत्र गूंज उठा। महाशिवरात्रि के दिन प्रातःकाल विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। समापन अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन मंडल के अन्नू शर्मा सभासद, नीतू शर्मा पत्रकार, देवेंद्र, नमन दीक्षित सहित समस्त मोहल्लावासियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

**शिव बारात में जमकर झूमे भक्तः** शिवरात्रि पर्व पर समितियों ने शिव बारात निकाली। घोड़े और बैंडबाजों के साथ निकली शिव बारात में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बारात में भूत प्रेत के वेष में लोगों के बीच भगवान शंकर की सुंदर सी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बारात जहां से भी गुजरी, भक्तों ने हर-हर बम-बम का उदघोष किया। इस दौरान 'शिवजी ब्याहने चले पालकी सजा के...' गीत पर भक्तों ने जमकर डांस भी किया। गांव कुठौंदा, कुसमिलिया, मुहाना, सिमिरिया, गुढ़ा एवं बंधौली में महाशिवरात्रि पर्व पर गांवों में स्थित शिव मंदिरों में पूजन का दौर चलता रहा। गांव मुहम्मदाबाद व कुसमिलिया में देवों के देव महादेव शिव की भव्य बारात भी निकाली गई। जिसमें बैंडबाजों के साथ निकली शिव बारात लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र रही।गांव के मुस्लिम भाइयों ने भी शिव बारात में शामिल होकर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की। वहीं डकोर में सुबह से ही शिव मंदिर में राज्यसभा सांसद व कृभको अध्यक्ष डॉ. चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिशुपाल सिंह यादव व पूर्व डकोर ब्लॉक प्रमुख तेजपाल यादव ने शिव मंदिर में हवन-पूजन कर देश की खुशहाली और तरक्की की प्रार्थना की।



शिव बारात में मौजूद भक्त। अमृत विचार

### सुरक्षा के भी रहे व्यापक प्रबन्ध

- महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये प्रशासन बेहद सख्त रहा, जिसके चलते एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार तथा कोतवाली प्रभारी अजय ब्रहम तिवारी नगर में भ्रमण करते रहे तो नगर के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों में भी पुलिस बल तैनात रहा।

# धूमधाम से निकली शिव बारात

संवाददाता, बेला, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को महाशिवरात्रि पर बेला बस्ती के नुनारेश्वर महादेव मंदिर से निकली शिव बारात से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे कस्बे को भगवान शिव के भक्ति में रंग दिया। हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जो बम-बम भोले के उद्घोषों से गूंज रही थी।बारात में ग्राम पंचायत बेला प्रधान राकेश सिंह चौहान, पंडित श्याम लाल चौबे, गगन कुमार वर्मा, सिंटू चौबे, हरिओम तिवारी, बबलू चौहान, जेपी त्रिवेदी, अमित, अरुण दुबे, तरुण दुबे, भगवान सनोज कश्यप सहित तमाम भक्त उपस्थित रहे। गांव वालों ने बताया कि शिवरात्रि के दूसरे दिन विशाल भंडारा आयोजित होता है। जिसमें दूर-दराज से लोग प्रसाद लेने आते हैं।



शिव बारात के दौरान सजी झांकी। अमृत विचार

# कांवड़ियों को लगाना पड़ा 30 किलोमीटर का चक्कर

संवाददाता अयाना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बीहड़ को इटावा जनपद से जोड़ने वाला असेवा- भरेह पुल निर्धारित समय के काफी बाद भी पूरा नहीं हो सका है। अधूरे पुल से कोई कांवड़िया न गुजरे इसके लिए पुलिस ने रास्ता बंद कर दिया। इससे कांवड़ियों को 30 किलोमीटर का चक्कर काटकर जाना पड़ा।

सेंगनपुर निवासी देवेंद्र त्रिपाठी, केके दुबे, कैथौली निवासी देवकांत दुबे, धनऊपुर निवासी जीतू सेंगर आदि ने बताया कि इटावा के भरेह शिव मंदिर से बीहड़ पट्टी के लोगों का धार्मिक जुड़ाव है। पुल बनने से लोग महज पांच से छह किलोमीटर की दूरी पर मंदिर पर दर्शन करने पहुंच जाते थे। इस बार पुल न बन पाने से कांवड़ियों को परेशानी उठानी पड़ी।

**आयोजन** | चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य महाराज ने किया कथा प्रवचन

# श्री राम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के रामलीला मैदान में 15 फरवरी से 23 फरवरी तक नौ दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ पर रविवार को बिधूना नगर में बैडबाजों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

इस कलश शोभायात्रा में रथों पर सजी देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां साथ में चल रही थी। वहीं, रामकथा वाचक चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज भी कलश शोभा यात्रा के साथ रथ पर सवार होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। साथ ही सैकड़ों की तादाद में महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए अपने सिरों पर कलश रखकर चल रही थीं। यह कलश शोभायात्रा बिधूना कस्बे के बेला बाईपास पर रामलीला मैदान की कथा पंडाल से शुरू हुई और बिधूना नगर की सभी सड़कों पर भ्रमण करती हुई पुनः कथा पंडाल में पहुंचकर संपन्न हुई। इस कलश शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल मुकेश बाबू चौहान पुलिस बल के साथ लगातार सतर्कता बनाए रहे। कलश शोभायात्रा के समापन पर कलश स्थापना की गई और गणेश पूजन के साथ कथा वाचक चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज द्वारा भगवान श्री राम की कथा के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर शिवाकांत दुबे, अरविंद द्विवेदी एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेंगर एडवोकेट, प्रमोद गुप्ता बर्तन वाले,गौरव दुबे, रंगीला गुप्ता, बच्चू मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह बैस, गौरव पाठक , गुड्डू श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोगों के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



कलश यात्रा के दौरान शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### युवती लापता, थाने में गुमशुदगी दर्ज

**बेला (औरैया)।** थाना बेला क्षेत्र के ग्राम जिंदपुर निवासी शिवसिंह पुत्र रामनाथ ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री अर्चना के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के अनुसार अर्चना 13 फरवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

पिता ने बताया कि बेटी का मोबाइल फोन घर पर ही मिला है। अर्चना कक्षा 8 तक जनता इंटर कॉलेज, पूर्वा सुजान में पढ़ी है। उसका हुलिया सांवला रंग, सामान्य कद-काठी बताया गया है। घटना के समय वह पीला और काला सलवार-कुर्ता पहने थी। थानाध्यक्ष के आदेश पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच की जा रही है।

# जिले में हो रहा व्यापक विकास : प्रभारी मंत्री

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** गुंजन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचीं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि विधानसभा में सपा विधायक द्वारा जिले में सड़के न बनवाए जाने की बात पूरी तरह निराधार और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़कों सहित अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं ।

जानकारी के अनुसार ग्राम आघरा मसूदपुर निवासी रानू पांडेय के भाई की शादी समारोह में शनिवार देर शाम प्रभारी मंत्री पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि सपा विधायक प्रदीप यादव ने जिले में सड़कों के विकास को लेकर जो सवाल उठाए हैं, वे वास्तविकता से परे हैं। जिले में लगातार सड़कों का निर्माण और अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सड़कों का निर्माण केवल कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर हो रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विधानसभा में सपा विधायक ने दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। औरैया सदर विधायक गुड़िया कटारिया ने भाजपा सरकार में जिले में सबसे अधिक विकास कार्य कराए जाने का दावा किया था। उसके बाद जिले में दोनों विधायकों की बात चर्चा में आ गई है।

### यमुना में मिले शव की हुई शिनाख्त

**कालपी।** जालौन-शनिवार को नरहान गांव के पास यमुना में मिली लाश की शिनाख्त उसके पास मिले मोबाइल से हो गई। वह गोहन थाना क्षेत्र का निवासी है, जो 9 फरवरी को औरैया से गायब हो गया था।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहान के निवासियों ने शनिवार दोपहर पुलिस को सूचित किया था कि यमुना तट पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसके पास एक मोबाइल मिला था। मोबाइल के नम्बर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की तो देरशाम तक शव की शिनाख्त सरनाम सिंह उर्फ सोन्टी पुत्र ब्रजलाल दोहरे निवासी सैदपुर उवारी थाना गोहन के रूप में हुई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### जहर खाने से युवक की चली गई जान

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की मौत हो गई। कुर्रा गांव निवासी अरविंद (30) पुत्र मैकू ने बीती रात अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अरविंद की अभी शादी नहीं हुई थी। अरविंद मकान बनाने का कारीगर था। बताया जाता है कि अरविंद पारिवारिक विवाद के चलते परेशान रहता था। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। चिकित्सक डा.माजिद ने बताया कि परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

### तीन फरवरी से युवक का नहीं लगा सुराग

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बंडा गांव के रहने वाले शिवगोपाल पुत्र भूरा सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका 30 वर्षीय पुत्र शिव शंकर उर्फ प्रधान छानी गांव में यज्ञ का भंडारा खाने के लिए कहकर घर से 3 फरवरी को निकला था, लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं पहुंचा है। परिजनों की ओर से लगातार तलाश किए जाने के बाद भी उसका सुराग नहीं लग रहा है। परेशान होकर उसके पिता ने पुत्र के गायब होने की थाने में तहरीर दी है। एसआई विकास यादव ने बताया कि पिता की ओर से तहरीर मिली है। युवक की खोजबीन शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसे बरामद किया जाएगा।

### सचिव बोले, निलंबित हो चुका है लाइसेंस

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मृत व्यक्ति के लाइसेंस पर मंडी से गेट पास लेकर लकड़ी बाहर भेजे जाने के प्रकरण में खबर प्रकाशित होते ही मंडी सचिव बैकपुट में आ गए है। शनिवार को दिए गए बयान से पलटते हुए कहा कि मृत व्यक्ति का लाइसेंस निलंबित हो चुका है। अन्य लाइसेंसों से उद्योग नगरी के समीप कारोबार किया जा रहा है। कस्बे की उद्योग नगरी में लकड़ी माफिया मृत व्यक्ति के लाइसेंस से लकड़ी के गेट पास बनवाकर ट्रकों में लादकर बाहर भेज रहे थे। शनिवार को मंडी सचिव ब्रजेश निगम ने भी गेट पास जारी होने के बाद मीडिया से कही थी। लेकिन खबर के प्रकाशित होते ही मंडी सचिव रविवार को बदल गए और कहा कि मृत व्यक्ति का लाइसेंस निलंबित हो चुका है। उद्योग नगरी में लकड़ी का जो कारोबार चल रहा है वह अन्य लाइसेंसों के जरिए हो रहा है। उधर वन विभाग सीज परिसर में कारोबार करने के प्रकरण में सोमवार को जांच कर कार्यवाही की तैयारी कर रहा है।

### आर्य समाज का वैदिक रीति से हवन

**मुस्करा।** आर्य समाज की परंपरा अनुसार आर्य समाज के प्रधान हर स्वरूप व्यास द्वारा वैदिक रीति से हवन संपन्न कराया गया। तत्पश्चात यज्ञ प्रार्थना व प्रसाद वितरण के बाद आर्य समाज की बैठक की कार्यवाही की गई। हवन में मुख्य यजमान के रूप में योगेंद्र गुप्ता ने भागीदारी की। इस मौके पर उमेशचंद्र अग्रवाल, कालीचरण कुशवाहा, विजय कुमार प्रजापति, सीताराम राठौर, जगदीश शिवहरे, सत्य प्रकाश राठौर, राम प्रसाद गुप्ता, शिवराम गुप्त, बाबूलाल गुप्ता, उपेंद्र सोनी, नितिन गुप्ता, अभिषेक कुमार व्यास, स्वतंत्र गुप्ता, रामकुमार विश्वकर्मा, रामकृष्ण शुक्ला आदि आर्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

## सुबह से मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लगीं कतारें, जगह-जगह निकाली गई शिव बारात, बैंडबाजों के साथ थिरके श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में दर्शन और जलाभिषेक किया। सुबह से ही जनपद के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

नगर में यमुना किनारे स्थित प्रसिद्ध सिंह महेश्वर मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। भक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए बेलपत्र, दूध, फल और धतूरा चढ़ा रहे हैं। मंदिरों और आश्रमों में रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान भी हुए। उधर शहर के पातालेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जुटी। जबकि सुमेरपुर क्षेत्र के यमुना के बीहड़ में स्थित मनासर बाबा, सरीला के शल्लेश्वर और राठ के चौपरेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा। सरीला में भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई। सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। मंदिरों के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंदिरों में प्रसाद के रूप में भांग की ठंडाई वितरित की गई।


मनासर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार


मौदहा में निकली शिव बारात में शामिल झांकी व लोग। अमृत विचार

पौथिया संवाद के अनुसार रविवार को सुबह से शाम तक शिवालय भोले के जयकारों से गूंजते रहे। गांव खेरे बाबा मंदिर, ब्रह्मदेव बाबा मंदिर के शंकर भगवान सहित कीरतपुर, कलौलीतीर, कुम्हऊपुर, कलौलीजार, स्वासा, ललपुरा में भक्तों ने जल, दूध और शहद से शिव का अभिषेक किया एवं फूल पाती चढ़ा कर मन्नतें मांगी। महिलाओं युवतियों पुरुषों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर माथा टेका। वहीं सहुरापुर, कुम्हऊपुर में शिव शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां बैंड बाजा, डीजे, घोड़े शामिल रहे। कई जगह कन्या भोज अखंड पाठ का आयोजन हुआ।

मौदहा संवाद के अनुसार कस्बा सहित आसपास के गांवों में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्ति में डूबा दिखाई दिया है। शिवालयों को फूलों व बिजली की जगमगाहट से सजाया गया था। जहां सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहां हर हर बम बम की गूंज के बीच शिव भक्तों ने अपने आराध्य देव महादेव की पूजा अर्चना की है।

ग्राम खंडेह के प्राचीन शिवालय मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। दोपहर बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वही इचौली में रामविलास शिवहरे शिवालय मंदिर में से शोभायात्रा निकाली गई। उधर कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर स्थित शिव मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। शोभायात्रा शिव मंदिर से आरंभ होकर तहसील मार्ग से प्रमुख चौराहों से बड़ी देवी मार्ग होते हुए पुनः फत्तेपुर शिव मंदिर में संपन्न हुई।

इसके साथ ही मराठीपुरा कांशीराम कालोनी से निकाली गई शिव बारात कोतवाली के नजदीक स्थित शिव मंदिर पर पहुंच पुनः अपने गंतव्य पर संपन्न हुई। इसके अलावा क्षेत्र में बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर, रीवन, करहिया, कुनेहटा सहित अन्य कई गांवों में शिव बारात निकाली गई एवं शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ लगी रही है।

### मधुमक्खियों के हमले में चार लोग घायल

**बिवांर।** शुद्धता कार्यक्रम के लिए उपला जलाकर पहुंचे लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक वृद्ध को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

मुस्करा ब्लाक के छेड़ी बसायक गांव में एक व्यक्ति के निधन पर रविवार को शुद्धता का कार्यक्रम था। परिजन उपले में आग लगाकर गांव के बाहर बने सत्ती तालाब में पहुंचे। वहां पीपल के वृक्ष में मधुमक्खियों का छत्ता लगा था। उपले का धुआं पहुंचने पर मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने भाग कर अरहर और गेहूं के खेतों में घुसकर अपनी जान बचाई। मधुमक्खियों के हमले से रामआसरे प्रजापति, जगदीश, राजेश, कुंज बिहारी घायल हो गए। सभी घायलों का निजी चिकित्सालय में उपचार कराया गया। रामआसरे प्रजापति की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शल्लेश्वर मंदिर से निकली भव्य शिव बारात

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव जी की विशाल बारात निकाली गई। बारात में दूल्हा रूप में नंदी पर सवार शिव जी प्रख्यात शल्लेश्वर मंदिर से निकले तो हर हर बम बम के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। जगह जगह लोगों ने शिव जी का टीका किया तथा छतों से शिव जी के ऊपर पुष्प वर्षा की।

बारात में पचास घोड़े भारी संख्या में बैंड बाजा, रब्बी, नागिन बैंड के अलावा सरस्वती विद्या मंदिर, ज्ञान मंदिर, शल्लेश्वर विद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों की दो दर्जन से भी अधिक झांकियां तथा विभिन्न रूपों में सजे मनोहारी शिव एवं देवगण शामिल रहे, बारात शल्लेश्वर मंदिर से चलकर नगर के जुलूस मार्ग से भ्रमण करते हुए देर शाम पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जहां पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने राजा हिमांचल के रूप में शिव जी का टीका किया। इसके बाद द्वारचार की रस्म निभाई गई। बाद में वैदिक रीति नीति से शिव जी के विवाह की परंपरा पूर्ण की गई। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, सपा नेता पुष्पेंद्र यादव ने भी मत्था टेका और शिव जी का जलाभिषेक किया। हजारों की संख्या में बारातियों ने भंडारे में प्रसाद छका, रात्रि जागरण के लिए मंदिर परिसर में जवाबी कीर्तन, नेस्ले मार्केट में आर्केस्ट्रा पार्टी, क़बीरपंथी भजन के अलावा जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।


सरीला में शिव बारात पर पुष्प वर्षा की गई। अमृत विचार


बिवांर में शिव बारात में शामिल बहुरुपिये। अमृत विचार

बिवांर संवाददाता के अनुसार कस्बे के महर्षि दयालदास बाबा के परिसर धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। जिसमें जिसमें भूत-प्रेत, पिशाच, गण, देवता, यक्ष, गंधर्व, किन्नर, अप्सराएं, सांप-बिच्छू और अजीबोगरीब जीव शामिल रहे। शिवजी के गणों में वीरभद्र जैसे योद्धा, नंदी और विभिन्न रूप वाले गण मौज-मस्ती करते हुए शामिल हुए। बारात में डीजे बैंड बाजा में शिव भक्त जयकारा लगाते हुए थिरकते जा रहे थे। बारात का पाथा देवी मंदिर में जगत राज प्रजापति ने अगवानी कर जलपान कराया। समाजसेवी लाखन सिंह ने बारातियों को रोक कर हलुआ, बूंदी, लड्डू से स्वागत किया। रुद्राक्ष पाठक वस्त्रालय के ओम प्रकाश पाठक ने गाजर का हलुआ मिष्ठान, राहुल तिवारी ने शर्बत से बारात का स्वागत किया। बारात का वधू पक्ष से भाकियू के महेश तिवारी ने सभी बारातियों को माला डालकर स्वागत किया। वहीं भंडारा व बरातियों को भोजन कराकर शादी की रस्में आगे बढ़ाई गई हैं।

# गाजे-बाजे संग शिव-पार्वती विवाह

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- चौपरेश्वर मंदिर में विवाह देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी
- शिव बारात में शामिल की गईं नयनाभिराम झांकियां

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बे के शिव मंदिरों में बम बम भोले और हर हर महादेव की गूंज के साथ भगवान शिव और पार्वती का विवाह धूमधाम से हुआ। सुबह शिव मंदिरों में जलाभिषेक का दौर चलता रहा। चौपरेश्वर मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दोपहर बाद शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया। रात में धूमधाम से शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। हरिमंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। इसी तरह से सिकंदरपुरा मोहल्ले से भगवान शिव की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई।

ऐतिहासिक चौपरेश्वर मंदिर के बारे में ऐसी मान्यता है कि मंदिर में शिवलिंग की स्थापना महाभारत काल में राजा विराट की पुत्री उत्तरा ने कराई थी। बताया जाता है कि तब से आज तक अविरल मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर मेला लगता आ रहा है। जिसे देखने के लिए हजारों की तादाद में भक्त उमड़ते हैं। इसी तरह सिकन्दरपुरा मोहल्ले मंदिर से धूमधाम के साथ दोपहर में शिव बारात निकाली गई। जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बारात में डीजे की धुनों पर युवक थिरकते हुए चल रहे थे। बारात में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। चौपरा मंदिर समेत कस्बे के सभी मंदिरों में रात में शिव पार्वती का विवाह हुआ। मंदिरों को फूल मालाओं और लाइट की रोशनी से जमकर सजाया गया था। चौपरेश्वर मंदिर में दूल्हा बने शिव प्रतिमा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर में अधिक भीड़ होने के कारण पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।


सिकंदरपुरा में बारात के दौरान घोड़े पर निकले दूल्हा भगवान शिव। अमृत विचार

# राठ गौशाला के मवेशी कर फसलों को चौपट

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- किसानों ने गौशाला कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार।** कस्बे की नवीन गल्ला मंडी के पास नगर पालिका परिषद की गौशाला के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जानवर रात्रि के समय निकलकर किसानों की खेतों में खड़ी हरी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि नगर पालिका की गौशाला के आवारा सांड उनके खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसानों ने वीडियो बनाकर नगर पालिका के कर्मचारियों को अवगत भी कर चुके हैं। लेकिन कोई सकारात्मक सुनवाई नहीं की गई है।

कस्बे के निवासी किसान राजेंद्र कुमार यादव, सुगरपाल, जितेन्द्र, केशव व गजेंद्र सहित अन्य तमाम लोगों ने बताया कि उनके खेत नगर पालिका परिषद की गौशाला के पास स्थित है। रात्रि के समय गौशाला के जानवर खुलेआम घूम कर उनके खेतों में घुस जाते हैं तथा खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया कि उन लोगों ने कई बार नगर पालिका एवं गौशाला में तैनात कर्मचारियों से शिकायत भी की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर गौशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने और अन्ना जानवरों को गौशाला में बंद करने की मांग की है। नगर पालिका के कर्मचारियों का कहना है कि सभी गौवंशों को गौशाला के अंदर बंद कराया जाएगा।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के मोहल्ले में एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी

**अनदेखी**

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- पेयजल समस्या से एक हजार से अधिक लोग प्रभावित, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। मोहल्ले के निवासियों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या करीब एक हजार लोग प्रभावित है।

लक्ष्मीचंद पालीवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक अरविंद पालीवाल ने नाराजगी जताते हुए बताया कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार का मोहल्ला पिछले सात दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहा है।


इंगोहटा की इसी टंकी से होती आपूर्ति।

जल निगम की लापरवाही के चलते नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित होने से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सिर पर बर्तन रखकर दूर स्थित हैंडपंपों और निजी नलकूपों से पानी लाने को मजबूर हैं। इससे दैनिक कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अवर अभियंता शिवम ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी करके समस्या दूर की जाएगी।

# राजकुमार पाल सपा में शामिल, पीडीए मजबूत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पूर्व बसपा नेता तथा अपना दल (सोनेलाल) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के सपा में शामिल होने के बाद सपा का पीडीए बुंदेलखंड में धरातल पर मजबूत होगा। साथ ही बसपा को करारा झटका देगा।

पूर्व बसपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी की बुंदेलखंड में मजबूत पकड़ है। बसपा सरकार में नंबर दो की हैसियत पर रहे नसीमुद्दीन ने बुंदेलखंड के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखी थी। अल्पसंख्यकों के अलावा तमाम पिछड़े एवं अनुसूचित जाति में उनकी मजबूत पकड़ है। बुंदेलखंड के प्रत्येक जनपद के शहर कस्बों गांवों में उनके हजारों समर्थक आज भी हैं। सपा में आने पर यह समर्थक सपा से जुड़कर सपा को मजबूती प्रदान करेंगे। वहीं पिछड़े वर्ग के अपना दल (सोनेलाल) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल की पकड़ बुंदेलखंड में पाल समाज में मजबूत है। इनके सपा में शामिल होने से पाल समाज बुंदेलखंड में सपा की ओर झुकेगा। इससे सपा का पीडीए बुंदेलखंड में काफी मजबूत होगा क्योंकि पाल समाज के पूर्व मंत्री श्रीराम पाल, राज बहादुर पाल, झांसी के राकेश पाल आदि तमाम कद्दावर नेता पहले से ही सपा में सक्रिय हैं। इन दोनों नेताओं के सपा में शामिल होने से इसका सीधा लाभ सपा को प्रस्तावित पंचायत चुनाव के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव में मिलना राजनीति के जानकार तय मानते हैं।

**संस्था की पहल** | महाशिवरात्रि पर्व पर सर्वजातीय सामूहिक विवाह, निर्धन कन्याओं को उपहार भेंट

# पांच जोड़े एक-दूजे के हमसफर बने

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर स्थित मां गौरा महाविद्यालय में शिवरात्रि के पावन पर्व पर पांच निर्धन कन्याओं का सर्व जातीय सामूहिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक रंजना पांडेय ने की तथा उपप्रबंधक आकांक्षा पांडेय द्वारा वर-वधू को उपहार भेंट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुन्देलखण्ड किसान सेवा समिति का विशेष योगदान रहा।

समिति के संयोजक राधागोपाल सोनी एवं अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने बताया कि वधू को अलमारी, बेड, कुर्सी, द्वारचार के बर्तन, श्रृंगार दान के साथ चांदी की बिछिया व पायल दी है। संचालन समिति उपाध्यक्ष आदर्श चतुर्वेदी व रिंकू गुप्ता ने किया। समिति के सदस्यों ने जलपान व भोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया। प्रीति संग सुमित कश्यप, महक संग प्रहलाद दुबे, उमा संग अशोक प्रजापति, रुकमणि संग इन्द्रपाल निषाद व कौशल्या संग पंकज वर्मा ने जयमाला डाल कर सुखी वैवाहिक जीवन का संकल्प लिया. सभी जोड़ों का विधि विधान से विवाह संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ एसके पांडेय द्वारा सभी वर-वधू पक्ष के आगंतुक, परिजनों का स्वागत करते हुए व बुन्देलखण्ड किसान सेवा समिति के संयोजन पर आभार व्यक्त किया।


विवाह सम्पन्न होने के बाद वर-वधू को महिलाओं ने उपहार भेंट किए। अमृत विचार

### पंचायत चुनाव की सरगर्मियां हुईं तेज

**हमीरपुर।** पंचायत चुनाव के लिए हाईकोर्ट में पिछड़ा वर्ग आयोग जल्द गठित करके पंचायत चुनाव कराने का हलफनामा सरकार द्वारा दिए जाने के बाद ठंडी पड़ी पंचायत की राजनीति में फिर से गर्माहट आ गई है। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पंचायत चुनाव कब होगा।

पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए अभी तक सरकार आयोग का गठन नहीं कर सकी है, जिससे यह तय है कि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो सकेंगे। पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए आयोग गठन के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया था। सरकार ने न्यायालय में जल्द पिछड़ा वर्ग आयोग गठन करने का हलफनामा देकर चुनाव कराने की बात कही है। चुनाव कब तक कराएंगे यह तो स्पष्ट नहीं किया गया है।

# देवगांव तिराहे पर सिमनौड़ी मार्ग का गड्ढा लोगों के लिए बना आफत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** देवगांव सिमनौड़ी मार्ग में अंबेडकर पार्क तिराहा के सामने सड़क निर्माण के दौरान रैंप नहीं बनाने से बस्ती का पानी रुकने से भारी भरकम गड्ढा हो गया है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे लोग परेशान है। रविवार को यहां एक बड़ा हादसा होते बचा।

सुमेरपुर पत्योरा मार्ग के निर्माण के दौरान इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले देवगांव की सड़कों को जोड़ने के लिए कहीं भी रैंप का निर्माण नहीं कराया गया है। देवगांव में अंबेडकर पार्क के ठीक सामने सिमनौड़ी की ओर जाने वाला मार्ग जुड़ता है। रैंप का निर्माण नहीं होने से यह मार्ग नीचे हो गया है और बस्ती का पानी इस मार्ग में एकत्र होता है। इससे भारी भरकम गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। एक बाइक सवार परिवार गड्ढे में गिरकर लहूलुहान हो गया। देवगांव निवासी सुरेश प्रजापति, राजेश प्रजापति, भूरा फौजी, अखिलेश आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं किया है और यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। लोनिवि के सहायक अभियंता मुनेंद्र यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। ग्राम प्रधान जितेंद्र खरे ने बताया कि लोनिवि की लापरवाही से जल निकासी की व्यवस्था न किए जाने से कई जगह पानी भर रहा है।


देवगांव तिराहे के सिमनौड़ी मार्ग पर गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### अभियान चलाकर बच्चों को लगाए जाएंगे टीका

**बेलाताल।** डॉ. सुरेंद्र सिंह ने खसरा जैसे संक्रामक बीमारियों से पांच से दस वर्ष के बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत जनपद के 804 सरकारी, निजी विद्यालयों और मदरसों में पढ़ने वाले पांच से दस वर्ष आयु वर्ग के कुल 53,030 बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक अतिरिक्त सिंगल डोज नि:शुल्क लगाई जाएगी। यह टीका बच्चों को गंभीर जटिलताओं जैसे कुपोषण, निमोनिया, अंधता और जन्मजात विकलांगता से बचाता है।

### कुतुबशाह की मजार में 6 दिन होगी तरावीह

**महोबा।** रमजान माह में हर साल की तरह इस साल भी हजरत हाजी कुतुबशाह रहमतउल्लाह अलैह के मजार परिसर पर छह दिन की तरावीह होगी। यहां पर हाफिज मोहम्मद इरशाद साहब तरावीह सुनाएंगे। उन्होंने सभी हजरात से अपील है कि जल्द तरावीह सुनने के लिए कुतुबशाह के मजार पर पहुंचे। तरावीह बाद नमाज इशा के शुरू होगी।

### पुलिस चोरों को चोरी के आभूषण सहित पकड़ा

**महोबा।** थाना अजनर पुलिस टीम ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की की साथ ही चोरी के आभूषण व गली हुई धातु बरामद की। चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाए जाने को लेकर थाना अजनर पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पूर्व स्थित प्राइमरी स्कूल के पास से जयहिन्द राजपूत (21) पुत्र रंगदेव राजपूत, अमित अहिरवार (19) पुत्र वृन्दावन अहिरवार और रीतेश राजपूत (21) निवासीगण गांव टिकरिया को पूर्व में की गई चोरी के आधार पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों के पास से सफेद और पीली धातु की जंजीर, बिछिया अन्य आभूषण के अलावा साक्ष्य नष्ट करने के लिए कुछ आभूषणों को गली धातु के रुप में बरामद की गई। अभियुकतों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ऋषी शुक्ला, कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, नरेन्द्र कुमार व अमर द्विवेदी शामिल रहे।

### संस्था ने छात्राओं को बांटे सेनेटरी पैड

**महोबा।** वेदनिधि फाउंडेशन ने अपनी लाडली योजना के तहत सुखानंद हाई स्कूल अजनर में सेनेटरी पैड वितरण और स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। फाउंडेशन की अध्यक्ष जागृति गुप्ता और समाज कल्याण अधिकारी प्रिया गुप्ता उपस्थित रहीं। छात्राओं में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया और स्वच्छता पर जोर दिया। मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया। संक्रमण से बचाव, पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निस्तारण के तरीकों की जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों को स्वास्थ्य समस्याओं को साझा करने में होने वाली झिझक को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्ष ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसमें किसी भी प्रकार के संकोच की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जब संस्थाएं जमीनी स्तर पर ऐसे कार्य करती हैं, तभी सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पाता है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

## सुबह से ही शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों का लगा रहा तांता, दिन भर गूंजते रहे हर-हर महादेव के जयघोष

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को शिव भक्तों ने धूमधाम से मनाया। शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी। महिलाएं महादेव के दर्शन पाने और पूजा अर्चना करने के लिए शिवालायों में पहुंच गई। मंदिरों के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे मंदिर मार्गों पर अराजकतत्व दूर दूर तक नजर नहीं आए।

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा का विशेश महात्व होता है, इसलिए लोग इस दिन उपवास रखती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की विधि विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाए पूर्ण होती है। शिवरात्रि में तमाम भक्त निर्जला व्रत भी रखते है। महाशिवरात्रि की रात शिव भक्त चारों प्रहरों में भगवान शिव का पूजन और अभिषेक अलग अलग तरीके से करते है। भक्तों ने पूजा दौरान शिवलिंग को फूलों और बेल के तत्वों से सजाया और भगवान शिव को भांग, फल, शहद, घी, मिठाई और दूध का भोग भी चढाया। महाशिवरात्रि पर्व होने के कारण सुबह से ही नगर के शिवालायों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का आना जाना शुरू हुआ, जिससे शिव मंदिरों में खासी भीड़ जुटी सबसे ज्यादा भीड़ कन्याओं और महिलाओं की रही। मंदिर मार्गों पर पुलिस टीम घूम घूम कर गतिविधियों पर नजर रखे रही। सुबह के अलावा शाम को भी शिव मंदिरों में भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी। उमंगेश्वर द्वादस मंदिर, पटेश्वर मंदिर, बलखंडेश्वर मंदिर, कंठेश्वर मंदिर, बड़ी चंदिका के पास शंकर जी का मंदिर, राम कथा मार्ग के पास स्थित शिव मंदिर में महिलाओं ने जाकर पूजा अर्चना की।



शिवलिंग की पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार



बल्खंडेश्वर मंदिर आते-जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

- शिव को भांग, फल, शहद, घी, मिठाई और दूध का भोग
- मंदिरों में भोर पहर से सुरक्षा के लिए तैनात रहा पुलिस बल

### प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं ने लगाई लाइन

महाशिव रात्रि त्योहार को लेकर अस्थावानों ने जगह जगह भंडारों का आयोजन कर लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया। प्रसाद पाने के लिए लोग सुबह से ही भंडारों में पहुंच गए। कहीं कहीं भंडारों में देरी होने के कारण आसपास टहलते रहे। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग काफी देर तक लाइन पर खड़े रहे। भंडारे में जुट रही भीड को.व्यवस्थित करने के लिए आयोजनकों ने लोगों को लाइन लगवाई गई और एक के बाद एक श्रद्धालु को प्रसाद दिया गया। पुरानी प्राइवेट बस स्टैंड के पास भी अस्थानवानों ने भंडारे की व्यवस्था की, जहां पर लोगों की प्रसाद पाने के लिए भारी भीड़ जुटी।



प्रसाद के लिए लाइन लगाए श्रद्धालु। अमृत विचार

# विधिक शिविर के प्रचार के लिए निकला वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा



प्रचार वाहन को झंडी दिखाते जिला जज।

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश रामनगीना यादव ने 22 फरवरी को वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में लगने वाले एक दिवसीय विशाल विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के प्रचार प्रसार कराए जाने को लेकर रविवार प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहनों से जिले के निर्धन और वंचित वर्गों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराए जाने की जानकारी देते हुए आयोजित शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की गई।

जिला जज ने बताया कि उक्त शिविर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इसका मुख्य लक्ष्य न्याय को अदालतों तक सीमित न रखकर जनता के दरवाजे तक पहुंचाना है। अक्सर जानकारी के अभाव में समाज के श्रमिक, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे और अनुसूचित जाति जनजाति के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते, जिसके लिए इस शिविर का 22 फरवरी दिन रविवार को सुबह दस बजे से आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश स्पष्ट किया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य हर तबके को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराना है। न्यायालय के माध्यम से प्राप्त प्रचार वाहन उन क्षेत्रों तक पहुंचेंगे जहां लोग अपने अधिकारों के प्रति कम सजग हैं। शिविर जानकारी देने का मंच नहीं होगा, बल्कि यहां लाभार्थियों को चिह्नित किया जाएगा और मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में अपर जिला जज ध्रुव राय, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह और प्रभारी सचिव पूजा सहित प्रत्येक विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।



भजन प्रस्तुत करते समिति के लोग। अमृत विचार

# भक्तों के विश्वास की परीक्षा लेते भगवान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग में प्रस्तुत किए गए भजन

**अमृत विचार।** शहर के संत कबीर आश्रम में संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कबीर के भजन, दोहों के माध्यम उनके संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। सत्संग में समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि जिस प्रकार एक कस्तूरी हिरण कस्तूरी की खुशबु को जंगल में ढूंढता फिरता है जबकि वह सुगंध उसकी ही अपनी नाभि में व्याप्त कस्तूरी से मिल रही होती है। उसी प्रकार इस संसार के कण कण में वह परमेश्वर विराजमान है लेकिन मनुष्य संसार में ढूढंता रहता है।

उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों की परीक्षा कठिनाइयों, दुखों, प्रलोभनों और विपरीत परिस्थितियों के माध्यम से लेते हैं, ताकि उनके धैर्य, विश्वास और निष्ठा की परख हो सके और वे आध्यात्मिक रूप से मजबूत व परिपक्व बनें। कहा कि भक्तों की यह परीक्षा उन्हें आत्म सुधार और सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है, जिससे उनकी आंतरिक शक्ति उजागर होती है और वे ईश्वर के करीब आते हैं, ठीक वैसे ही जैसे परीक्षा छात्रों को उनकी क्षमता जानने में मदद करती है। उन्होंने कबीर दोहा सुनाते हुए कहा कि तेरा साँई तुझमें, ज्यों पहुपन में बास, कस्तूरी का हिरन ज्यों, फिर-फिर ढूँढ़त घास। इसके बाद डॉ. अनुरागी ने सूर्य महोत्सव के महत्व पर शारदार बुंदेली रचना मोरो जिया पिता बेहाल महोबे को सूर्य महोत्सव देखन जाने, यहां सुंदर बनो है सूरज कुंड जो चंदेलन की शान, सुनो जू सूर्य महोत्सव देखने जाने। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर के आदर्श अपनाएं, जीवन को मंगलमय बनाएं रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि कबीरदास के अनमोल आदर्श, सत्य, प्रेम, करुणा, सादगी और निडरता को अपनाकर जीवन को शांत और मंगलमय बनाया जा सकता है। आडंबररहित भक्ति, अहंकार का त्याग और सभी जीवों के प्रति दया भाव ही सच्चा जीवन मूल्य है। कहा कि कबीर जी के बताए मार्ग पर चलकर मानसिक शांति और सामाजिक एकता प्राप्त की जा सकती है। इंद्रजीत सिंह ने भोलेनाथ कृपा करे भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

# शिव बारात में खीर-हलवा के साथ बांटी गई ठंडाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों ने बैंडबाजा और डीजे की धुन के साथ शिव की बारात निकाली गई। नगर में रविवार को निकली शिव बारात को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। शिव बारात में भगवान शंकर, पार्वती के प्रतिरुप धारण किए वाहन पर बैठे युवा आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालु शिवबारात में महादेव के दर्शन के लिए मार्गों के दोनो तरफ खड़े रहे। शिव बारात दौरान युवा माथे पर चंदन और टीका लगाकर डीजे की धुन पर झूमते हुए चल रहे है। शिव बारात का जगह जगह भक्तों ने ठंडाई, खीर, हलवा, चाय, पानी व अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर स्वागत किया गया।

शहर के बलखंडेश्वर मंदिर, रामकुंड मंदिर, पठेश्वर मंदिर सहित अन्य स्थानों से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात शहर के मुख्य मार्गों से घूमते हुए पुनः रामकुंड, बलखंडेश्वर, पठेश्वर मंदिरों पहुंचकर समाप्त हुई। इस बारात में भगवान शिव के भूत-प्रेत, देवी-देवताओं के साथ ही जीवंत झांकियां और संगीत बैंड आकर्षण का केंद्र होते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए। शिव बारात के स्वागत के लिए लोगों ने सुबह से ही तैयारी कर ली थी साथ ही बारात में शामिल लोगों के लिए जगह जगह पानी व अन्य पेय पदार्थ का इंतजाम किया गया। शिव बारात देखने के प्रति महिलाओं पुरुषों में विशेष उत्साह नजर आया, कोई छतों पर तो कोई सड़क किनारे खड़ा होकर बारात में शिवजी व अन्य आकर्षित झांकियां को देखते रहे। शिव बारात दौरान हर हर शम्भू, जय भोलेनाथ के उद्घोषण से समूचा शहर गूंज उठा। शिव बारात चल रहे डीजों में बज रहे धार्मिक गीतों से वातावरण शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। शिव बारात दौरान भक्त गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे महादेव की भक्ति में डूब कर भक्ति करते रहे। वहीं जिले के ग्रामीण अंचल भरवारा, पनवाड़ी, श्रीनगर और कबरई में भी शिव बारात निकाली गई, जहां भक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए चले।



शिवबारात में शिव का रूप धारण किए युवक।



शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं की भीड़।




कलश यात्रा निकालते ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के लोग।

- शिवबारात में सजाई गईं झांकियों का जगह-जगह हुआ स्वागत
- महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से निकाली गई शिव बारात

### डीजे के साथ निकली शिव कलश यात्रा

**महोबा।** महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के तत्वावधान में त्रिमूर्ति शिव कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा की शुरुआत पुराने बस स्टैंड स्थित सेवा केंद्र में शिव ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर यात्रा ने भ्रमण किया। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। डीजे में शिव भक्ति गीत बज रहे थे। बीके सुधा ने बताया कि महाविशरात्रि पर्व पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण और लक्ष्मी-नारायण की झांकी निकाली गई।

### शिव बारात में अबीर-गुलाल की फुहार

**बेलाताल।** महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे में जगह जगह शिवबारात निकाली गई। डीजे की धुन पर शिव भक्त जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। शिव बारात दौरान अबीर गुलाल उड़ाया गया। कस्बे में शिवारात्रि का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कस्बे के मऊपुरा, नरैयापुरा, ड्योढीपुरा, मुख्य बाजार से निकली शिवबारात में भक्तों का हलवा, चाय पानी वितरित कर स्वागत किया। बारात चमन चौराहा, गुसियाना मुहाल से भी निकाली गई। शिबारात में शिवजी के गीत गाये गए। डीजे पर बज से भोला नई माने रे नई माने मचल गए नचने को, गीत पर युवा थिरके।



अल्ट्रासाउड सेंटर का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

# अल्ट्रासाउड सेंटर सीज करने के निर्देश

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** सीएमओ डॉ. आशाराम ने कस्बे के एक अल्ट्रसाउड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर में मानक पूरे न पाए जाने और डाक्टर के मौजूद न मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक को सेंटर अल्ट्रसाउड सेंटर सीज करने के निर्देश दिए। सीएमओ की इस कार्रवाई से फर्जी तरीके से अल्ट्रसाउड सेंटर और पैथालाजी चला रहे संचालकों में हड़कम्प मच गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने कस्बे के वाईपास तिराहे पर संचालित अल्ट्रसाउड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान मौके पर डाक्टर गायब मिले। सेंटर संचालक प्रपत्र भी नहीं दिखा सके, जिससे सीएमओ नाराज हो गए और उन्होंने चिकित्साधीक्षक पवन राजपूत को सेंटर को सीज की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएमओ के निरीक्षण से कब्जे और आसपास के क्षेत्र में प्रैक्टिस कर रहे झोलाछाप डाक्टरों और अल्ट्रसाउड सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया। सीएमओ के निरीक्षण की खबर से झोलाछाप डाक्टर अपनी अपनी क्लीनिक में ताला डालकर खिसक गए।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार का ख्याल

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- बजट पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों ने खूबियां गिनाईं
- बोले-विकास के पथ पर दिखेगा बजट का सकारात्मक असर

**अमृत विचार।** नगर के कम्यूनिटी हाल में बजट चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बुंदेलखंड के बजट पर चर्चा की गई। पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने कहा कि विधानसभा चरखारी क्षेत्र में जल्द ही स्पोर्ट्स कालेज खुलने जा रहा है। बजट से तहसील स्तर तक हवाई पट्टियां बनेंगी। सड़कों का विस्तार होगा और बजट में जल परिवहन पर भी फोकस किया जाएगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि बुन्देलखंड क्षेत्र शिक्षा का हब बनने जा रहा है, जिसमें युवाओं को कोटा, दिल्ली आदि शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर ध्यान दिया गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सक्सेना ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश का बजट 3 लाख 84 हजार करोड़ होता था, लेकिन अब 912 लाख करोड़ से अधिक का बजट योगी सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में केन्द्र का बजट 20 लाख करोड़ हुआ था और अब 59 लाख करोड़ का बजट केन्द्र सरकार का है। कहा कि प्रदेश सरकार ने 5 लाख युवाओं को नोकरी दी है। पहले 12 हजार महिला पुलिस कर्मी थे, 20 प्रतिशत महिलाओं को भर्ती करते हुए वर्तमान में 44 हजार महिला पुलिस कर्मी हैं, वहीं 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है। ज़िला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि रोजगार आजीविका मिशन के तहत बेरोजगारों को 125 दिन का रोजगार जीरामजी योजना में दिया जा रहा है। 12 लाख तक इनकम टैक्स में छूट दी जा रही है, जिससे मध्यम वर्ग को लाभ मिल रहा है। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष माधव कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, योगेश मिश्रा, राकेश अरजरिया, भूपेन्द्र सिंह चंदेल, दिनेश चौरसिया, राकेश भट्ट, हरीदास अनुरागी, चतुरसेन तिवारी, अजीत कुशवाहा, महेन्द्र, दुर्गेश सोनी आदि भाजपाई रहे।




कार्यक्रम में बोलते पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत। अमृत विचार

**सूर्य महोत्सव**

हवेली दरवाजा नाटक का फांसी पर झूलते हुए किया गया मंचन, राजस्थानी नृत्य ने मचाई धूम

# आल्हा ने महफिल में भरा जोश, फड़क उठीं भुजाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा


**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव में शनिवार की शाम को आल्हा गायन से शुरूआत की गई। आल्हा गायक हीरालाल साहू और राजपाल ने वीर रस के आल्हा प्रसंग सुनाते हुए लोगों को आल्हा सुनने के लिए मजबूर कर दिया। बड़े लड़ईए महोबे वाले जिन से हार गई तलवार, एक को मारे द्विई मर जावें तीसरा खौफ खाए मरजाए सुनकर दर्शकों की भुजाएं फड़कने लगी। आल्हा प्रेमियों ने बड़े शौक के साथ आल्हा गायन को सुना। वहीं बुंदेली लोक धुन पर भजन सुनकर लोग थोड़ी देर के लिए भक्ति में गुम हो गए।

बुंदेली लोक गायक चंदन राजपूत ने अपनी टीम के साथ भजन की शुरूआत की। आधा घंटे तक चले भजन कार्यक्रम को श्रोताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से सुना। इसके बाद बुंदेली कलाकार लखन यादव की टीम ने दिवारी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। दिवारी नृत्य दौरान लाठी डंडों से दिखाए गए हैरत अंगेज करतब को देखकर दर्शक दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। अवधी लोक गायन के युवा कलाकार सत्यांशु पटेल ने भोजपुर और अवधी गीतों पर भगवान राम के भजन प्रस्तुत किए। भजन सुनकर लोग झूमने को मजबूर हो गए।

श्यामबाबू और उनके साथियों ने राजस्थानी गीतों की धुन पर शानदान नृत्य पेश किया, जिसका दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। जितेंद्र चौरसिया और शरद अनुरागी ने अपनी टीम के साथ आल्हा गायन की प्रस्तुति देकर लोगों में जोश भर दिया। उधर प्रसिद्ध नाटक हवेली दरवाजा की संदीप चंदेल ग्रुप के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। नाटक में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन के बाद हवेली दरवाजा मैदान में शहीदों को पेड़ पर दी गई फांसी का कलाकारों ने शानदार मंचन किया। देश भक्ति पर आधारित नाटक को देखकर युवाओं में खासा जोश भर गया।



रंच मंच पर राजस्थानी नृत्य ने धमाल मचाया। अमृत विचार



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### प्रदर्शनी लगाकर कुष्ठ रोग की दी जानकारी

मोदी ग्राउंड में चल रहे सूर्य महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने प्रदर्शनी लगाई। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम के निर्देशन और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत वर्मा के पर्यवेक्षण में यह जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। प्रदर्शनी में कुष्ठ पर्यवेक्षक गिरिराज कश्यप, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुरेंद्र सिंह और मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमदास ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं और आमजन को जानकारी दी। उन्होंने कुष्ठ जागरूकता अभियान और टीबी बीमारी के बारे में बताया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर लोगों को नियमित दवा सेवन करने की सलाह दी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### टप्पेबाजों ने पार किया रुपयों से भरा बैग

**चित्रकूट।** फाटापुरवा रसिन निवासी शिवम सिंह पटेल ने अज्ञात लोगों पर टप्पेबाजी कर रुपयों से भरा बैग लेकर भागने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह अन्य परिवारीजनों के साथ 14 फरवरी को बहन की शादी का सामान खरीद रहा था। इसी दौरान कुछ लोग उसके वाहन के पास आए और कहा कि गाड़ी से मोबिल आयल बह रहा है। इस पर वे लोग उतरकर देखने लगे। इसी दौरान इन युवकों ने बैग पार कर दिया।

### छोटे भाई पर बरछी से वार करने का आरोप

**चित्रकूट।** सरधुआ निवासी सुरेश उर्फ कल्लू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके दरवाजे पर मिट्टी पड़ी थी। उसका छोटा भाई रामस्वरूप इसे ले जा रहा था। मना करने पर गालियां देने लगा और बरछी से वार कर दिया।

### पानी डालने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट

**चित्रकूट।** सरधुआ थानांतर्गत चिल्लीमल निवासी सीमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर जाने वाले रास्ते पर किसी ने पानी डाल दिया था। इसी बात को लेकर गांव निवासी सविता गालीगलौज करने लगी और उसके पति गनेश ने उसे और उसकी बेटी वर्षा को मारापीटा। अन्य लोगों छेद्दी, श्यामलाल, बीरबल, राजकुमारी ने भी मारपीट की। उधर, सविता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके चाचा के पुत्र विनोद ने दरवाजे पर थूक दिया। इसके बाद सीमा, छाया, वर्षा ने उन लोगों के साथ मारपीट की।

### कवि सम्मेलन में बही हास्य,व्यंग की रसधार

**चित्रकूट।** पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अधोक्षानंद देवतीर्थ महाराज के मार्गदर्शन में ग्राम कोलौहा में शिवशक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी आराधना यज्ञ मंडप में बीते दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकूट के अलावा बांदा एवं उन्नाव के कवियों ने विभिन्न रसों की कविताओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतर्रा की कवयित्री प्रियंका त्रिपाठी 'तरंग' ने सरस्वती वंदना की। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा चित्रकूट के अध्यक्ष डा.मनोज द्विवेदी, राष्ट्रीय ग्रामीणांचल रामायण मेला खेरिया के अध्यक्ष विमल कांत तिवारी ने कवियों का स्वागत माल्यार्पण, अंगवस्त्रम् से किया। सूर्यकांत मौर्य 'अंगारा', संदीप श्रीवास्तव 'दीप', दिनेश दीक्षित 'संघर्षी'. प्रियंका त्रिपाठी तरंग, श्रीनारायण तिवारी आदि ने रचनाओं से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। अध्यक्षता रामलाल द्विवेदी 'प्राणेश' ने की। संचालन दिनेश दीक्षित 'संघर्षी' ने किया।


तीर्थक्षेत्र में मत्यगजेंद्रनाथ महाराज के जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।


मंदाकिनी में स्नान करते आस्थावान। अमृत विचार


पालेश्वर नाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था संभाले पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# हर -हर, बम-बम महादेव के उद्घोष से गूंजे शिवालय

## धूमधाम से निकली महाराजाधिराज की बारात, जगह-जगह हुई पूजा और पुष्प वर्षा, भोर से लेकर देररात तक लगी रहीं कतारें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर पूरे जिले में ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारे लगे। मठ-मंदिरों में सुबह से देर रात तक भोले बाबा की पूजा अर्चना का दौर चला। तीर्थक्षेत्र में धूमधाम से महाराजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात निकली। जबलपुर का बैंड और शहनाई तथा प्रयागराज से आई झांकी आकर्षण का केंद्र रही।


धूमधाम से निकलती महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ की बारात। अमृत विचार

मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास की अगुवाई में मंदिर की फूलों से भव्य सजावट की गई। सुबह से ही जलाभिषेक के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। दोपहर से फलाहारी भंडारे का दौर चला और शाम चार बजे रामघाट से महाराजाधिराज सरकार मत्तगजेंद्रनाथ की बारात निकली। बारात में अखाड़ों के निशान, संत महंत, प्रयागराज की झांकी, जबलपुर का बैंड आकर्षण के केंद्र रहे। बारात रामघाट से जयपुरिया तिराहा होते हुए पुराना सीतापुर बस स्टाप, चौगलिया होते हुए रामघाट पहुंची। मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन बिहारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर तीन महाआरती और मंगला आरती हुई। जबलपुर की शहनाई मंदिर में गूंजती रही और पूरी रात भजन, कीर्तन, अनुष्ठान और रतजगा का दौर चला। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह और उनकी टीम ने जयपुरिया तिराहे में बारात का स्वागत किया गया। स्वागत में अंकित पहारिया, जानकीशरण सिंह, जानकीशरण गुप्ता, कर्वी माफ़ी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल, अतुल सिंह, वीपी पटेल, कमल सिंह, अशोक सिंह, संजय सोनी आदि मौजूद रहे।

### तुलसीतीर्थ में भी रही धूम

■ **राजापुर चित्रकूट।** तुलसीतीर्थ में सब्जी मंडी के देवीदयाल शिवाला व सिद्धेश्वर महादेव में भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने शिव बारात निकाली। पंडित गौरव द्विवेदी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव ने वैराग्य को त्यागकर गृहस्थ जीवन को अपनाया था। मां पार्वती प्रश्नकर्ता और भगवान शिव समाधानकर्ता के रूप में भक्तों के संतापों को नष्ट करते हैं। सोमेश्वरनाथ (सोमनाथ) मंदिर में भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह आदि ने मंदिर में दर्शन कर जलाभिषेक किया।

### पहाड़ी में पालेश्वरनाथ मंदिर में लगी कतारें

■ महाशिवरात्रि पर्व पर पहाड़ी के मध्य पर्वत पर विराजमान भगवान पालेश्वर नाथ के मंदिर में सुबह भक्तों की लाइन लग गई। भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर राजेश यादव, जंगबहादुर सिंह तोमर और पुलिसकर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। महाशिवरात्रि पर पालेश्वर नाथ भगवान के दर्शन के लिए क्षेत्र के ओबरी, महाराजपुर, बकटा बुजुर्ग, खरसेड़ा, नांदी, बाबूपुर, पचोखर, असोह, देवल, कुचारम आदि गांवों-मजरों से भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

## दो स्काउट मास्टर व तीन रोवर लीडर हुए सम्मानित

**चित्रकूट।** लखनऊ में बीते दिन समारोह में जिले के तीन रोवर लीडर एवं दो स्काउट मास्टरों को हिमालय वुड बैज पार्चमेंट देकर सम्मानित किया गया। तथा बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी की रेंजर काजल देवी को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार मौजूद रहे। समारोह में रामदयाल रोवर लीडर,(बृजेंद्र ओपन रोवर क्रू), ललित कुमार यादव (जिला संगठन कमिश्नर स्काउट) आशीष साहू (भगत सिंह ओपन रोवर क्रू) सीताराम सिंह स्काउट मास्टर (प्राथमिक विद्यालय इटखरी) जानकी शरण (निषाद राज ओपन स्काउट दल) शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिमालय वुड बैज जैसे उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सम्मान बहुत कम लोगों को प्राप्त होते हैं। यह केवल एक बैज नहीं, बल्कि वर्षों की साधना, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की मुहर है। तीनों रोवर लीडर और दोनों स्काउट मास्टरों ने कहा कि इस उपलब्धि का वास्तविक श्रेय उनके मार्गदर्शकों को जाता है। उन्होंने अपने जिला सचिव सुरेश प्रसाद और ट्रेनिंग कमिश्नर मोहनलाल दीन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बजट में मिली संजीवनी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के बजट में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड को बड़ी संजीवनी मिली है। योगी सरकार ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश व रोजगार की संभावनाओं पर जोर दिया है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए जमीनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। आशा जताई जा रही है कि इसके बन जाने के बाद क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे,बुनियादी ढांचा भी बेहतर होगा।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट रोड में रक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख इकाइयों की स्थापना व बुनियादी ढांचे के विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने चित्रकूट में लगभग 672 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए लगभग 210 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। यह कंपनी ड्रोन तकनीकी के क्षेत्र में यहां पर 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। चित्रकूट की कर्वी तहसील क्षेत्र के गांवों में अधिग्रहीत की गई जमीन में 1816 किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। क्षेत्र को विशेष रूप से डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। विकसित हो रहे इस नोड से लगभग 15,000 से 18,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है।

## सभी लोग शांतिपूर्वक मनायें त्योहार

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना सभागार में शनिवार को हुई पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व क्षेत्राधिकारी राजकमल ने लोगों से अपील की कि वे त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाएं।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। दोनों समुदायों से अपील की गई है कि महाशिवरात्रि व रमजान मुबारक पर आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। बताया कि शिव मंदिरों व मस्जिद के आसपास सफाई और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। सीओ ने बताया कि राजापुर, पहाड़ी, सरधुआ, रैपुरा के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शिव मंदिरों में विशेष पुलिस बल तैनात किया जाए। कोई भी व्यक्ति त्योहार के समय उपद्रव करते हुए पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुस्लिम समाज की उप प्रबंधक नूरी खान ने कहा कि दोनों समुदायों ने आज तक आपसी भाईचारा के साथ रहना सीखा है। लोग आपस में एक दूसरे के त्योहारों में शरीक होकर सद्भावना तथा प्रेम से मानते चले आ रहे हैं। शंकर दयाल जायसवाल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस में समता मूलक समाज की स्थापना करने के लिए लिखा है।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद एसडीएम फूलचंद्र यादव, सीओ राजकमल।

● **थाना राजापुर में हुई पीस कमेटी की बैठक**

इस दौरान थाना प्रभारी राजापुर लाखन सिंह, उप निरीक्षक अनिल सिंह, सभासद चमन रैकवार, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, विकास जायसवाल, वसीम कुरैशी, बबलू कुरैशी, मंगल पांडेय, राजेश केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा में भगवान की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**राजापुर चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के ग्राम सिधौली के प्राचीन हनुमान सिद्ध मंदिर के परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक रामकिशोर शास्त्री ने गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। कथाव्यास ने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथावाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। इस मौके पर कथा आयोजक विश्वनाथ राजपूत, ग्राम प्रधान भानपुर शिवचरण अवस्थी, पप्पू द्विवेदी, जागेश्वर राजपूत, राहुल राजपूत, कल्लू पाठक आदि मौजूद रहे।


भगवान के स्वरूपों की सजी झांकी।

## ग्रामोदय विवि का स्थापना स्मृति दिवस संपन्न

**सीतापुर चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का स्थापना स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया गया। परिसर स्थित आनंदेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक चौबे ने यजमान के रूप में विधिवत् रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। ग्रामोदय महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक, ललित कला, बौद्धिक एवं खेलकूद की विविध प्रतियोगिताएं की गई थीं। कुलपति ने शील्ड, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र दिए। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. डीपी राय, प्रो. आंजनेय पांडेय, प्रो. साधना चौरसिया शिक्षक,अधिकारी मौजूद रहे। समारोह का संयोजन प्रो. नंदलाल मिश्र, प्रो. घनश्याम गुप्ता ने किया।


छात्रा को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. आलोक चौबे। अमृत विचार

## महायज्ञ का उद्देश्य जगत का कल्याण : स्वामी अधोक्षजानंद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मड़फा महादेव मंदिर में चल रहे दस दिवसीय शिवशक्ति राजराजेश्वरी महायज्ञ आराधना के नौवें दिन महाशिवरात्रि पर भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास रहा। इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानंद ने कहा कि ऐसे महायज्ञों का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जगत कल्याण, सनातन संस्कृति की स्थापना और समाज को धर्म से जोड़ना है।

जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानंद महाराज के सान्निध्य में भगवान शिव-पार्वती की विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि यह पावन स्थल प्रभु श्रीराम की तपोस्थली है। मड़फा महादेव इस क्षेत्र के रक्षक देव हैं, जो विंध्य की अद्वितीय पर्वतमाला पर विराजमान होकर संपूर्ण चित्रकूट धाम की रक्षा करते हैं। प्रदेश के श्रम राज्यमंत्री रघुराज सिंह ने कहा कि उन्हें इस दिव्य स्थल पर दर्शन और महायज्ञ में सहभागी होने का सौभाग्य मिला है। भाजपा राष्ट्रीय समन्वयक बलराज नुने ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए ऐसे अनुष्ठान होते रहने चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी पीएन द्विवेदी भी मौजूद रहे। महाशिवरात्रि पर्व के अंतर्गत पारंपरिक रीति से भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें देवताओं, गणों के स्वरूपों की सुंदर झांकियां रहीं। पर्वतमालाओं की घाटियों से गुजरती यह बारात जब मड़फा महादेव मंदिर पहुंची तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद नाबाम रिबिया ने भी पूजा-अर्चना की।


मड़फा महादेव की पूजा करते राज्य मंत्री और महराज शंकराचार्य अधोक्षजानंद महराज।

**आयोजन** | 53वें महोत्सव का धूमधाम व श्रद्धापूर्वक हुआ शुभारंभ

# विश्व का प्रथम ग्रंथ है मानस : जगद्गुरु राघवाचार्य

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेले के 53वें महोत्सव का महाशिवरात्रि पर धूमधाम से शुभारंभ हुआ। अयोध्या से आए जगद्गुरु राघवाचार्य, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजीत कुमार व प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जगद्गुरु राघवाचार्य ने श्रीरामचरित मानस को विश्व का प्रथम ग्रंथ बताते हुए राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने की जरूरत बताई।

उन्होंने कहा कि रामायण एक ऐसा ग्रंथ है, जो दोषरहित है। रामायण भारत का प्राण है। इसका संदेश जनजन तक पहुंचाना रामायण मेले का ही उद्देश्य है। उन्होंने श्रीराम को सभी जीवों की आत्मा बताया। कहा कि भगवान का एक नाम न्याय भी है। चित्रकूट और अयोध्या दोनों एक हैं। यहां की मंदाकिनी सरयू का ही रूप है। चित्रकूट में भगवान राम हमेशा वास करते हैं, चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु श्री लखन समेत। न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने कहा कि महाकवि तुलसीदास ने यह लिख दिया है कि जो जिस कर्म को कर रहा है, उसमें सत्य को धारण करे और उसी के मार्ग से ईश्वर की पूजा करे। महाभारत भी सत्य की असत्य पर विजय का ग्रंथ है जो यह बताता है कि धर्म की स्थापना करने के लिए ईश्वर बारबार जन्म लेंगे।जब भी हम अपने धर्म, अपने सत्य से हटेंगे तब तब ईश्वर इस भूमि की रक्षा करने के लिए स्वयं आएंगे क्योंकि मनुष्य ईश्वर की सबसे सुंदर रचना है।


राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारंभ करते अतिथि और समिति के पदाधिकारी।

### धर्म की स्थापना मेले का उद्देश्य

■ जगद्गुरु ने कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेले का मूल उद्देश्य धर्म की स्थापना करना है। वहीं उन्होंने महर्षि वाल्मीकिकृत रामायण की भी महानता बताई। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि यह ऐतिहासिक रामायण मेला है। इसमें देश भर के विद्वान मर्मज्ञ, अध्यात्मिक जानकार चर्चा करते हैं।

### पहले दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

■ राष्ट्रीय रामायण मेले के पहले दिन रामाधीन आर्य मऊरानीपुर और रोशनी शर्मा बिसंडा ने भजनों की प्रस्तुति दी। महोबा के शरद अनुरागी, लखनऊ के प्रीतीलाल, अंजली खन्ना, बांदा की श्रद्धा निगम, संजोली पांडेय, वृंदावन के भूदेव शर्मा की अगुवाई में रासलीला ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित और करुणाशंकर द्विवेदी ने किया।



मऊ क्षेत्र अंतर्गत भगवान शिव के प्रसिद्ध महेवा आश्रम में भक्तों की भीड़।

## मऊ में महाशिवरात्रि पर उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ नगर पंचायत में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम रहा। सुबह से ही क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

क्षेत्र के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल ऋषियन और महेवा आश्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं नगर पंचायत स्थित मां कालिंदी के तट पर स्थित कैलाश विहार शिवबाबा मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्तिभाव से ओत-प्रोत नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर रात्रि जागरण और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी आध्यात्मिक हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ANWAR से बदलकर MOHAMMAD ANWAR IDRISI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMAL AHMAD ADD-14/549, BARAF KHANA, MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001(U.P.)

**सूचना**
मेरे पुत्र MOHAMMAD AKRAM के पासपोर्ट मे मेरा नाम त्रुटि वश SHAHIN JAHAN लिख गया जबकि मेरा सही नाम SARIN JAHAN है। भविष्य मे मुझे SARIN JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD ANWAR IDRISI ADD-14/549, BARAF KHANA, NAI BASTI MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IRFAN KHAN से बदलकर MOHD IRFAN KHAN रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD IRFAN KHAN S/0-SAGEER AHMAD ADD-VILL-GAURA BUJURG GAURA CHAUKI PS-KHODAREDIST-GONDA-271312 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम ZUBER ALI से बदलकर ZUBAIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-WAHID ALI ADD-FLAT NO-1 1ST FLOOR HN NO-41/565, NAWAB ASGAR ALI, HUSAIN ROAD NARHI, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2207737 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1715961 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **नीतू यादव पुत्री राजकरन निवासी– ग्राम सिहौली, पोस्ट न प कोइरीपुर जिला सुल्तानपुर यू0पी0**

**सूचना**
मैं **तवरेज आलम पुत्र वाहिद अली, निवासी ग्राम– जगदीपुर पो0 मिश्रपुर थाना– कोतवाली देहात तह0 लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर** मेरा एम0एस0सी0 –एग्रोनामी वर्ष 2018–2019 अन्तिम वर्ष जिसका रोल नम्बर 172020718305 का मूल अंक–पत्र दिनांक 19/10/2025 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कल्पेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अतः मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कल्पेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई।**

अमृत विचार
सोमवार, 16 फरवरी 2026





प्रेम बंधनों में नहीं आता। यह पंखों के साथ आता है।
-सत्यजीत रे, फिल्मकार

# दूरदर्शी परियोजनाएं

साउथ ब्लॉक में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, वे बुनियादी ढांचे पर केंद्रित दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का संकेत हैं। रेल, पुल, शहरी परिवहन, पूर्वोत्तर और औद्योगिक निवेश से जुड़े प्रस्तावों का सम्मिलित आकार, जो लगभग चार लाख करोड़ रुपये का है, यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया गया, तो इसका असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों पर विशेष रूप से दिखाई देगा। सबसे प्रमुख निर्णयों में रेल और सेतु परियोजनाओं के लिए लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है। पिछले एक दशक में रेलवे का पूंजीगत व्यय कई गुना बढ़ा है। 2013-14 में जहां यह लगभग 63 हजार करोड़ रुपये था, वहीं हाल के वर्षों में यह तीन लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका है।

यह बताता है कि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत घटाने और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर का केंद्र है और जहां डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के महत्वपूर्ण खंड गुजरते हैं, इन परियोजनाओं से औद्योगिक निवेश और निर्यात क्षमता में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकता है। 2254 करोड़ रुपये की लागत से नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार ग्रेटर नोएडा और आईटी-औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देगा। इससे रियल एस्टेट, स्टार्टअप इकोसिस्टम और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश पहले ही एक्सप्रेसवे और मेट्रो नेटवर्क विस्तार के माध्यम से बुनियादी ढांचे में निवेश का मॉडल प्रस्तुत कर चुका है; यह कदम उस श्रृंखला को आगे बढ़ाएगा। उत्तराखंड के संदर्भ में, रेल और पुल परियोजनाएं सामरिक तथा पर्यटन दोनों दृष्टियों से अहम हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और रेल संपर्क लंबे समय से विकास की कुंजी माने जाते रहे हैं। चारधाम परियोजना और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन जैसी पहलों के साथ यदि नई स्वीकृतियां जुड़ती हैं, तो राज्य की अर्थव्यवस्था, जो पर्यटन और रक्षा प्रतिष्ठानों पर निर्भर है, उसे स्थायित्व मिलेगा। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक केंद्र और उत्तराखंड को सामरिक-पर्यटन हब बनाने की दिशा में यह कदम उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक और आरबीआई के आकलन के अनुसार बुनियादी ढांचा निवेश का गुणक प्रभाव 2 से 2.5 तक हो सकता है, अर्थात एक रुपये के निवेश से दो रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होती है।

ये निर्णय केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे आधारित विकास मॉडल की पुनर्पुष्टि हैं। बशर्ते घोषणाएं धरातल पर उतरें। बेशक, व्यावहारिकता का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। पिछली कैबिनेट बैठकों में घोषित कई परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी और वित्तीय पुनर्संतुलन के कारण विलंबित हुई हैं। यदि परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो वे अगले दशक की आर्थिक संरचना को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं; अन्यथा वे भी कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाने का जोखिम उठाएंगी, इसलिए साफ है कि इन ऐतिहासिक घोषणाओं की सफलता, इन्हें लागू कराने वाली एजेंसियों की समय सीमा प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की सुदृढ़ता ही तय करेगी।

## प्रसंगवश

# बिखरते परिवारों को संजोने की जरूरत



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है और परिवार नागरिकता की प्रथम पाठशाला भी है। एक बच्चा जब पैदा होता है, तब वह मां की ही गोद में अपनी आंखें खोलता है और मां ही उसकी प्रथम शिक्षिका होती है। मां उसे जो-जो शिक्षा देती जाती है, बच्चा उसी शिक्षा को आत्मसात करता जाता है, इसीलिए ईएम व्हाइट ने कहा, 'परिवार के गुण नागरिकता के गुणो में वैसे ही बदल जाते हैं, जैसे कली खिलकर फूल बन जाती है।' इसी बात को एक विद्वान ने कहा कि बच्चा परिवार का दर्पण होता है, जिसमें उस परिवार के सभी गुण परिलक्षित होते हैं।

उपर्युक्त से प्रतीत होता है कि परिवार हमारे सबके जीवन में कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कहते हैं कि परिवार से ही समाज बनता है और समाज से देश। यानी जब हम समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार की परवरिश अच्छे ढंग से करेंगे, तो निश्चित रूप से हम एक सुशिक्षित एवं संस्कारी समाज की ओर अग्रसारित होकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं।

एक बच्चा पहले परिवार से सीखता है, फिर समाज से सीखता है और फिर वह देश का नागरिक बन जाता है। बहुत पहले हमारे समाज में संयुक्त परिवार का प्रचलन था, लेकिन आधुनिक अबो-हवा एवं बढ़ते हुए पश्चात संस्कृति ने हमारे संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया है। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे टूट कर एकल परिवारों में परिवर्तित हो रहे हैं, जिससे मानव समाज का जीवन दुष्कर एवं नारकीय होता जा रहा है। हर व्यक्ति के जीवन में सूनापन एवं एकाकीपन है। जीवन के रास्ते पर चलते हुए, यदि उसके जीवन में धक्का लग जाए, तो उसे उठाना तो दूर उसे कोई सांत्वना देने वाला नहीं मिलेगा। आखिरकार हम पढ़-लिखकर सभ्य एवं सुशिक्षित होकर किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, यह एक विचारणीय यक्ष प्रश्न है, जिस पर आजकल के परिवार एवं समाज को सोचना चाहिए। बदलते आधुनिक परिवेश में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास दिन प्रतिदिन होता जा रहा है, जिससे पारिवारिक विघटन तेजी से हो रहा है।

वैसे तो पारिवारिक विघटन के अनेकानेक कारण हैं, लेकिन कुछेक कारणों का विश्लेषण यहां पर किया जा सकता है। इसमें सबसे प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कारण है, आर्थिक कारण। पिछले जमाने में हमारा समाज मूल्यों पर चलता था। समाज में नैतिक मूल्यों का बोलबाला रहता था। अर्थ गौण था, लेकिन आधुनिक समाज ने अब यह काम ठीक इसके उलट कर दिया है, जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। उसका समाज में कोई वजूद नहीं है। अर्थ के कारण ही आज आदमी घर-परिवार एवं समाज को छोड़कर दूरस्थ स्थानों पर नौकरी करने के लिए चला जाता है।

रोजगार के अभाव में आजकल लड़के और लड़कियों की शादी समय पर नहीं हो पा रही है। शादी महंगी होती जा रही है। एक शादी करने में लोगों की कमर टूट जा रही है और बढ़ती महंगाई उसमें आग में घी का काम कर रही है, इसीलिए आर्थिक मूल्य के आगे नैतिक मूल्यों को कमतर आंका जा रहा है। दूसरा प्रमुख कारण है, संस्कार। आजकल मां-बाप दोनों कामकाजी हैं और दोनों के कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश अच्छे ढंग से नहीं हो पा रही है। नौकरीशुदा बहुओं ने तो परिवार का आमूल-चूल परिवर्तन कर दिया है। अब यह नई बहुएं परिवार में समायोजन के स्थान पर अपनी नई सरकार चलाती हैं। पति के सब कुछ जानते हुए, मौन के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता नहीं होता है, इसीलिए पारिवारिक मूल्यों को पहचानें एवं उन्हें पुनर्स्थापित करें, तभी पुराना गौरव लौट पाएगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# बांग्लादेश में नया दौर: हिंदुओं के लिए उम्मीद या खतरा?






विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

बांग्लादेश में बीएनपी की जीत बताती है कि लोग बदलाव चाहते हैं। क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी?

बांग्लादेश में हाल ही में हुए आम चुनावों ने सबको चौंका दिया है। 12 फरवरी 2026 को हुए इन चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया। तारिक रहमान अब नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और उनकी पार्टी ने 209 से ज्यादा सीटें जीतीं हैं, जो दो-तिहाई बहुमत है। जमायते-ए- इस्लामी जैसी पार्टी दूसरे नंबर पर आई है, लेकिन बीएनपी की जीत से लगता है कि लोग बदलाव चाहते हैं।

2024 के छात्र विद्रोह के बाद शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया गया था और ये पहला चुनाव था, जहां लोग आजादी से वोट डाल सके, लेकिन अब सवाल ये है कि क्या इस नई सरकार में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा मिलेगी, या उनकी हालत पहले जैसी ही खराब रहेगी? ये सिर्फ एक देश की नहीं, बल्कि इंसानियत की बात है।

सबसे पहले तो बांग्लादेश के इतिहास को समझना जरूरी है। 1971 में जब बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ, तो वो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में बना था, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की हालत लगातार खराब होती गई। उस समय हिंदू आबादी 30 फीसद के करीब थी, लेकिन अब घटकर 8-9 फीसद रह गई है। क्यों? क्योंकि बार-बार हमले, लूटपाट, बलात्कार और जमीन हड़पने की घटनाएं हुईं। पाकिस्तान के समय में तो हिंदुओं को दुश्मन संपत्ति एक्ट के तहत उनकी जमीनें छीन ली गईं, और ये सिलसिला आज तक चल रहा है। अवामी लीग के समय में भी हमले होते थे, लेकिन बीएनपी और जमात के साथ मिलकर सरकार बनने पर ये और बढ़ जाते थे।

याद कीजिए 2001 का चुनाव। बीएनपी ने जीत हासिल की थी और उसके बाद पूरे देश में हिंदुओं पर संगठित हमले हुए। हजारों घर जलाए गए, महिलाओं के साथ जुल्म हुए और कई लोग मारे गए। मानवाधिकार संगठनों ने रिपोर्ट की कि ये हमले बीएनपी के समर्थकों और जमायते-ए-इस्तामी के लोगों ने किए थे, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता था। पुलिस ने कुछ नहीं किया और सरकार ने इनकार कर दिया। इसी तरह 1990 और 1992 में भी हिंदू मंदिरों पर हमले हुए थे।

बीएनपी की सरकार (2001-2006) में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का कोई सिस्टम नहीं था। जमात जैसी पार्टियां, जो इस्लामी कट्टरपंथ को बढ़ावा देती हैं, उनके साथ गठबंधन से हालात और बिगड़े। 1971 की मुक्ति संग्राम में जमात ने पाकिस्तान का साथ दिया था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए थे। तो बीएनपी की जीत से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं।

अब बात करें हाल की। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार आई, लेकिन उसके बाद से अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़ आ गई। भारत सरकार के मुताबिक, 2900 से ज्यादा घटनाएं हुईं, जिसमें हिंदू घरों को जलाया गया, मंदिर तोड़े गए और लोग मारे गए। कई हिंदू भारत भाग आए। चुनाव से पहले ये हमले और बढ़ गए। राजशाही में एक हिंदू टीचर कहते हैं कि वो राजनीति पर भरोसा करने के आखिरी कगार पर हैं। ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसायटी की रिपोर्ट कहती है कि 17 महीनों में 56 हमले हुए, जिसमें एक मौत और 27 घायल। ये हमले सिर्फ हिंदुओं पर नहीं, बल्कि बौद्ध, ईसाई और आदिवासी समुदायों पर भी हुए।

कई लोग कहते हैं कि ये हमले धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक हैं, क्योंकि हिंदुओं को अवामी लीग का समर्थक माना जाता है, तो बदला लिया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार कहती है कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि साधारण अपराध हैं, लेकिन मानवाधिकार संगठन और हिंदू नेता कहते हैं कि ये सिस्टेमेटिक है और चुनाव के समय में बढ़ रहा है। बीएनपी ने चुनाव में हिंदू उम्मीदवार दिए हैं और जमात ने भी एक हिंदू को टिकट दिया। तारिक रहमान ने कहा है कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा देगी, लेकिन इतिहास देखकर डर लगता है।

अगर जमात के साथ गठबंधन हुआ, तो इस्लामी कानूनों की मांग बढ़ सकती है, जो अल्पसंख्यकों के लिए मुश्किल होगी। अब सवाल ये है कि क्या हालत सुधरेगी? बीएनपी की जीत से कुछ लोग उम्मीद कर रहे हैं। चुनाव में वोटर टर्नआउट 59 फीसद था और लोग लोकतंत्र चाहते हैं। बीएनपी ने अर्थव्यवस्था सुधारने और लोकतंत्र बहाल करने का वादा किया है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए ये टेस्ट होगा। अगर सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो हमले जारी रहेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर भारत को दबाव बनाना चाहिए। भारत ने पहले ही कहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जरूरी है। एक्स पर भी लोग बात कर रहे हैं, जैसे एक यूजर ने कहा है कि बीएनपी की जीत से हिंदुओं की सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ये कोई राजनीतिक खेल नहीं है। ये लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई सबको बराबर हक मिलना चाहिए।

अगर बीएनपी सरकार ने पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं और जमात जैसे कट्टरपंथियों को काबू में रखा, तो शायद हालत सुधरे, लेकिन अगर नहीं, तो स्थिति और खराब हो सकती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि नई सरकार सबको साथ लेकर चले, क्योंकि एक देश तभी तरक्की करता है जब सब सुरक्षित महसूस करें। भारत जैसे पड़ोसी देशों को मदद करनी चाहिए, लेकिन बिना दखल दिए। आखिर में, इंसानियत से ऊपर कुछ नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



यह तुलना निंदनीय है और कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सपकाल को छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।
-देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

भाजपा पहले टीपू सुल्तान का सम्मान करती थी, लेकिन अब ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए उनके खिलाफ माहौल बना रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा स्वयं टीपू सुल्तान की कब्र पर गए थे और आगंतुक पुस्तिका में प्रशंसा लिखकर गए थे।
-सचिन सावंत
कांग्रेस नेता, महाराष्ट्र



# आईटी शेयरों में गिरावट व निवेशकों पर प्रभाव



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

अमेरिका और यूरोप में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है।

पिछले कुछ महीनों में भारतीय शेयर बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सेक्टर में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। एक समय बाजार का नेतृत्व करने वाला यह सेक्टर अब दबाव में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2026 की शुरुआत से कई प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि आईटी इंडेक्स भी अपने पिछले उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। यह स्थिति निवेशकों के लिए चिंता का विषय है और यह समझना आवश्यक हो गया है कि आखिर आईटी शेयरों में गिरावट क्यों आ रही है और आगे निवेश की रणनीति क्या होनी चाहिए।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। भारतीय आईटी कंपनियों की आय का लगभग 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका और यूरोप से आता है। इन देशों में कॉरपोरेट खर्च में कमी, आईटी बजट में कटौती और मंदी की आशंका के कारण नए प्रोजेक्ट्स की गति धीमी हुई है। जब विदेशी कंपनियां लागत कम करने लगती हैं, तो सबसे पहले आईटी सेवाओं के नए अनुबंध प्रभावित होते हैं, जिसका सीधा असर भारतीय कंपनियों की आय पर पड़ता है। दूसरा बड़ा कारण ब्याज दरों का प्रभाव है। पिछले दो वर्षों में अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। इससे कंपनियों की पूंजी लागत बढ़ी और तकनीकी निवेश धीमा पड़ा, हालांकि कुछ केंद्रीय बैंकों ने दरों में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, जिससे आईटी सेक्टर पर दबाव जारी है।

तीसरा कारण तकनीकी बदलाव है, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का तेजी से विस्तार। एआई ने आईटी उद्योग के पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है। कई कंपनियां अब कम मानव संसाधन में अधिक कार्य कर पा रही हैं, जिससे पारंपरिक आउटसोर्सिंग सेवाओं की मांग पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है। इससे निवेशकों में यह धारणा बनी है कि भविष्य में आईटी कंपनियों की वृद्धि दर पहले जैसी तेज नहीं रह सकती।

चौथा कारण वैल्यूएशन का संतुलन है। पिछले एक दशक में आईटी कंपनियों को स्थिर आय, उच्च मार्जिन और मजबूत नकदी प्रवाह के कारण प्रीमियम वैल्यूएशन मिलता रहा, लेकिन अब निवेशक उच्च वैल्यूएशन को लेकर सतर्क हो गए हैं और मुनाफावसूली बढ़ी है, जिससे शेयरों में गिरावट आई है।

यदि वैश्विक प्रदर्शन की बात करें तो केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में आईटी और टेक्नोलॉजी शेयरों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। अमेरिका के प्रमुख टेक इंडेक्स में भी पिछले महीनों में अस्थिरता रही है, हालांकि सेमीकंडक्टर और क्लाउड आधारित कंपनियां अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन आईटी सेवाओं और सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग क्षेत्र में वृद्धि दर धीमी हुई है। यूरोप और एशिया के कई टेक शेयर भी दबाव में रहे हैं। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है, क्योंकि विदेशी निवेशकों की भागीदारी भारतीय आईटी शेयरों में काफी अधिक है।

भारतीय निवेशकों पर इसका प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देता है। सबसे पहले, जिन निवेशकों के पोर्टफोलियो में आईटी सेक्टर का अधिक वजन है, उनके कुल निवेश मूल्य में गिरावट आई है। दूसरा, कई इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में आईटी कंपनियों की हिस्सेदारी अधिक होने के कारण उनके रिटर्न पर भी असर पड़ा है। तीसरा, बाजार में अस्थिरता बढ़ने से नए निवेशकों का भरोसा अस्थायी रूप से कमजोर हुआ है।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह आईटी शेयरों में निवेश का सही समय है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। अल्पकालिक निवेशकों के लिए आईटी सेक्टर अभी भी जोखिमपूर्ण रह सकता है, क्योंकि वैश्विक मांग में सुधार के संकेत स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए यह चरण अवसर भी बन सकता है, क्योंकि भारत की आईटी कंपनियां अभी भी मजबूत बैलेंस शीट, उच्च नकदी भंडार और वैश्विक उपस्थिति रखती हैं। चरणबद्ध निवेश और लंबी अवधि का दृष्टिकोण यहां अधिक सुरक्षित माना जा सकता है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त रणनीति 'शॉक-प्रूफ पोर्टफोलियो' बनाना है। इसका अर्थ है ऐसा पोर्टफोलियो, जिसमें किसी एक सेक्टर की गिरावट पूरे निवेश को प्रभावित न कर सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो में लगभग 30 से 35 प्रतिशत निवेश बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में रखा जा सकता है, क्योंकि यह सेक्टर घरेलू अर्थव्यवस्था की वृद्धि से लाभान्वित होता है। 15 से 20 प्रतिशत निवेश आईटी और डिजिटल कंपनियों में रखा जा सकता है, ताकि भविष्य की तकनीकी वृद्धि का लाभ भी मिलता रहे। इसके अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत निवेश सोना, चांदी या अन्य कमोडिटी में रखना उपयोगी हो सकता है, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता के समय ये परिसंपत्तियां सुरक्षा प्रदान करती हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# आयरलैंड की बहादुर प्रेमिका





अनुपम गुप्ता
ब्लॉगर

1972 में आयरलैंड-ब्रिटिश युद्ध के दौरान ली गई यह तस्वीर एक आयरिश लड़की की है। वह अपने मंगेतर की बंदूक से गोली चला रही है, जो ब्रिटिश आर्मी से युद्ध के दौरान घायल हो गया था। उसका घायल मंगेतर एक कार द्वारा सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिए जाने के कारण बच गया, जबकि प्रेमिका ब्रिटिश सैनिकों से मुठभेड़ के दौरान मारी गई।

जब इंग्लिश सेना के बटालियन कमांडर को यह पता लगा कि वे एक महिला से लड़ रहे थे, तब उन्होंने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे महिला के शव को हांथ न लगाएं और आयरिश लोगों को उसका शव दफ़नाने की अनुमति दे दी। तब उन लोगों ने कमांडर को यह कहते भी सुना कि-

'We defend a queen who doesn't care about us. And this woman cares about her lover and her land.'

'हम एक रानी की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं, जिसे हमारी परवाह नहीं और यह महिला अपने प्रेमी और मातृभूमि की परवाह करती है।'

यह तस्वीर आयरलैंड में महिला दिवस पर सर्वश्रेष्ठ चुनी गई और लिखा गया-

'Don't be afraid to be associated with a strong woman the day may come and she'll be your only army.'

'एक मजबूत महिला को अपनाने से मत डरिए, जब वक़्त आएगा वह तुम्हारा इकलौता हथियार होगी।' -फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# बड़े खतरे का संकेत हैं अरावली की दरारें



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अरावली पहाड़ियों में उत्खनन से बढ़ रहे खतरे का संकेत पर्यावरण के संरक्षक यूं ही नहीं दे रहे थे! अब इन अनुमानों का सत्य इस पर्वतमाला में पड़ी 12 दरारों से सामने आ गया है। इस कारण अरावली पर्वत श्रृंखलाएं न केवल लगातार कमजोर हुई हैं, बल्कि ये थार रेगिस्तान से पूर्व की ओर खिसकना भी शुरू हो गई हैं। इसके चलते राजस्थान के जयपुर सहित पूर्वी हिस्सों हरियाणा, दिल्ली-राजधानी क्षेत्र और गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों के मरुस्थलीकरण में बदलने का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में 1972-75, 1982-84, 1994-96 और विशेष रूप से 2005-2007 के कालखंड में किए गए क्रमिक उपग्रह आधारित अध्ययनों में यह चिंताजनक खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार अरावली पर्वतमाला पर बनी 12 बड़ी दरारों के माध्यम से रेगिस्तानी रेत पूर्व की ओर बढ़ रही है। वर्ष 2005-07 के बाद अरावली की रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने वाली क्षमता में तीव्रता से गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि इसी दौर में गुड़गांव समेत दिल्ली राजधानी क्षेत्र में शहरीकरण के साथ औद्योगिक-प्रौद्योगिक विस्तार के लिए वनों की कटाई के साथ पत्थर उत्खनन में आई तेजी चरम पर पहुंच गई। नतीजतन पर्वतमाला की 12 प्रमुख दरारें अजमेर की मगरा पहाड़ियों से निकलकर झुंझूनूं के खेतड़ी और माधोगढ़ होते हुए हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई है।


इन्हीं कमजोर हिस्सों से लेकर थार रेगिस्तान की रेत पूर्व की ओर फैल रही है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भी अपने अध्ययन में चेताया था कि आने वाले वर्षों में रेगिस्तान से उठने वाले रेत के तूफान दिल्ली और एनसीआर तक पहुंचकर इनके पर्यावरण को बड़ी मात्रा में बिगाड़ने का काम कर सकते हैं, लेकिन इन सर्वेक्षणों और अध्ययनों को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की राज्य सरकारों समेत केंद्र सरकार भी अनदेखा करते हुए कथित विकास के विनाशकारी उपायों को बढ़ावा देती रहीं।

अरावली पहाड़ियां दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाएं हैं। लगभग 692 किलोमीटर के दायरे में फैली ये पहाड़ियां गुजरात से शुरू होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक पसरी हैं। इन पहाड़ियों का मानव समुदाय के लिए प्राकृतिक महत्व है। इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जगत की सांसें इन पर्वतमालाओं से गुजरने वाली शुद्ध हवा पर निर्भर हैं। इन्हीं पहाड़ियों की ओट पश्चिमी रेगिस्तान को फैलने से रोके हुए है, अन्यथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की जो उपजाऊ भूमि है, उसे रेगिस्तान में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा।

पहाड़ियों की हरियाली नष्ट होने से इस क्षेत्र में शुष्कता का विस्तार हो रहा है और गर्मी बढ़ रही है। नतीजतन जल स्तर आशंका से कहीं ज्यादा नीचे जा रहा है। लोगों में सांस और दमा की बीमारियां बढ़ रही हैं। ये परिणाम नेता, अधिकारी और ठेकेदारों के अकूत लालच की देन हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये पर्वत श्रृंखलाएं समान परिस्थितियों में तापमान को डेढ़ से ढाई डिग्री तक नियंत्रित रखने और भू-जल के पुनर्भरण में अहम् भूमिका निभाती है। इनमें प्रति हेक्टेयर 20 लाख लीटर भू-जल पुनर्भरण की अद्वितीय क्षमता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हरियाणा की 8.2 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण के दायरे में है, क्योंकि 2019 तक ही अरावली का लगभग 5.77 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र उत्खनन से तबाह हो चुका था। साफ है, जानकारी होने के बावजूद अरावली संकट को कथित विकास के लिए नजरअंदाज किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार 2026 की शुरुआत के साथ ही नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। ग्राहकों की रुचि अब पारंपरिक ईंधन से हटकर इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर बढ़ रही है। पहले जहां इस क्षेत्र में कुछ ही कंपनियों का दबदबा था, वहीं अब कई नए ब्रांड और मॉडल बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। इससे प्रतिस्पर्धा तेज हुई है और ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं। बढ़ती जागरुकता, ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच इस बदलाव को गति दे रही है। कुल मिलाकर EV बाजार अब शुरुआती चरण से निकलकर स्थिर विकास की ओर बढ़ता दिख रहा है।

### बिक्री के आंकड़े और बाजार का विस्तार

हाल के महीनों में इलेक्ट्रिक कारों की मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो यह संकेत देती है कि उपभोक्ता अब नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार हैं। रजिस्ट्रेशन और डिलीवरी के आंकड़े बताते हैं कि शहरों के साथ-साथ छोटे नगरों में भी EV की स्वीकार्यता बढ़ रही है। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार और नई स्कीमों ने ग्राहकों का भरोसा मजबूत किया है। कीमतों में धीरे-धीरे संतुलन आने से भी मध्यम वर्ग के खरीदार इस सेगमेंट की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह रुझान केवल एक ट्रेंड नहीं, बल्कि ऑटो इंडस्ट्री के भविष्य की दिशा का संकेत माना जा रहा है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी धीरे-धीरे मुख्यधारा का हिस्सा बन रही है।

# भारत का EV बाजार बिक्री में उछाल

### तकनीक, चार्जिंग और उपयोगिता

EV बाजार की बढ़ती लोकप्रियता के पीछे तकनीकी सुधार एक बड़ा कारण है। बैटरी रेंज में वृद्धि, तेज चार्जिंग विकल्प और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स ने इलेक्ट्रिक कारों को अधिक व्यावहारिक बना दिया है। शहरों में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ने से लंबी दूरी की यात्रा को लेकर ग्राहकों की चिंता कम हुई है। इसके अलावा, मेंटेनेंस लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण भी लोग EV को दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखने लगे हैं। डिजिटल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप इंटीग्रेशन और एडवांस सेफ्टी फीचर्स इस सेगमेंट को आधुनिक और उपयोगी बनाते हैं।

### नए ब्रांड और प्रतिस्पर्धा का असर

बाजार में नए खिलाड़ियों की एंट्री ने प्रतिस्पर्धा को और दिलचस्प बना दिया है। पहले सीमित विकल्प होने के कारण ग्राहक कुछ चुनिंदा मॉडलों तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब डिजाइन, रेंज और फीचर्स के आधार पर कई विकल्प उपलब्ध हैं। इससे कंपनियों को अपनी तकनीक, बैटरी क्षमता और कीमतों पर ज्यादा ध्यान देना पड़ रहा है। नई कंपनियों के आने से पुरानी कंपनियों को भी अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करना पड़ रहा है, जिससे कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं मिल रही हैं। यह प्रतिस्पर्धा बाजार को संतुलित और गतिशील बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।





### भविष्य की संभावनाएं और उपभोक्ता रुझान

आने वाले समय में EV बाजार के और मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। जैसे-जैसे नई मॉडल लाइन-अप बाजार में आएगी, ग्राहकों की पसंद और भी विविध होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कुल ऑटो बिक्री में उल्लेखनीय स्तर तक पहुंच सकती है। सरकार की नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी विकास इस बदलाव को स्थायी रूप दे सकते हैं। विश्व इलेक्ट्रिक कार बाजार की बात करें तो चीन में पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की गिरावट आई है। उत्तरी अमेरिका में 33 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। अलबत्ता यूरोप में वृद्धि हुई है।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## स्टेयरिंग के पीछे मेरा आत्मविश्वास



जब मैंने पहली बार कार की चाबी हाथ में ली, तो वह सिर्फ एक वाहन की चाबी नहीं थी, बल्कि जिम्मेदारियों का पूरा गुच्छा था। मैं एकल परिवार में रहती हूं और मेरे पति का काम ऐसा है कि उन्हें ज्यादातर समय शहर से बाहर रहना पड़ता है। ऐसे में घर, बच्चे, स्कूल, बाजार और जिंदगी की छोटी-बड़ी जरूरतें- सब कुछ मेरे कंधों पर आ जाता है। पहले यह सब ऑटो, टैक्सी या पड़ोसियों की मदद से चलता था, लेकिन हर बार किसी पर निर्भर रहना मन को कचोटता था।

एक दिन स्कूल से फोन आया- बच्चे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस दिन मुझे सबसे ज्यादा अपनी असहायता का एहसास हुआ। उसी शाम मैंने तय कर लिया कि अब कार चलाना सीखना कोई शौक नहीं, जरूरत है। अगले ही हफ्ते ड्राइविंग स्कूल जॉइन किया। पहले दिन स्टेयरिंग पकड़ते हुए हाथ कांप रहे थे। एक्सेलेरेटर और ब्रेक के बीच का संतुलन जैसे जीवन के संतुलन की परीक्षा ले रहा था। इंस्ट्रक्टर की आवाज, पीछे से आते हॉर्न और मन के भीतर का डर सब मिलकर मुझे कई बार रुकने को मजबूर करते रहे, पर हर रुकावट के बाद एक नई हिम्मत भी पैदा होती थी। बच्चों की स्कूल बस पकड़वाने की जल्दी, सब्जी मंडी के भारी थैले और देर रात तक जागते हुए पति की आवाज फोन पर ये सब मुझे आगे बढ़ाते रहे। कुछ दिनों बाद डर धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदलने लगा। पहली बार जब मैं अकेले बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटी, तो लगा जैसे मैंने कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो। धीरे-धीरे सड़कें मुझे डराने के बजाय परिचित लगने लगीं। ट्रैफिक सिग्नल, यू-टर्न और तंग गलियां अब चुनौती नहीं रहीं। बच्चों की आंखों में भी गर्व झलकने लगा- “मम्मी अब खुद गाड़ी चलाती हैं।” यह एक छोटा सा वाक्य मेरे लिए बड़ी उपलब्धि बन गया। कार चलाना मेरे लिए सिर्फ एक कौशल नहीं रहा, यह मेरी आजादी का प्रतीक बन गया। अब जरूरत पड़ने पर किसी को फोन नहीं करना पड़ता, किसी एहसान का बोझ नहीं रहता।

बारिश हो या धूप, समय पर अस्पताल पहुंचना हो या अचानक कोई जरूरी काम-स्टेयरिंग के पीछे बैठते ही मुझे अपने फैसलों पर भरोसा होने लगा। आज जब मैं सड़क पर कार चलाती हूं, तो मुझे लगता है कि मैंने सिर्फ गाड़ी नहीं सीखी, मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा है। यह अनुभव मुझे हर दिन याद दिलाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अगर हौसला हो तो रास्ते खुद बन जाते हैं।

*-नीलम, कानपुर*

## क्यों एडवेंचर बाइक होती है परफेक्ट टूरिंग मशीन!

लंबी दूरी की बाइक यात्राएं सिर्फ मंजिल तक पहुंचना नहीं, बल्कि हर मोड़, हर रास्ते और हर चुनौती को महसूस करने का नाम है। ऐसे सफर में बाइक सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आपका सबसे भरोसेमंद साथी बन जाती है। यही वजह है कि एडवेंचर बाइकों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। ये बाइक उन राइडर्स के लिए बनाई जाती है, जो हाईवे की रफ्तार, खराब सड़कों की चुनौती और ऑफ-रोड रोमांच तीनों को एक साथ जीना चाहते हैं। एडवेंचर बाइक का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है इसकी ऑल-राउंडर नेचर। मजबूत बॉडी, संतुलित चेसिस और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ ये बाइक लंबी दूरी की राइडिंग के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। चाहे कई सौ किलोमीटर का हाईवे रन हो या अचानक आया खराब रास्ता-एडवेंचर बाइक हर स्थिति में भरोसा देती है।

### रिलैक्स राइडिंग पोजिशन

सीधी और रिलैक्स बैठने की पोजिशन एडवेंचर बाइक को टूरिंग के लिए आदर्श बनाती है। चौड़े हैंडलबार, कंफर्टेबल सीट और सही जगह लगे फुट पेग्स शरीर के वजन को संतुलित रखते हैं। इससे कमर, घुटनों और कंधों पर दबाव कम पड़ता है और लंबी राइड्स आसान हो जाती हैं।

### स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स

आधुनिक एडवेंचर बाइकों में ट्रैक्शन कंट्रोल, राइड मोड्स, क्रूज कंट्रोल और नेविगेशन जैसी सुविधाएं आम हो चुकी हैं। ये फीचर्स न सिर्फ राइड को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि थकान भी कम करते हैं। खासकर लंबी यात्राओं में।

### एडवांस सस्पेंशन

लंबी यात्राओं में सड़क की हालत सबसे बड़ा रोल निभाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए एडवेंचर बाइकों में लंबा ट्रैवल सस्पेंशन दिया जाता है, जो गड्ढों, उबड़-खाबड़ रास्तों और ऑफ-रोड सतह को आसानी से संभाल लेता है। कई बाइकों में इलेक्ट्रॉनिकली एडजस्ट होने वाला सस्पेंशन भी मिलता है, जो लोड और राइडिंग कंडीशन के अनुसार खुद को ढाल लेता है। नतीजा बेहतर स्टेबिलिटी, कम थकान और ज्यादा आत्मविश्वास।

### एयरोडायनामिक डिजाइन

लंबी हाईवे राइड्स में हवा की मार राइडर को जल्दी थका देती है। एडवेंचर बाइकों में दिए गए बड़े फेयरिंग और ऊंची विंडशील्ड हवा को राइडर से दूर मोड़ देते हैं। इससे न सिर्फ शरीर पर दबाव कम पड़ता है, बल्कि लंबी दूरी तय करने के बाद भी राइडर तरोताजा महसूस करता है।

### बड़ा फ्यूल टैंक

एडवेंचर बाइक की पहचान उसका बड़ा फ्यूल टैंक भी है। लंबी दूरी की राइडिंग में बार-बार पेट्रोल पंप ढूंढना परेशानी बन सकता है। ज्यादा फ्यूल कैपेसिटी और बेहतर माइलेज के चलते ये बाइक दूरदराज इलाकों में भी निश्चिंत होकर चलाने का भरोसा देती हैं।




## विदेश में ड्राइव प्लान: IDP को न करें नजरअंदाज

**काम की बात**

इंटरनेशनल ट्रिप की तैयारी करते वक्त हमारी प्राथमिकता अक्सर फ्लाइट टिकट, होटल बुकिंग और वीजा पर ही टिकी रहती है। घूमने की जगहों की लिस्ट बन जाती है, जरूरी गाइडलाइंस भी देख ली जाती हैं, लेकिन अगर योजना विदेशी धरती पर खुद स्टेयरिंग संभालने की हो, तो एक बेहद अहम दस्तावेज अक्सर हमारी ट्रैवल चेकलिस्ट से छूट जाता है। यही दस्तावेज है इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट (IDP)। यह सिर्फ एक औपचारिक कागज नहीं, बल्कि आपकी ड्राइविंग पहचान का अंतर्राष्ट्रीय प्रमाण है, जो यह साबित करता है कि आप भारत में अधिकृत चालक हैं और दुनिया के कई देशों में कानूनी रूप से वाहन चला सकते हैं। आज के समय में इंटरनेशनल सेल्फ-ड्राइव ट्रैवल का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में IDP आपकी यात्रा को न केवल आसान बनाता है, बल्कि किसी भी कानूनी परेशानी से भी बचाता है। -फीचर डेस्क

### IDP क्या और क्यों है जरूरी?

इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट आमतौर पर जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। विदेश में ड्राइव करते समय इसे अपने भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट के साथ रखना अनिवार्य होता है। कई देशों में बिना IDP के न तो कार किराए पर मिलती है और न ही इलीगल तरीके से ड्राइव करने की अनुमति। कुछ जगहों पर भारी जुर्माना या ड्राइविंग पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

अच्छी बात यह है कि अब IDP के लिए आवेदन प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। Ministry of Road Transport and Highways के परिवहन (Parivahan) पोर्टल के जरिए आप घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कौन कर सकता है आवेदन?

भारत में IDP के लिए आवेदन करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें पूरी करनी होती हैं। आवेदक का भारतीय नागरिक होना जरूरी है और उसके पास वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस आवेदन की तारीख से कम से कम छह महीने तक वैध होना चाहिए। साथ ही, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है।

### IDP के लिए जरूरी दस्तावेज

आवेदन प्रक्रिया के दौरान कुछ अहम दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। इनमें भरा हुआ IDP एप्लीकेशन फॉर्म (Form 4A), वैध भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी, पासपोर्ट की कॉपी (पर्सनल डिटेल और वीज़ा पेज), हाल की पासपोर्ट साइज फोटो, वीजा की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी और एड्रेस प्रूफ शामिल हैं। सभी डॉक्यूमेंट्स सही और स्पष्ट होने चाहिए, ताकि आवेदन में कोई देरी न हो।






### फीस और वैधता

IDP बनवाने के लिए 1,000 रुपये की फीस देनी होती है। यह परमिट जारी होने की तारीख से एक साल तक वैध रहता है। यदि भविष्य में दोबारा इसकी जरूरत पड़े, तो नई आवेदन प्रक्रिया के जरिए इसे फिर से बनवाना होता है। भुगतान आप UPI, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग से कर सकते हैं। कुछ मामलों में आधार वेरिफिकेशन या स्थानीय RTO में फिजिकल वेरिफिकेशन की जरूरत भी पड़ सकती है।

### आसान प्रक्रिया है आवेदन की

परिवहन सारथी पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें, जहां से आपका ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस सेक्शन में जाकर इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद ड्राइविंग लाइसेंस नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें, जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस का भुगतान कर दें।

### विदेश में IDP इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें

विदेश में ड्राइव करते समय हमेशा अपना भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस और IDP साथ रखें। जिस देश में जा रहे हैं, वहां के ट्रैफिक नियमों और रोड साइन की जानकारी पहले से ले लें। अगर कार किराए पर ले रहे हैं, तो रेंटल कंपनी को IDP के बारे में जरूर बताएं। कुछ देशों में विदेशी ड्राइवरों के लिए अलग उम्र सीमा या नियम हो सकते हैं।

## एफपीआई का फरवरी में 29,714 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में अब तक भारतीय बाजार में 29,714 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में इक्विटी में 19,675 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने 1,078 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 16 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### न्यूज ब्रीफ

#### भारत-ब्रिटेन सीईटीए के अप्रैल में लागू होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना है। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत उत्पाद ब्रिटेन में बिना किसी शुल्क के भेजे जा सकेंगे जबकि भारत में ब्रिटेन से आने वाली कारों और व्हिस्की पर कम शुल्क लगेगा। एक अधिकारी ने बताया, हमें इस समझौते के अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। दोनों देशों ने दोहरा अंशदान संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

#### मोरक्को को इस साल भारत से 80,000 पर्यटक आने की उम्मीद

**मुंबई।** मोरक्को को इस साल पिछले साल की वृद्धि गति के अनुरूप भारत से लगभग 80,000 पर्यटकों के आगमन की उम्मीद है। मोरक्को के राष्ट्रीय पर्यटन कार्यालय (एमएनटीओ) के भारत कंट्री जनरल मैनेजर जमाल यूनिस किलिटो ने बताया, हमारे यहां 2025 में कुल दो करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए, जिनमें से 54,000 पर्यटक भारत से थे। यह 2024 की तुलना में भारत से आने वाले पर्यटकों में 31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। 2024 में भारत से 41,000 पर्यटक आए थे।

#### रूसी प्रतिनिधिमंडल का पुतिन के शीर्ष सहयोगी करेंगे नेतृत्व

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वरिष्ठ सहयोगी मैक्सिम ओरेश्किन सोमवार से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। ओरेश्किन जो क्रेमलिन स्टाफ के उप प्रमुख और राष्ट्रपति पुतिन के आर्थिक सहयोगी हैं, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। क्रेमलिन के एक सूत्र ने बताया कि ओरेश्किन का चयन दोनों देशों के बीच एआई सहयोग के रणनीतिक प्रयास को रेखांकित करता है।

# एआई का इस्तेमाल बढ़ने के साथ देश में घट रही हैं प्रवेश स्तर की नौकरियां

## इक्रियर की रिपोर्ट : 63% कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और डेटा कौशल की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। ओपनआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। करीब 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है।

'एआई एंड जॉब्सः दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया है कि कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है। मुख्य रूप से प्रवेश स्तर पर ऐसा देखने को मिल रहा है। साथ ही मध्यम और शीर्ष स्तर पर भर्तियों में स्थिरता भी है। रिपोर्ट कहती है कि सॉफ्टवेयर डेवलपर और डेटाबेस प्रशासक जैसे एआई की जरूरत वाले क्षेत्रों में मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई से सबसे ज़्यादा प्रभावित 1,900 से ज्यादा कारोबारी खंडों में उत्पादकता में बढ़ोतरी, गिरावट से काफी ज्यादा है। सर्वे में शामिल आधी से ज्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिए एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में तैयारी पूरी हो गई हैं।

### एआई का जनकेंद्रित, होना जरूरी : आईटी सचिव

नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि भारत दुनिया को जो खास संदेश देना चाहता है, वह यह है कि एआई को जनकेंद्रित और समावेशी रहना चाहिए और इसमें एआई संसाधनों तक लोकतांत्रिक तरीके से पहुंच हो। कृष्णन ने कहा, एआई को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक ताकत होना चाहिए, जिसमें भारत और वैश्विक दक्षिण सहित दुनिया के सभी हिस्सों में वृद्धि को बढ़ावा देने की क्षमता हो। एआई संसाधन तक लोकतांत्रिक पहुंच होनी चाहिए और इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि लोग और इंसान इस प्रक्रिया के केंद्र में हों। जैसे-जैसे देश अलग-अलग क्षेत्र में एआई को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, भारत उभरती प्रौद्योगिकी की दुनिया में बराबर वृद्धि के लिए खुद को एक आवाज के तौर पर पेश कर रहा है।

### एआई की मांग से लेनोवो इंडिया का राजस्व 7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लेनोवो इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपने राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 8,145 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के अनुसार, भारत में डिजिटलीकरण की गति, एआई को तेजी से अपनाए जाने और मोबाइल, कंप्यूटर/लैपटॉप व अवसंरचना खंडों के मजबूत प्रदर्शन से इस विकास को बल मिला है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक बार के उछाल के बजाय निरंतर बनी रहने वाली मांग को दर्शाता है। हम भारत में डिजिटलीकरण की व्यापक गति से बेहद उत्साहित हैं। लेनोवो को फोन, कंप्यूटर/लैपटॉप, टैबलेट और अवसंरचना समाधानों के विस्तृत पोर्टफोलियो का लाभ मिल रहा है।

### रेलिगेयर बीमा कारोबार और वित्तीय सेवा को अलग करेगी

**नई दिल्ली।** बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है।

वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी की ओर से पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी। वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## शीर्ष 10 में छह कंपनियों का 3,00,706 करोड़ रुपये घटा बाजार पूंजीकरण

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि चार अन्य कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 19,245 करोड़ रुपये कम हुआ। सबसे बड़े सार्वजनिक ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की साप्ताहिक तेजी के कारण उसका एमकैप 1,22,213 करोड़ रुपये बढ़ा।



- घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट का असर

बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,414 करोड़ रुपये और निर्माण कंपनी एलएंडटी का 14,471 करोड़ रुपये बढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 5,720 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,21,476 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 13,93,622 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भारती एयरटेल 11,43,044 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# प्रतिबंधों के कारण वेदांता ने नायरा को घरेलू कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रूस की रोसनेफ्ट समर्थित रिफाइनरी कंपनी की निर्यात आमदनी पर भी पड़ा असर

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। इससे उसकी निर्यात आमदनी पर असर पड़ा है।

नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच से 10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। केयर्न के एक प्रवक्ता ने कहा, हम विशेष ग्राहक अनुबंध या वाणिज्यिक व्यवस्था पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी गिरावट

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर खास नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यापारी संभावित ब्याज दरों में कटौती का समय और गति समझने के लिए अमेरिका के श्रम संबंधी आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण और फेड के अधिकारियों के बयानों पर नजर रखेंगे।



**विश्लेषकों की राय**

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि जीडीपी पर आने वाले अमेरिकी आंकड़े और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति संख्या और फेडरल रिजर्व के अधिकारी की टिप्पणी पर ध्यान केंद्रित होने से अस्थिरता बनी रहेगी।

## कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद भी जारी रहेगी सोने की खरीदारी

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह। चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें।



# अमेरिका-ईयू से व्यापार समझौतों पर झूठ फैला रहे हैं राहुल गांधी : शाह

## गृहमंत्री ने कहा- भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्ष के आरोप हास्यास्पद

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों की पूरी तरह से सुरक्षा की है।

शाह ने व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचने के विपक्षी दल के आरोपों को हास्यास्पद बताया। शाह ने कहा, जब कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में खड़े होकर किसानों की सुरक्षा की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है। कांग्रेस का देश को गुमराह करने का एक लंबा इतिहास रहा है और अब वे व्यापार समझौतों को लेकर झूठ फैला रहे हैं। शाह भारत की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने हर समझौते में किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ हुए हर व्यापार समझौते में मोदी ने आपके हितों की पूरी तरह सुरक्षा की है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस की इस आलोचना का उल्लेख करते हुए कि ये समझौते भारत के डेयरी क्षेत्र को नष्ट कर देंगे, शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन समझौतों पर हस्ताक्षर करके भारत के डेयरी क्षेत्र को खत्म कर दिया है। शाह ने कहा, हमने डेयरी क्षेत्र का विस्तार किया है, इसे कमजोर नहीं किया। सभी समझौतों में डेयरी (क्षेत्र) को पूर्ण संरक्षण दिया गया है।


गांधीनगर में शाह ने सीबीडीसी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शुरुआत की।

### बहस करने के लिए कोई भी मंच चुन लें राहुल

अमित शाह ने गांधी को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बहस करने की चुनौती दी। शाह ने कहा, राहुल गांधी जी, कोई भी मंच चुन लीजिए। यहां तक कि भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनके कल्याण के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने हाल ही में भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिए जाने की घोषणा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पहले कहा था कि पिछले महीने भारत और ईयू ने प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत पूरी की, जिससे दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

## अमेरिका से समझौता भारतीय किसानों से विश्वासघात: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर हमला तेज करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई सवाल किए और किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। राहुल ने सरकार पर इस समझौते के जरिए आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मुद्दा देश के भविष्य से जुड़ा है।

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या भारत किसी दूसरे देश को अपने कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक नियंत्रण हासिल करने की अनुमति दे रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा, अमेरिका से व्यापार समझौते के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि ड्राइड डिस्टिल्ड ग्रेन (डीडीजी) के आयात का क्या मतलब है। राहुल ने कहा, क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम (आनुवांशिक रूप से परिवर्तित) अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिल्ड ग्रेन खिलाए जाएंगे। क्या इससे हमारे दुग्ध उत्पाद अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे।



- कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से किए कई सवाल, अमेरिका के आगे आत्मसमर्पण का आरोप लगाया

उन्होंने सवाल किया अगर भारत जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देता है, तो मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा। उन्होंने पूछा, वे कीमतों में गिरावट का एक और झटका कैसे झेल पाएंगे। राहुल ने कहा, जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं तो उसमें क्या-क्या शामिल है। क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोले जाने के दबाव का संकेत है। गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है। क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपना रुख ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा। राहुल ने कहा कि एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खोले जाने से कैसे रोका जाएगा। क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा।

## केरल में पुरस्कार विजेता किसान ने कर्ज के बोझ के कारण की आत्महत्या

**कन्नूर।** कन्नूर जिले के चेरुपुझा में 62 वर्षीय पुरस्कार विजेता किसान ने बढ़ते कर्ज के कारण आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चेरुपुझा के इदावरम निवासी अंबट्टू इलियास के रूप में हुई है।

परिवारिक सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कीटनाशक का सेवन किया था और तीन दिन पहले अपने खेत में गंभीर हालत में पाए गए थे। जिले के एक निजी अस्पताल में इलियास का इलाज हो रहा था, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि लाखों रुपये का कर्ज होने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इलियास लगभग चार दशकों से कन्नूर और पड़ोसी जिले कासरगोड के पहाड़ी क्षेत्रों में पट्टे पर ली गई जमीन पर सब्जियां उगा रहे थे। उन्होंने इस मौसम में भी लगभग 2,500 केले के पौधे लगाए थे, लेकिन उनकी आय उपज के अनुरूप नहीं थी, जिससे वह परेशान थे।

## बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा व मतदान नौ मार्च को: रीजीजू

तवांग, एजेंसी

- कहा- विपक्ष ने हंगामा किया तो बिना चर्चा के पारित कराएंगे अहम विधेयक

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा और उसके बाद मतदान नौ मार्च को होगा। रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक निर्धारित है। उन्होंने कहा सत्र दिलचस्प होगा क्योंकि कई अहम विधेयक को संसद में चर्चा और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

रिजीजू ने चेतावनी दी कि अगर विपक्षी दल सत्र के पहले चरण की तरह विरोध को जारी रखते हैं तो अंततः यह उनके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, नौ मार्च को लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। नियम के अनुसार इस पर पहले दिन ही चर्चा होती है। चर्चा के बाद मतदान होगा। रीजीजू ने बताया कि सत्र के दूसरे चरण के दौरान सरकार चर्चा के लिए विशिष्ट मंत्रालयों की पहचान करने की योजना बना रही है।


उन्होंने कहा, लोकसभा में हम पांच मंत्रालयों में अनुदान मांगों पर चर्चा करेंगे और राज्यसभा में हम पांच अन्य मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में अनुदान की मांगों पर नहीं बल्कि मंत्रालयों पर चर्चा होगी। रिजीजू ने बताया कि सरकार राज्यसभा में चर्चा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी और फिर लोकसभा के लिए पांच मंत्रालयों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र का दूसरा चरण रोचक होगा और कहा, यदि विपक्ष सदन की कार्यवाही में खलल डालता है तो हम बिना किसी चर्चा के उसे पारित करा देंगे। यह उनके लिए करारा झटका होगा।

## महाशिवरात्रि का सार... ईश्वर में विश्वास और स्वयं में विश्राम : श्रीश्री रविशंकर

**बेंगलुरु।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मानवता को शांति और संतुलन का संदेश दिया। बेंगलुरु स्थित आश्रम में आयोजित विशेष सत्संग के दौरान उन्होंने जीवन को आनंदमय बनाने के लिए दो मूलभूत सत्यों को अपनाने पर जोर दिया।

**परमात्मा पर अटूट भरोसा :** गुरुदेव ने कहा कि जीवन की आपाधापी के बीच यह विश्वास रखना अनिवार्य है कि ईश्वर हर क्षण हमारे साथ हैं। जब साधक को यह बोध हो जाता है कि उसकी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति ईश्वर द्वारा ही की जाएगी, तब मन के भीतर का संघर्ष और इच्छाओं की दौड़ समाप्त हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर मेरे अपने हैं, यह दृढ़ श्रद्धा ही मन को सहज शांति प्रदान करती है।

**गहन विश्राम ही शिवरात्रि है :** महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री श्री ने कहा कि इस पर्व का वास्तविक अर्थ मन और आत्मा को 'गहन विश्रांति' (Deep Rest) की अवस्था में ले जाना है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप में ठहर जाता है, तभी उसे असीम शांति का अनुभव होता है।



- महाशिवरात्रि पर मानवता को दिया शांति-संतुलन का संदेश

**भक्ति और एकत्व का मार्ग :** उन्होंने बताया कि केवल औपचारिक रूप से भजन गाना पर्याप्त नहीं है। जब कीर्तन और सत्संग पूरे हृदय, प्रेम और पूर्ण समर्पण के साथ किए जाते हैं, तब साधक और ईश्वर के बीच की दूरी मिट जाती है। चेतना के इस विलय से ही एकत्व का अनुभव होता है, जो आध्यात्मिक यात्रा का शिखर है।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने ध्यान और भजनों के माध्यम से भक्ति के इस सागर में डुबकी लगाई।

## बिहार : नीट छात्रा की मौत की जांच के लिए पैतृक गांव पहुंची सीबीआई, परिजनों से की पूछताछ

**जहानाबाद।** सीबीआई की एक टीम ने रविवार को बिहार के जहानाबाद में उस नीट अभ्यर्थी के पैतृक गांव का दौरा किया, जिसकी पिछले महीने पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया है।

- मकान की ली तलाशी, छात्रा का कुछ सामान भी कब्जे में लिया

सीबीआई के 31 जनवरी को मामले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने और प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ दिनों बाद उसके अधिकारियों की एक टीम जहानाबाद में छात्रा के गांव पहुंची। नीट छात्रा छह जनवरी को पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक निजी छात्रावास में बेहोश अवस्था में मिली थी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पांच दिन कोमा में रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। छात्रा के परिवार ने उसके यौन उत्पीड़न का दावा करते हुए राज्य के अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में छात्रावास के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

## महाशिवरात्रि पर पहली किन्नर शंकराचार्य बनीं हिमांगी सखी, भोपाल में किया गया पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किन्नर धर्म सम्मेलन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पट्टाभिषेक किया गया।

- पुष्कर पीठ को घोषित किया गया देश की पहली शंकराचार्य पीठ

पुष्कर स्थित पुष्कर पीठ को देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में घोषित किया गया है। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास की उपस्थिति में यह घोषणा की गई। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और अनुयायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम धर्म अपना चुके 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी कराए जाने का दावा भी किया गया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। परंपरा के अंतर्गत चार जगद्गुरु और पांच महामंडलेश्वरों की भी घोषणा की गई। घोषित जगद्गुरुओं में काजल ठाकुर (भोपाल), तनीषा (राजस्थान), संजना सखी (भोपाल) और संचिता (महाराष्ट्र) शामिल हैं। वहीं महामंडलेश्वरों के रूप में सरिता भार्गव, मंजू, पलपल, रानी ठाकुर और सागर के नाम घोषित किए गए।

अमृत विचार



# भारत बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था एआई शिखर समिट को उपयुक्त स्थान

● संरा प्रमुख बोले-कृत्रिम मेधा का पूरी दुनिया को मिले लाभ

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में प्रभाव रखने वाली एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था है और यह एआई शिखर सम्मेलन के लिए उपयुक्त स्थान है।

इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से पूरी दुनिया को लाभ होना चाहिए, न कि यह केवल विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार हो।



उन्होंने कहा कि मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम 16 से 20 फरवरी तक है जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह लोग, धरती और प्रगति के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुतारेस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि एआई केवल सर्वाधिक विकसित देशों का विशेषाधिकार हो।

## पूर्वोत्तर की नई जीवन रेखा

भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली अंडरवाटर ट्विन-ट्यूब रेल-रोड टनल के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। 18,662 करोड़ की लागत वाली यह सुरंग सामरिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। यह टनल केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। आने वाले समय में देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी टनल की सुविधा मिल सकती हैं जो अपनी भौगोलिक बनावट के कारण कनेक्टिविटी की चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

## ट्विन ट्यूब टनल



### इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना

● मल्टी-मोडल एकीकरण : यह एक साथ सड़क और रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली भारत की पहली अंडरवाटर सुरंग होगी।

● हाई-स्पीड कनेक्टिविटी : यह असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की दूरी को वर्तमान 240 किमी से घटाकर मात्र 34 किमी कर देगी।

● समय की बचत : वर्तमान में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ जाने में लगने वाला 6 घंटे का समय घटकर मात्र 20-30 मिनट रह जाएगा।

● सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्था : सुरंग में हर 500 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए जाएंगे ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को निकाला जा सके।

### टनल की रूपरेखा

● कनेक्टिविटी : यह प्रस्तावित ट्विन ट्यूब टनल असम के गोपुर (एनएच-15) और नुमालीगढ़ (एनएच-715) इलाके को जोड़ेगी।

● लंबाई और विस्तार : परियोजना की कुल लंबाई लगभग 33.7 किलोमीटर है। इसमें से मुख्य अंडरवाटर सुरंग की लंबाई 15.79 किलोमीटर होगी।

● तकनीकी मॉडल : टनल का विकास ट्विन-ट्यूब टीबीएम मॉडल पर आधारित होगा। इसमें दो समानांतर सुरंगें होंगी, एक में 4-लेन की सड़क और दूसरी में रेलवे ट्रैक का प्रावधान होगा।

● विकास मॉडल : इसे ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि डिज़ाइन और निर्माण की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

● दुनिया में दूसरी : यह दुनिया की दूसरी सुरंग होगी जिसमें सड़क व रेल दोनों होंगे। वर्तमान में ऐसी सुरंग तुर्की में यूराशिया टनल और मारमारे के रूप में संचालित है।

### सामरिक-आर्थिक महत्व

● सामरिक मजबूती : चीन के साथ लगती संवेदनशील सीमा के करीब होने के कारण, यह भारतीय सेना के लिए अहम होगी।

● रोजगार सृजन : सरकार के अनुसार, इस परियोजना से लगभग 80 लाख व्यक्ति-दिवस का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।

● आर्थिक विकास : यह क्षेत्र के 11 आर्थिक केंद्रों, 8 लॉजिस्टिक हब और 2 हवाई अड्डों को जोड़ेगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

● एक्ट ईस्ट पॉलिसी : यह एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को मजबूती प्रदान करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को गति देगी।

वर्तमान रूट की दूरी 240 किमी है, जिसे तय करने में 6 घंटे लगते हैं। नई टनल बनने के बाद यह दूरी सिमट कर 34 किमी और समय मात्र 20 मिनट रह जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### शांति संबंधी समझौते के लिए यूक्रेन तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो वास्तविक रूप से शांति लाएगा। यूक्रिनफॉर्म न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ज़ेलेंस्की ने जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में एक भाषण के दौरान कहा, यूक्रेन एक ऐसे समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लिए, यूक्रेन के लिए, यूरोप के लिए असली शांति लाएगा। ज़ेलेंस्की ने कहा, इस संकट को सबसे पहले अस्मिता के साथ खत्म किया जा सकता है। कहा कि यूरोप असल में बातचीत के लिए मौजूद नहीं है।

### हिंद महासागर में यूएस ने जहाज को रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सशस्त्र बलों ने रातोंरात हिंद महासागर में राइट-ऑफ-विजिट अभियान के तहत एक पोत को रोककर उसकी तलाशी ली और उस पर सवार हो गए। अमेरिका के युद्ध विभाग ने रविवार को एक्स पर बताया कि एक्विला-2 राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कैरेबियाई क्षेत्र में प्रतिबंधित जहाजों के खिलाफ घोषित क्वारंटीन का उल्लंघन करते हुए परिचालन कर रहा था। विभाग ने बताया कि वे अग्रिम मोर्चे पर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। अमेरिकी बलों ने हिन्द-प्रशांत कमान क्षेत्र में वेरोनिका-3 पोत रोका और उसकी तलाशी ली थी।

### पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**काठमांडू।** नेपाल में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के सभी चारों कपाटों को रात दो बजे से खोल दिया गया। इस वर्ष मंदिर में लगभग आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है जिनमें से 30 प्रतिशत भारतीय हैं।

### नेपाल में चुनाव : 63 सूत्रीय आचार संहिता

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने पांच मार्च को होने वाले चुनावों से पहले 63 सूत्रीय आचार संहिता जारी करते हुए रविवार को राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से कहा कि वे 25,000 नेपाली रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन से ही लें। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार केवल दो मार्च तक ही प्रचार कर सकते हैं। आचार संहिता संबंधी आयोग के नोटिस में उल्लेखित 60 से अधिक बिंदुओं में से प्रमुख बिंदु यह है कि राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार 25,000 रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता केवल बैंकिंग लेन-देन के माध्यम से ही स्वीकार कर सकते हैं।

# भारत से नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है बांग्लादेश : कबीर

## तारिक रहमान के सलाहकार बोले-पारस्परिक लाभ को मिलकर करें काम

● बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करने की इच्छा जताई है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों को पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की। कबीर ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश के बाद बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना अब भारत की जिम्मेदारी है। कबीर ने कहा कि बदलाव भारत की सोच में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने स्पष्ट रूप से बीएनपी के पक्ष में फैसला दिया है। कबीर ने अगस्त 2024 के जनविद्रोह के बाद भारत जा चुकीं हसीना को आतंकवादी करार देते हुए उन पर 1,500 से अधिक लोगों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी में न दिखे।



### जमात ने लगाया मतगणना में गड़बड़ी का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन के नेताओं ने आम चुनाव की मतगणना प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए 32 निर्वाचन क्षेत्रों में फिर से मतगणना की मांग की है। गठबंधन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया भले ही अधिकांशत : शांतिपूर्ण रही, लेकिन मतगणना के दौरान गंभीर खामियां सामने आईं। जमात-ए-इस्लामी के सहायक महासचिव हमीदुर रहमान आज़ाद ने गुरुवार को ढाका के आगारगांव स्थित निर्वाचन आयोग मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने आरोप लगाया, फर्जी वोट डाले गए, काले धन का प्रवाह हुआ और कई स्थानों पर डराने-धमकाने तथा झड़पों की घटनाएं हुईं। इन सबने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज़ाद ने कहा कि कई स्थानों पर निष्पक्ष मतगणना के लिए आवश्यक माहौल मौजूद नहीं था।

### सभी देशों से चाहते हैं संतुलित संबंध

हुमायूं कबीर ने कहा कि हम संतुलित संबंध चाहते हैं। हम किसी एक देश के साथ विशेष संबंध नहीं रखेंगे और किसी भी समझौते का अनावश्यक खुलासा नहीं करेंगे। अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के साथ सांप्रदायिक हिंसा संबंधी चिंताओं को कबीर ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त विद्रोह के बाद पांच दिन तक बिना सरकार की अभूतपूर्व स्थिति के दौरान भी किसी ने अल्पसंख्यकों पर हमला नहीं किया। यह यहां की सांप्रदायिक सद्भावना को दर्शाता है। समस्या वैसी नहीं है, जैसी कभी-कभी प्रस्तुत की जाती है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद समुदाय पर कई हमले हुए।

## रुबियो बोले अब रूस से तेल नहीं क्रय करेगा भारत

**म्यूनिख।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बार फिर दोहराया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से इनकार किया है। रुबियो ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शनिवार को कहा कि भारत ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा, जो कि वैश्विक बाजारों में रूस से ऊर्जा खरीदने पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और कूटनीतिक दबावों के बीच एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की वैश्विक भागीदारी की गहराई और संयुक्त लोकतांत्रिक राष्ट्रों के साथ सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों के बीच बड़े उपभोक्ता देशों द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और बाजारों की खोज तेज हुई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। तब से अमेरिका ने कई बार दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

## ईरान-अमेरिका में होगी अब दूसरे दौर की वार्ता

● परमाणु मद्दे को लेकर अब जिनेवा में बैठेंगे दोनों देश

तेहरान, एजेंसी

ईरान और अमेरिका मंगलवार को जिनेवा में अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के दूसरे दौर में प्रवेश करेंगे। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त रवांची ने तेहरान में बीबीसी को दिए साक्षात्कार में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि किसी समझौते तक पहुंचने के लिए अमेरिका को अपनी गंभीरता साबित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका ईमानदारी दिखाता है, तो दोनों पक्षों के बीच पुनः शुरू हुई अप्रत्यक्ष वार्ताएं किसी समझौते तक पहुंच सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच वार्ता का पहला दौर छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। रवांची ने कहा कि ईरान की ओर से 60 प्रतिशत तक समृद्ध यूरेनियम को काफी हद तक निष्क्रिय करने की पेशकश इस बात का प्रमाण है कि देश समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा, यदि वे प्रतिबंधों पर बात करने को तैयार हैं, तो हम इस मुद्दे और अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान का मिसाइल कार्यक्रम गैर-परक्राम्य है और देश अपनी रक्षात्मक क्षमताओं से समझौता स्वीकार नहीं करेगा। रवांची ने ईरान की धरती पर यूरेनियम संवर्धन शून्य करने के सवाल पर कहा कि ईरान के लिए यह विषय अब एजेंडे में नहीं है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य जमावड़े की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि एक और युद्ध सभी के लिए त्रासदीपूर्ण होगा और आक्रमण शुरू करने वालों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### म्यूनिख में ईरान के खिलाफ प्रदर्शन

**म्यूनिख।** जर्मनी में वैश्विक नेताओं की एक बैठक के बीच शनिवार को यहां लगभग 2,50,000 लोगों ने ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ, जब निर्वासन में रह रहे ईरान के युवराज रेजा पहलवी ने तेहरान पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव का आह्वान किया है। ढोल बजाते और सत्ता परिवर्तन के नारे लगाते हुए म्यूनिख में विशाल रैली पहलवी द्वारा वर्णित ग्लोबल डे ऑफ एक्शन का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ईरानियों का समर्थन करना है। पहलवी ने लॉस एंजिलिस और टोरंटो में भी प्रदर्शनों का आह्वान किया।

## जम्मू-कश्मीर में म्यूल खाता नेटवर्क का किया भंडाफोड़

● आठ हजार से अधिक खातों से लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में म्यूल खातों के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों को आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक म्यूल खातों की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे धन शोधन के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

उन्होंने इन खातों को साइबर अपराध श्रृंखला में सबसे कमजोर, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया, क्योंकि इन खातों के बिना हेरफेर किए गए पैसे का क्रिप्टोकरेंसी में बदलना और इसका पता लगाना असंभव होगा। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य कानून लागू करने वाली एजेंसियों को बैंकों के साथ परामर्श करने के लिए कहा है, ताकि म्यूल खातों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सके और ऐसी वित्तीय ठगी के बिचौलियों की पहचान की जा सके।

## आईएसएस पहुंचे 4 नए अंतरिक्ष यात्री

**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया और एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से नासा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वहां से निकासी कराई थी जो 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में पहला मामला था। पिछले साल गर्मियों में स्पेसएक्स ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया था जिनमें से एक को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हुई और उन्हें शीघ्र लौटना पड़ा।

## अनियंत्रित हवाई क्षेत्रों का अध्ययन कर रही सरकार

● महाराष्ट्र विमान हादसे ने आकृष्ट कराया ध्यान

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार गैर-निर्धारित ऑपरेटर और अनियंत्रित हवाई पट्टियों द्वारा किए जा रहे उड़ान संचालन का गहन अध्ययन कर रही है, ताकि यह देखा जा सके कि किन क्षेत्रों में कदम उठाने की आवश्यकता है। गत 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लियरजेट 45 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गैर-निर्धारित परिचालकों के उड़ान संचालन नियामक जांच के घेरे में आ गए हैं।

इस दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस महीने की शुरुआत में ही एनएसओपी का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है। नायडू ने बताया कि नागर विमानन मंत्रालय एनएसओपी के साथ-साथ अनियंत्रित हवाई पट्टियों का भी गहन अध्ययन कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसओपी और अनियंत्रित हवाई पट्टियों के संबंध में जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उन पहलुओं की जांच की जाएगी।

## महाराष्ट्र में एटीएस ने की 21 ठिकानों पर छापेमारी

● आतंकी संबंधों को लेकर एजेंसी ने की कई जिलों में कार्रवाई

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार रात से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 21 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्हें खुफिया विभाग से सूचना मिली थी कि कुछ युवक आतंकवादी संगठनों के संपर्क में हैं। यह सूचना मिलने के बाद कि युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के प्रयास किए जा रहे हैं, यवतमाल जिले के पुसाद और उमरखेड़ में 14 स्थानों और अहिल्यानगर में सात स्थानों पर छापेमारी की गई।

सूत्रों के अनुसार, एटीएस सुबह से ही तलाशी अभियान चला रही है और पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने अहिल्यानगर के मुकुंदनगर इलाके में आधी रात को छापेमारी की। जांच के अंतर्गत निवासियों से गुप्त रूप से पूछताछ की गई। मुकुंदनगर मुस्लिम बहुल इलाका है। पिछले दो-तीन वर्षों में, अहिल्यानगर कथित रूप से औरंगजेब का महिमामंडन करने और पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने जैसी घटनाओं के कारण चर्चा में रहा है। इससे पहले की रिपोर्टों में भी इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के प्रयासों का संकेत मिला था। यवतमाल जिले में एटीएस की 20 टीमें तैनात की गई हैं। उमरखेड़ और पुसाद में संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है।


## लापता भारतीय छात्र मृत मिला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक सप्ताह से भी कम समय पहले लापता हुआ 22 वर्षीय भारतीय स्नातकोत्तर छात्र मृत पाया गया है। भारतीय दूतावास ने यहां यह जानकारी दी। कर्नाटक निवासी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ने वाले छात्र साकेत श्रीनिवासैया सोमवार से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में छात्र के शव की बरामदगी की पुष्टि की। श्रीनिवासैया के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्य दूतावास ने कहा कि दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 17.34 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 20.47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। परिवार में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है। फालतू बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

**वृष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। धन के मामले में अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। परिजनों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**मिथुन** – आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप थोड़े शौकीन रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की थकावटी यात्रा हो सकती है।

**कर्क** – आज परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**सिंह** – आज बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें। अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। भूतकाल की बातों को लेकर थोड़ा चिंतित रहेंगे।

**कन्या** – आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिंतित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है, लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**धनु** – आज मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न रहेगा। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।

**मकर** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं। परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। नए रोजगार की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंसे रहेंगे।

## सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |



> दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप में अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलने के काफी करीब पहुंच गई है। बल्लेबाज पूरी क्षमता से खेलने की कोशिश कर रहे है। गेंदबाज चतुराई से परिस्थितियों को समझने और आत्मविश्वास के साथ अपनी गेंदबाजी में विविधता ला रहे हैं।
> –एडेन मार्करम


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 16 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| यूएई–अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| इंग्लैंड–इटली | दोपहर 3 बजे |
| ऑस्ट्रेलिया–श्रीलंका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### यूएई के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगा अफगानिस्तान

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में सुपर ओवर की हार से आहत अफगानिस्तान सोमवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेगा। दोनों टीम अपने पिछले मुकाबलों में विपरीत परिणामों के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं। यूएई ने कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि अफगानिस्तान को अपने पिछले मैच में दो सुपर ओवर तक खींचे जाने के बावजूद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। इसे टी20 के सबसे शानदार मैचों में से एक बताया जा रहा है। दूसरी ओर अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद अपना खाता खोलने के लिए बेताब होगा।

### सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** दो बार का चैंपियन इंग्लैंड सोमवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप सी मैच में टी20 विश्व कप में पहली बार खेल रहे फुटबॉल के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इटली को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने के इरादे से उतरेगा। इंग्लैंड और इटली के बीच फुटबॉल पिच पर जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है और दोनों टीमों के बीच कई यादगार मुकाबले खेले गए हैं। इसमें वेम्बले में यूरो 2020 फाइनल में इटली की पेनल्टी शूटआउट में जीत भी शामिल है। हालांकि सोमवार को यह प्रतिद्वंद्विता पहली बार फुटबॉल की जगह क्रिकेट में नजर आएगी और ईडन गार्डन्स इसका गवाह बनेगा। शनिवार को यहां इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच हुए मुकाबले के लिए 35 हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड की टीम धीरे–धीरे लय हासिल कर रही है। टीम हालांकि स्कॉटलैंड पर दबाव वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

### स्मिथ को शामिल कर सकता है ऑस्ट्रेलिया

**पल्लीकल (श्रीलंका)।** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मुकाबले में बिना किसी अगर मगर के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीद जीवित रखने के लिए अनुभवी स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे से 23 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अब उन्हें सुपर आठ में पहुंचने के लिए ओमान और श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में खेल रही 2021 की चैंपियन टीम जिम्बाब्वे से हार गई है।

# अपने ही जाल में फंसा पाकिस्तान स्पिनरों से 18 ओवर कराए

## टी-20 विश्व कप : लक्ष्य का पीछा करने में भी भारतीय गेंदबाजों का नहीं कर पाए सामना

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान अपने ही जाल में फंस गया। रणनीति के तहत टॉस जीतने के बावजूद गेंदबजी का फैसला किया। 18 ओवर स्पिनरों कराए जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में 13 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। पंड्या ने पारी का पहला ओवर मेडन फेंका और साहिबजादा फरहान (00) को मिड ऑन पर रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। बुमराह की पहली गेंद पर सईम (06) ने छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गए। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान सलमान अली आगा (04) भी मिड ऑन पर पंड्या को बेहद आसान कैच दे बैठे। उस्मान ने पंड्या पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पर लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि इसी ओवर में बाबर आजम (05) को बोल्ड किया। उस्मान ने अक्षर के अगले ओवर में भी दो चौके मारे। पाकिस्तान के रनों का अर्धशतक आठवें ओवर में पूरा हुआ।

उस्मान 31 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर की गेंद पर तिलक वर्मा ने उनका कैच टपका दिया। उन्होंने इस ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। अक्षर ने हालांकि उस्मान को जीवनदान का फायदा नहीं उठाने दिया और अगले ओवर में उन्हें इशान किशन के हाथों स्टंप करा दिया। उस्मान ने 34 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मोहम्मद नवाज (04) ने इसके बाद कुलदीप यादव की फुलटॉस पर दुबे को कैच थमाया। शादाब भी तिलक की पहली ही गेंद को लॉन्ग ऑफ पर दुबे के हाथों में खेल गए।



जीत का जश्न मनाते भारतीय टीम। एजेंसी

पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में 82 रन की दकरार थी और चक्रवर्ती ने लगातार गेंदों पर फहीम (10) और अबरार अहमद (00) को आउट किया जबकि पंड्या ने उस्मान तारिक (00) को बोल्ड करके भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा (10 रन पर एक विकेट) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पहले ओवर की अंतिम गेंद पर अभिषेक शर्मा (00) शाहीन शाह अफरीदी के हाथों कैच करा दिया। अभिषेक अब तक दोनों मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। इशान के अलावा भारत के अन्य बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने शाहीन की शुरुआती दो गेंद पर छक्का और चौका मारा और फिर सलमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

तिलक ने भी शाहीन पर चौका जड़ने के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद का स्वागत छक्के के साथ किया। तिलक और इशान ने सईम पर चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 52 रन तक पहुंचाया। इशान ने अबरार पर लगातार तीन चौकों के साथ 27 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबलों का सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अगले ओवर में लेग स्पिनर शादाब खान की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से 17 रन बटोरे।



कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा– यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाज़ी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाज़ी की। 155 का स्कोर मुक़ाबले को क़रीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 77 | रन | 04 | चौके |
| 40 | गेंद | 03 | छक्के |

**ईशान किशन, प्लेयर ऑफ़ द मैच** – विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं सिर्फ़ गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर काफ़ी काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुक़ाबला हमेशा ख़ास होता है।

### भारत

**175/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| इशान किशन बो सईम | 77 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 |
| तिलक वर्मा पगबाधा बो सईम | 25 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 |
| हार्दिक पंड्या का बाबर बो सईम | 00 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 |
| अक्षर पटेल का सईम बो शाहीन | 00 |

**गेंदबाजी :** सलमान 2–0–10–1, शाहीन 2–0–31–1, सईम 4–0–25–3, अबरार 3–0–38–0, शादाब 1–0–17–0, नवाज 4–0–28–0, तारिक 4–0–24–1

### पाकिस्तान

**114/10** (18 ओवर)

- साहिबजादा का रिंकू बो पंड्या 00
- सईम अयूब पगबाधा बो बुमराह 06
- सलमान आगा का पंड्या बो बुमराह 04
- बाबर आजम बो अक्षर 05
- उस्मान खान स्टं इशान बो अक्षर 44
- शादाब खान का दुबे बो तिलक 14
- मो नवाज का दुबे बो कुलदीप 04
- फहीम का रिंकू बो चक्रवर्ती 10
- शाहीन शाह अफरीदी नाबाद 23
- अबरार अहमद पगबाधा बो चक्रवर्ती 00
- उस्मान तारिक बो पंड्या 00

**गेंदबाजी :** पंड्या 3–1–16–2, बुमराह 2–0–17–2, अक्षर 4–0–29–2, चक्रवर्ती 3–0–17–2, कुलदीप 3–0–14–1, तिलक 2–0–11–1, रिंकू 1–0–9–0

# नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर आठ में पहुंचा वेस्टइंडीज

**मुंबई, एजेंसी**

अनुभवी ऑलराउंडर जैसन होल्डर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उत्कृष्ट खेल के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में नेपाल को 28 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन की शानदार पारी खेली जिससे उनकी टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 133 रन बनाने में सफल रही। ऐरी ने अपनी पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनके अलावा सोमपाल कामी ने 15 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में 15.2 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 44 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की अटूट साझेदारी की।



नेपाल के आसिफ शेख का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते विंडीज के जेसन होल्डर (बाएं)।

- **नेपाल की तरफ से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 47 गेंद पर 58 रन बनाए**

वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने छह अंक के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वह सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम है। इंग्लैंड चार अंक के साथ इस ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

## अमेरिका ने किया नामीबिया को परास्त

**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है।

लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 199 रन बनाये जो टी20 विश्व कप में उसका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप की 39 गेंद में 58 रन की पारी के बावजूद नामीबिया की टीम छह विकेट पर 168 रन ही बना सकी। अमेरिका शानदार लय में चल रही है।

# केएल राहुल व पडिक्कल के शतकों से कर्नाटक मजबूत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ विशाल स्कोर की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दो विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए।

टॉस जीतकर उत्तराखंड के कप्तान कुनाल चंदेला ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरुआती झटका कर्नाटक को 18 रन के स्कोर पर लगा, जब मयंक अग्रवाल पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तीसरे क्रम पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी केएल राहुल के साथ मिलकर पारी को संभाला। राहुल और पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 394 गेंदों पर रिकॉर्ड 278 रन की साझेदारी कर मैच को अपनी ओर किया।

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल**



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते लोकेश राहुल। अमृत विचार

दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और उत्तराखंड के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसना पड़ा। केएल राहुल ने 153 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह 141 रन बनाकर आदित्य रावत की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड आउट हुए। दूसरी ओर पडिक्कल 16 चौके और दो छक्कों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद लौटे। करुण नायर 37 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तराखंड की ओर से आदित्य रावत को दो विकेट मिले।

- **पहले दिन के खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन बना लिए**

### बंगाल ने पांच विकेट पर बनाए 249 रन

**कल्याणी।** दिन के दूसरे सेमीफाइनल में सुदीप कुमार घरामी (नाबाद 136) रनों की शतकीय, कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (49) और शाहबाज अहमद (42) जुझारू पारियों की बदौलत बंगाल ने आज जम्मू–कश्मीर के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय पांच विकेट पर 249 रन बना लिए है।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**महिला टी–20 मुकाबला**

**सिडनी, एजेंसी**

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया। अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई।

भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती अरुंधति रेड्डी। एजेंसी

भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2.2 ओवर में 22 रन बनाकर तेज शुरुआती की लेकिन बेथ मूनी (05) ने रेणुका की गेंद को हवा में लहराकर कवर्स में स्मृति मंधाना को कैच थमा दिया। दूसरी सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (10 गेंद में 18 रन) भी इसके बाद क्रांति गौड़ (39 रन पर एक विकेट) की बाहर की ओर जाती गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। एलिस पैरी (11 गेंद में 20 रन) और फोएबे लिचफील्ड (19 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की तेज साझेदारी करके पारी को संभाला।

## लोकेश ने इनडोर लॉन्ग जंप का रिकॉर्ड बनाया

**फेएटविले (अमेरिका)।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8.01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए।

ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7.97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। यह रिकॉर्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी पर निर्भर है। यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिंच ने 8.29मी की छलांग के साथ जीता। जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8.13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे।

**मंथन**

कप्तान ने कहा–उनकी टीम को शीर्ष टीमों से और अधिक मैच खेलने की जरूरत

# अफगानिस्तान के प्रदर्शन से राशिद निराश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

छोटे देशों को बड़ी टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने का मौका देने की वकालत करते हुए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने रविवार को यहां कहा कि उनकी टीम को किस्मत का साथ नहीं मिला जिससे वे टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने की कगार पर है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में पांच विकेट से हार झेलने के बाद अफगानिस्तान को पिछले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के हाथों दो सुपर ओवर के बाद दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। इस नतीजे के बाद टीम ग्रुप डी में चौथे स्थान पर है और बाहर होने के करीब पहुंच गई है। राशिद ने सोमवार को यहां यूएई के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत कुछ गलत हुआ। हमने अच्छा क्रिकेट खेला और थोड़े बदकिस्मत रहे। आपने पिछला मैच देखा, हम बहुत करीब थे, दूसरे सुपर ओवर तक पहुंचे। इससे पता चलता है कि हमने पूरी मेहनत की। उन्होंने कहा आपने कई मैच एकतरफा देखे होंगे। अगर एक टीम को बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता, तो ऐसा ही होता है। अगर हम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ज्यादा टी20 खेलते तो हमें बेहतर अंदाजा होता कि वे हमें कहां मात दे सकते हैं और हम कहां सुधार कर सकते हैं। अगर आप साल में सिर्फ एक बार, वह भी विश्व कप में उनसे खेलते हैं तो गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहती।" राशिद ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ नियमित द्विपक्षीय श्रृंखला न खेलने से विश्व कप मुकाबले अफगानिस्तान जैसी टीमों के लिए जरूरत से ज्यादा दबाव वाले हो जाते हैं।



उन्होंने कहा अगर आप चार दिन में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच खेलते हैं तो आपका विश्व कप चार दिन में खत्म हो सकता है, जैसा हमारे साथ हुआ। हमने चार दिन में दो मैच गंवाए और लगभग बाहर हो गए। यह अलग तरह का दबाव है। मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। छोटी सी गलती और आप प्रतियोगिता से बाहर।

### टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा

अफगानिस्तान का सामना अब सोमवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) से होगा। राशिद ने कहा कि टीम को प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, "विश्व कप मैच में आप हमेशा पूरी ताकत झोंकते हैं, क्योंकि विश्व कप जीतना बड़ी बात है। राशिद ने कहा हमने यूएई के खिलाफ काफी खेला है, वहां द्विपक्षीय श्रृंखला भी खेली है। हमारे खिलाड़ी आईएलटी 20 में भी खेले हैं। हम हालांकि यह नहीं सोच सकते कि हम आसानी से जीत जाएंगे क्योंकि हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सुपर ओवर खेले। टी20 में अगर दो बल्लेबाज या दो गेंदबाज अच्छा स्पेल डाल दें, तो मैच हाथ से निकल जाता है। वापसी का ज्यादा समय नहीं मिलता।